


रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, सोमवार 26 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 138 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## ब्रीफ खबरें

### कोलकाता रेप केस मामला आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता में कांड में रविवार को मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया. सीबीआई की टीम ने प्रेसिडेंसी जेल में झूठ पकड़ने वाली मशीन से उसका सामना करवाया. करीब चार घंटे तक चले इस टेस्ट के बाद सीबीआई की टीम जेल से बाहर निकल गई. वहीं दूसरी ओर दरिंदगी वाले अस्पताल में करप्शन को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई. सीबीआई टीम पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के घर भी तलाशी ली. आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में संदीप घोष की टीम के देवाशीष सोम और संजय वशिष्ठ के घर के भी छापे डाले गए. सीबीआई ने 15 ठिकानों को खंगाला. सीबीआई ने सुबह छह बजे ही संदीप घोष के घर पर दस्तक दे दी थी.

### शेख हसीना पर हत्या के चार और मामले दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ पीएम शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट सहयोगियों के खिलाफ हत्या के कम से कम चार और मामले दर्ज किए गए हैं. रविवार को मीडिया में आईं खबरों से यह जानकारी मिली है. सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की खबर के अनुसार, वर्ष 2010 में बीडीआर के एक अधिकारी अब्दुर रहीम की मौत के मामले में रविवार को हसीना, बीजीबी के पूर्व निदेशक जनरल अजीज अहमद व 11 अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया.

### बिहार की सभी सीटों पर लड़ेंगे चुनावः पीके

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बड़ा ऐलान कर दिया है. उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को पार्टी बन रही जनसुराज 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी. पीके के कहा कि 2025 में जनसुराज 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा और कम से कम 40 महिला उम्मीदवारों को नामांकित किया जाएगा. हमने यह भी कहा है कि 2030 में जन सुराज 70-80 महिलाओं को नेता बनाया जाएगा. ये बातें प्रशांत किशोर ने रविवार को पत्रकारों से से बातचीत में कही.

### नशे का अवैध कारोबार देश के लिए बड़ी चुनौती

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है. उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है.

### कर्नाटक में भाजपा का ऑपरेशन कमल!

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक में कांग्रेस के एक विधायक ने विपक्षी भाजपा पर सीएम सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए ऑपरेशन कमल चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि 100 करोड़ रुपए की पेशकश कर कांग्रेस विधायकों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है.

### नेकां-कांग्रेस के खिलाफ उम्मीदवार न उतारे पीडीपी

**गांदरबल (जम्मू कश्मीर)।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि पीडीपी ने उनकी पार्टी के घोषणापत्र की नकल की है और उन्होंने जम्मू कश्मीर की बेहतरी के लिए नेकां-कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ महबूबा मुफ्ती-नीत पार्टी से प्रत्याशी नहीं उतारने को कहा.

## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 30.7 | 25.3 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 24.4 |
| डालटनगंज | 32.8 | 24.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

1978 में कनहर बराज बहुउद्देश्यीय परियोजना की शुरुआत हुई थी

# 48 साल...टिप्पणी, फटकार कमेटी, समीक्षा व एक्सटेंशन

प्रवीण कुमार। रांची

कनहर बराज परियोजना को लेकर 23 अगस्त को हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की, क्योंकि इस बहुउद्देश्यीय परियोजना का काम पूरा क्यों नहीं हुआ है. कोर्ट की टिप्पणी के बाद यह सवाल फिर से उठा कि आखिर 48 साल में भी इस परियोजना का काम खत्म क्यों नहीं हुआ. हमने जब इस बारे में जानकारी जुटायी तो पता चला कि वर्ष 1978 में इस परियोजना की आधारशिला रखी गई थी. इन 48 सालों में कोर्ट की टिप्पणी, फटकार, कमेटी की रिपोर्ट, अफसरों की समीक्षा और एक्सटेंशन तो बार-बार हुआ, पर काम पूरा नहीं हुआ. मुख्य सचिव से लेकर जल संसाधन विभाग के सचिव तक को कोर्ट में हाजिर होना पड़ा, पर काम नहीं पूरा हुआ.

**86 माह का एक्सटेंशन चाहिए :** कनहर बराज परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार के अफसर और 86 माह का समय मांग रहे हैं. यानी आठ साल का एक्सटेंशन. क्योंकि अभी तक जमीन अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस, इंवायरमेंटल क्लियरेंस आदि काम पूरे नहीं हुए हैं. अधिकारियों ने अदालत से यही कहा है. जबकि स्थिति यह है कि समय पर काम पूरा नहीं होने की वजह से केंद्र सरकार ने राशि देना बंद कर दिया है. चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि आखिर निर्माण कार्य शुरू होने में विलंब क्यों हो रहा है. क्या फॉलोअप एक्शन शुरू किया गया है.

राज्य सरकार को अभी भी आठ वर्ष का समय क्यों चाहिए. खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि कनहर परियोजना में विलंब पर राज्य सरकार को जनता के समक्ष जवाब देना होगा. पलामू व गढ़वा की जनता पानी की समस्या से दशकों से जूझ रही है. वर्षों से वहां अकाल जैसी स्थिति रहती है. कनहर बराज परियोजना की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ पाया है.

**शुभम संदेश पड़ताल**



वर्ष 2009 में इसे पूरा करने को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गई

### 2009 से चल रही सुनवाई

इस परियोजना के काम को पूरा करने के लिए वर्ष 2009 में पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती ने जनहित याचिका दाखिल किया गया था. यानी इस याचिका के दाखिल हुए भी 17 साल हो गए. इस दौरान अदालत ने मुख्य सचिव से लेकर जल संसाधन विभाग के सचिव से लेकर मुख्य सचिव तक को सशरीर उपस्थित कराया. वर्ष 2011 में हाईकोर्ट के सेवानिवृत जज की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई. कमेटी की रिपोर्ट भी सरकार को मिल गई, पर काम पूरा नहीं हुआ.

### कहां है कनहर बराज परियोजना

कनहर बराज परियोजना पलामू जिला में पड़ता है. छत्तीसगढ़ से झारखंड में प्रवेश करनेवाली कनहर नदी पर बैराज बनने से इसका सबसे अधिक लाभ गढ़वा जिले के किसानों को होगा. जल संसाधन मंत्री मिथलेश ठाकुर इसी जिले से चुनाव जीते हैं. गढ़वा के भवनाथपुर, विशुनपुर, चिनिया, डंडई, धुरकी, गढ़वा, कांडी, केतार, मझिआंव, मेराल, नगर उंटारी, रमना, रंका और पलामू के चैनपुर प्रखंड के खेतों को बैराज के पानी से सिंचित करने की योजना है. कनहर बराज परियोजना के लिए पलामू और गढ़वा जिले में कुल 1019 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रण किया जाना है, इसमें जंगल-झाड़ से जुड़ी जमीन को फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए 2020 में मुख्य सचिव डीके तिवारी आदेश दिया था कि 30 अप्रैल 2020 तक पेड़ों को चिन्हित कर लिया जाये. यह काम भी पूरा नहीं हो सका.

### बंद क्यों नहीं देते परियोजना का काम

21 दिसंबर 2019 को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश एसएन प्रसाद ने मामले की सुनवाई करते हुए परियोजना में किसी प्रकार की प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी. अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जब काम नहीं करना है तो इस प्रोजेक्ट को बंद कर दीजिये. प्रोजेक्ट के नाम पर सिर्फ बैठक हो रही है. सुनवाई के दिन तत्कालीन मुख्य सचिव को अदालत ने तलब किया था. मुख्य सचिव से पूछा था कि बताएं कि समयबद्ध तरीके से क्या-क्या किया जाएगा. इसकी विस्तृत जानकारी अदालत को दें. अदालत ने इसके लिए बनी उच्च स्तरीय कमेटी के प्रतिनिधि को भी अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया था .

### समीक्षा हुई, नतीजा शून्य

14 जनवरी 2020 को मुख्य सचिव ने परियोजना की समीक्षा की थी. बैठक छत्तीसगढ़ और झारखंड के जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को आपस में मिलकर दोनों राज्यों की सीमा पर स्थित जमीन की मालिकाना स्थिति 28 फरवरी 2020 तक स्पष्ट कर संयुक्त रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था. छत्तीसगढ़ के अफसरों का कहना था कि यह जमीन 79.55 हेक्टेयर है. सीमा रेखा पर स्थित इस जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं होने की वजह से अब भी काम में दिक्कतें हैं.

**10 जुलाई 2024 को भी कोर्ट हुआ नाराज :** इसी साल 10 जुलाई को मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कनहर बराज मामले में मुख्य सचिव सहित कई अधिकारी तलब किए गए थे. कोर्ट ने पूछा था कि अब तक काम क्यों पूरा नहीं हुआ. चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ ने निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए राज्य के मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव, वन सचिव और वित्त सचिव को हाजिर होने के लिए कहा था. अदालत ने अधिकारियों से पूछा था कि जब सरकार ने वर्ष 2020 में कहा था कि पांच साल में इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जायेगा, तो काम हुआ क्यों नहीं.

# राहुल की जातीय जनगणना का चिराग ने खुलकर किया समर्थन

- चिराग पासवान फिर चुने गए लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिखाया एनडीए से अलग रुख

ब्यूरो प्रमुख। रांची

केंद्र सरकार में मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एक बार फिर एनडीए की विचारधारा से अलग राय रखते नजर आ रहे हैं. चिराग पासवान ने रविवार को एक बार फिर जातिगत जनगणना पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि देश में जाति जनगणना हो. ऐसा कह कर चिराग पासवान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव की उस मांग के समर्थन में खड़े हो गए हैं, जिसका झंडा दोनों नेताओं ने बीते लोकसभा चुनाव से उठा रखा है.

बता दें कि इससे पहले भी चिराग पासवान जातिगत जनगणना को लेकर अपनी ऐसी ही राय रख चुके हैं, बल्कि बीते दिनों उन्होंने लेटरल एंट्री वाले मामले पर मुखर विरोध जताया था. मौका था रांची में रांची में रविवार को लोजपा (आर) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का. इस बैठक में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को एक बार फिर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है.अध्यक्ष चुने जाने के बाद, चिराग पासवान ने कहा, रविवार को रांची में हमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें देश भर से हमारी कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए. इस कार्यकारिणी बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करना था. मुझे फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है.



रविवार को रांची में चिराग पासवान मीडिया से बात करते हुए.

### जातिगत जनगणना पर कही यह बात

जाति जनगणना के मुद्दे पर अपनी राय स्पष्ट करते हुए चिराग पासवान ने कहा, मेरी पार्टी ने हमेशा जाति जनगणना के समर्थन में अपनी स्थिति स्पष्ट रखी है. हम चाहते हैं कि जाति जनगणना हो. इसका कारण यह है कि कई बार राज्य सरकार और केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं बनाती हैं, जो जाति को ध्यान में रख कर तैयार की जाती हैं. ये योजनाएं मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बनाई जाती हैं. ऐसे में सरकार के पास उस जाति की जनसंख्या की जानकारी होनी चाहिए. कम से कम यह जानकारी होनी चाहिए ताकि उस जाति को मुख्यधारा से जोड़ने या संबंधित योजना के तहत धन का वितरण उचित मात्रा में किया जा सके. इस संबंध में ये आंकड़े कम से कम सरकार के पास होने चाहिए.

### भाजपा की बढ़ाएंगे टेंशन

झारखंड में विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोजपा की इस बैठक को काफी अहम बताया है. चिराग ने कहा चुनाव को देखते हुए पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी को यह तय करना है कि वह एनडीए गठबधन के तहत चुनाव लड़ती है या अकेले चुनाव लडेंगे. हमारा गठबंधन राष्टीय स्तर पर एनडीए के साथ है. आने वाले चुनाव के बाद राज्य में एनडीए की सरकार बननी तय है. विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी सांसद झारखंड में भी अपनी भूमिका अदा करेगी. पार्टी झारखंड विस चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करेगी. प्रेस कांफ्रेस में झारखंड प्रदेश लोजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रधान, खगडिया, बैशाली, समस्तीपुर और जमुई के सांसद मौजूद थे. चिराग के रुख को देखते हुए साफ हो गया है कि वह झारखंड विस चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर भाजपा की टेंशन बढ़ाएंगे.

## कोई ताकत जाति गणना नहीं रोक सकतीः राहुल



**नयी दिल्ली।** जाति जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फिर मोदी सरकार को घेरा है. एक्स पर इंडिया टुडे के सर्वे को शेयर करते हुए राहुल ने कहा, मोदी जी, अगर आप जाति जनगणना को रोकने के बारे में सोच रहे हैं, तो आप सपना देख रहे हैं. कोई शक्ति अब इसे रोक नहीं सकती! हिंदुस्तान का आर्डर आ चुका है- जल्द ही 90% भारतीय जाति जनगणना का समर्थन और मांग करेंगे.

आर्डर अभी लागू कीजिए, या आप अगले पीएम को ये करते देखेंगे. दरअसल, इंडिया टुडे की ओर से किए गए सर्वे में सामने आया था कि देश के 74% लोग जातिगत जनगणना के समर्थन में हैं. बता दें कि लोस चुनाव में भी राहुल गांधी समेत कई विपक्षी दलों ने जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार को सलाह दी थी कि जनगणना में अतिरिक्त कॉलम जोड़ कर भी ओबीसी का डेटा इकट्ठा कर सकती है. राहुल ने कहा,मैंने पूर्व मिस इंडिया की सूची देखी, लेकिन उसमें कोई दलित, आदिवासी-ओबीसी नहीं मिला. कुछ लोग क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में बात करेंगे. कोई भी मोची या प्लंबर को नहीं दिखाएगा.

लखपति दीदी रैली में पीएम मोदी ने नहीं लिया नाम, पर ममता को किया आगाह

# महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप दोषी और उसके मददगार बचने नहीं चाहिए

एजेंसियां। जलगांव

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कोलकाता रेप-मर्डर पर बिना नाम लिए महिलाओं के साथ अपराध करने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी दी. उन्होंने ये भी साफ कर दिया कि अपराधियों की मदद करने वाले लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा.

पीएम ने ममता बनर्जी की सरकार को इशारों-इशारों में कहा कि सबका हिसाब किया जाएगा और ऊपर से नीचे तक ये मैसेज बिल्कुल साफ जाना चाहिए.कोलकाता रेप कांड को लेकर ममता सरकार पर सवाल उठ रहा है. पश्चिम बंगाल पुलिस का सिस्टम भी सवालों के घेरे में है. यही वजह है कि पीएम मोदी ने महाराष्ट्र से ही बंगाल के अधिकारियों और वहां की सरकार को चेतावनी दी है. पीएम मोदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध ऐसे हैं, जिसके लिए कोई माफी नहीं दी जा सकती है. अस्पताल से लेकर स्कूल तक जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है, वहां ऐसा करने वालों का हिसाब किया जाएगा.

-शेष पेज 7 पर



जलगांव में लखपति दीदियों के साथ बातचीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.

हिजबुल्लाह का इजरायल पर जबरदस्त हमला, दागे 320 ड्रोन

# होने लगी जंग की आहट

एजेंसियां। तेल अवीव

ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह से बढ़ते खतरे को देखते हुए इजरायली सेना ने रविवार को लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए. इन हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह ने भी इजरायल पर ड्रोन से एक साथ 320 हमले किए और उनके 11 मिलिट्री ठिकानों को टारगेट किया.

हमले की जिम्मेदारी लेते हुए हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने अपने सैन्य कमांडर फुआद शुक्र की हत्या के जवाब में हमला किया है. हिजबुल्लाह ने तमाम हमले उत्तरी इजरायल में किए गए हैं. हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ बदले की कार्रवाई का भी ऐलान किया है. जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने भी लेबनान में 100 से ज्यादा ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है. साथ ही देश में 48 घंटे की इमरजेंसी घोषित कर दी है. तेल अवीव में प्रधानमंत्री नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलंट हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं.

**अमेरिका बोला- इजरायल को आत्मरक्षा का अधिकार :** समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने ने कहा कि उसने विशेष सैन्य लक्ष्य के साथ-साथ इजरायल के आयरन डोम प्लेटफॉर्म और अन्य साइटों पर हमला किया, लेकिन पूरी तरह से जवाबी कार्रवाई में कुछ समय लगेगा. इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने आईडीएफ द्वारा पूर्वव्यापी हमले शुरू करने के बाद अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन से बात की. गैलेंट के हवाले से टाइम्स ऑफ इज़रायल ने कहा, हमने इज़रायल के लोगों के खिलाफ आसन्न खतरे को विफल करने के लिए लेबनान में सटीक हमले किए हैं. इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव बढ़ने के बीच व्हाइट हाउस के प्रवक्ता सीन सैवेट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इजरायल और लेबनान में होने वाली घटनाओं पर बारीकी से नज़र रखे हुए हैं.

-पेज 12 भी देखें



### हमें नुकसान पहुंचाया तो नहीं रहेंगे चुपः नेतन्याहू

सुरक्षा कैबिनेट बैठक की शुरुआत में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, रविवार सुबह हमें इजरायल पर हमला करने के लिए हिजबुल्लाह के प्लान की जानकारी मिली. रक्षा मंत्री और आईडीएफ चीफ-ऑफ-स्टाफ के साथ सहमति के बाद हमने आईडीएफ को खतरे को खत्म करने के लिए कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया. तब से, आईडीएफ खतरों को विफल करने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रहा है. आईडीएफ ने उत्तरी इजरायल की तरफ दागे गए हजारों रॉकेटों को नष्ट कर दिया है. इजरायल के नागरिकों, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप आईडीएफ होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करें. जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा - हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे.

**नई स्टडी** तेलंगाना में सबसे ज्यादा और उत्तर प्रदेश में सबसे कम लोग छलकाते हैं जाम

# झारखंड भी टॉप 10 में शामिल, शौकीन यहां के लोग भी

लगातार न्यूज नेटवर्क

देशभर में शराब का सेवन बड़े पैमाने पर किया जाता है. बिहार, गुजरात जैसे कुछ राज्यों में शराबबंदी भी की गई है. इसके बाद भी इन राज्यों में लोग अवैध सप्लाई के जरिए पहुंची शराब का सेवन कर रहे हैं.

हालांकि, यहां सबसे बड़ा सवाल ये है कि किन राज्यों में सबसे ज्यादा शराब का सेवन किया जा रहा है. क्या वो उत्तरी राज्य हैं या फिर दक्षिणी राज्य, जहां लोग शराब खरीदने पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं. एक नई स्टडी में इसका खुलासा हो गया है. आइए एक लिस्ट के जरिए शराब पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च किस राज्य में किया जा रहा है.

### किन राज्यों में शराब पर सबसे ज्यादा खर्च हो रहा

सीएमआईई के डाटा के आधार पर 2022-23 के लिए मौजूदा कीमतों पर सबसे ज्यादा शराब पर खर्च करने वाले राज्यों में पहले स्थान पर तेलंगाना है. इसके बाद आंध्र प्रदेश (1306 रुपए), छत्तीसगढ़ (1227 रुपए), पंजाब (1245 रुपए) और ओडिशा (1156 रुपए) का नंबर आता है. तमिलनाडु (841), हरियाणा (812 रुपए), झारखंड (624), गोवा (445) और केरल (379) भी शराब पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च करने वाले राज्यों में टॉप 10 में शामिल हैं.



### किन राज्यों में सबसे कम शराब पर होता है खर्च

सीएमआईई के डाटा के मुताबिक, शराब पर सबसे कम पैसा खर्च करने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश (49 रुपए) पहले स्थान पर है. फिर राजस्थान (140 रुपए), त्रिपुरा (148 रुपए), मध्य प्रदेश (197 रुपए) और असम (198 रुपए) के साथ टॉप पांच राज्यों में शामिल हैं.

वित्त मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने एक स्टडी की है. इसमें बताया गया है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना वो दो राज्य हैं, जहां देश के किसी भी राज्य की तुलना में लोग शराब पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च करते हैं. एनएसएसओ के डाटा के मुताबिक, 2011-12 में भी आंध्र प्रदेश 620 रुपए के साथ शराब पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले राज्यों में पहले स्थान पर था.

**तेलंगाना में सबसे ज्यादा शराब पर खर्च? :** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के उपभोक्ता पिरामिड घरेलू सर्वे (एचपीएचएस) से संकेत मिलता है कि तेलंगाना में सबसे ज्यादा शराब पर खर्चा किया जा रहा है.

इसके डाटा के मुताबिक, तेलंगाना में एक परिवार शराब खरीदने पर 1623 रुपए (2022-23 के लिए मौजूदा कीमतें) खर्च करता है. वहीं, अगर सबसे कम शराब पर खर्च करने वाले राज्य की बात करें तो वह उत्तर प्रदेश है, जहां एनएसएसओ और सीएमआईई के डाटा के मुताबिक क्रमशः 75 रुपए और 49 रुपए खर्च किए जाते हैं.

नई पेंशन स्कीम को लेकर कांग्रेस का हमला

# यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न

एजेंसी। नयी दिल्ली

बीते शनिवार को केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी. विपक्षी दल कांग्रेस ने रविवार को इस स्कीम को लेकर मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि इस स्कीम में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू टर्न है! 4 जून के बाद, लोगों की शक्ति प्रधानमंत्री के सत्ता के अहंकार पर हावी हो गई है. लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन/इंडेक्सेशन के संबंध में बजट में रोलबैक. वक्फ बिल को जेपीसी को भेजना. ब्रॉडकास्ट बिल को वापस लेना. लेटरल एंट्री को वापस लेना. उन्होंने आगे कहा, हम जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे और 140 करोड़ भारतीयों को इस निरंकुश सरकार से बचाएंगे.

बता दें कि नई पेंशन योजना न्यूनतम 10 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 रुपये प्रति माह की न्यूनतम पेंशन की गारंटी भी देती है. यूपीएस से 23 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा और अगर राज्य सरकारें भी यूपीएस को लागू करती हैं तो इस योजना से लाभ पाने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 90 लाख हो जाएगी.

### रांची में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा चुनाव पर किया गया मंथन

# पहले नामांकन, फिर सर्वे, उसके बाद प्रत्याशी बनाने का होगा फैसला

- राहुल गांधी के झारखंड दौरे पर चर्चा, संयुक्त घोषणा पत्र पर विधायकों से मांगे गए सुझाव
- निजी कारणों से मंत्री दीपिका, विधायक पूर्णिमा और अंबा बैठक में नहीं हुईं शामिल

प्रमुख संवाददाता। रांची


विधायक दल की बैठक में शामिल कांग्रेस पार्टी के नेतागण.

कांग्रेस में इस विधानसभा चुनाव के लिए टिकट बांटने की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है. पहले जैसा कुछ नहीं हो पायेगा. किसी को भी प्रत्याशी बनाने से पहले एक निश्चित प्रक्रिया से गुजरना होगा. इसके तहत पहले पार्टी के भीतर नामांकन करना होगा.

नामांकन के जरिए जो नाम आएंगे, उन नामों पर क्षेत्र में सर्वे कराया जायेगा. सर्वे में जिनका नाम सबसे बेहतर आयेगा, उसे ही पार्टी प्रत्याशी बनाया जायेगा. रांची के सर्किट हाउस में रविवार को हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह जानकारी दी गई. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर कर रहे थे. बैठक में विधानसभा चुनाव पर मंथन किया गया. चुनावी तैयारियों पर फीडबैक भी लिया गया और संयुक्त घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे गये. साथ ही नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का स्वागत व परिचय कराया गया.

**18 सीटिंग सीटों पर जीत पक्की करने पर मंथन:** कांग्रेस ने वर्तमान 18 सीटिंग सीट (बाद में आये प्रदीप यादव और जेपी पटेल) की जीत सुनिश्चित करने पर भी मंथन किया गया. प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की होनी चाहिए. इसके अलावा बैठक में राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर भी चर्चा की गयी. इसके लिए विधायकों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया. बैठक में निजी कारणों से मंत्री दीपिका पांडेय, विधायक अंबा प्रसाद व पूर्णिमा नीरज सिंह बैठक में शामिल नहीं हो सकीं.

**विधायक दल की बैठक में ये रहे मौजूद:** कांग्रेस विधायक दल की बैठक में डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, अनुप सिंह, बादल पत्रलेख, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी, उमाशंकर अकेला, भूषण बाड़ा, सोना राम सिंकू, प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की और रामचंद्र सिंह मौजूद रहे.

### सीएम हेमंत से मिले कांग्रेस प्रदेश प्रभारी मीर, राजनीतिक हालत पर की चर्चा



**रांची।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान झारखंड कांग्रेस के नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव भी मौजूद रहे. हेमंत सोरेन से बातचीत के दौरान जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों, राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन और झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की गयी. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणव झा, झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे.

## एफआईआर के लिए एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन जी का आभार: बाबूलाल मरांडी

प्रमुख संवाददाता। रांची

- जितने केस मुकदमे दर्ज करने हैं, कर दीजिए, विनाश काले विपरीत बुद्धि

23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर हुए एअफआइआर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है. ट्वीट कर कहा है कि सूचना मिली है कि मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली की सफलता से तिलमिला कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझ पर और बीजेपी के नेताओं कार्यकर्ताओं सहित हजारों युवा साथियों के ऊपर मुकदमा दर्ज़ कराया है. इस एफ़आइआर के लिए सोरेन राज घराने के एक्सीडेंटल राजकुमार हेमंत सोरेन जी एवं उनकी 2020 खतियानधारी दलाल-बिचौलिया मित्र मंडली का आभार.

**ये केस-मुकदमे हमारे लिए पारितोषिक के समान :** बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जी ये केस-मुकदमे हमारे लिए पारितोषिक के समान हैं. जितना जोर लगाना है, लगा दीजिए. जितने केस मुकदमे दर्ज करने हैं, कर दीजिए. भारतीय जनता पार्टी युवाओं की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक और आंदोलन की रणभूमि से लेकर कोर्ट कचहरी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी. वैसे राजनैतिक विरोधियों पर मुक़दमा दर्ज करने का दुरूपयोग करवाने में आप तो विश्व रिकॉर्ड क़ायम कर चुके हैं. काहे नहीं झारखंड के साढ़े तीन करोड़ लोगों पर एके साथ मुक़दमा दर्ज करवा देते हैं? इस कदम से आप अपने कलेजे में जल रही राजनीतिक बदला एवं प्रतिशोध की आग को ठंडा कर लेते. क्या पता, ये मौका आपको दोबारा कभी ना मिले.

## ब्रीफ खबरें

### 12 आयुधिक आरक्षी को मिली प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड पुलिस के 12 आयुधिक आरक्षी (आर्म्ड कांस्टेबल) को आयुधिक हवलदार (ऑर्डिनेंस कांस्टेबल) में प्रोन्नति दी है. बीते 1 अगस्त को केंद्रीय चयन परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद आयुधिक हवलदार के पद पर प्रोन्नत इन 12 पुलिसकर्मियों को अपने वर्तमान पदस्थापन के स्थान से दूसरे जगह पर ट्रांसफर भी किया गया है. इन **12 पुलिसकर्मियों को मिली प्रोन्नति :** ईश्वर राम, सरोज राम, दिलीप कुमार, राधा कांत प्यारे लाल, परमा राम, लालसिंह मुंडा, रमाशंकर रजक, विवेक कुमार चौधरी, मनोज कुमार, विजय रजवार, अर्जुन राम, विनोद दास.

### पांच तक सरकारी कर्मी दे सकेंगे संपत्ति का ब्यौरा

**रांची।** झारखंड सरकार के कर्मी अब पांच सितंबर तक सरकार को अपनी संपत्ति का ब्यौरा सौंप सकते हैं. सरकार ने संपत्ति का ब्यौरा देने की अवधि बढ़ा दी है. इससे पहले कर्मियों को संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया था. कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया है. जारी आदेश में कहा गया है कि पांच सितंबर तक संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए अंतिम मौका दिया गया है. एचआरएमएस पोर्टल के जरिये ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं.

### गड़बड़ियां रोकने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने तैयार की गाइडलाइन

# तय होगी जिम्मेदारी वसूला जाएगा जुर्माना




प्रवीण कुमार। रांची

मनरेगा योजना में गड़बड़ियों को रोकने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने गाइड लाइन तैयार की है. साथ ही तय गाइड लाइन के हिसाब से जिलों से रिपोर्ट मांगी है. ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह ने सभी जिला के उपायुक्तों को पत्र लिख कर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है. गाइडलाइन के अनुसार जॉब कार्ड, काम की मांग का पंजीयन नहीं होना, योजना के चयन और क्रियान्वयन में गड़बड़ी करना, काम के स्थान पर सुविधा न होना, मजदूरी और सामग्री खरीद में किए जाने वाले गड़बड़ी, काम के स्थान पर दुर्घटना के बाद मजदूरों को मुआवजा देने में देरी, शिकायत निपटारे में देरी जैसे मामले के जिम्मेवारों पर जुर्माने की राशि तय की गई है.

**जॉब कार्ड के लिए पैसे मांगने पर बीडीओ पर भी होगी कार्रवाई :** जॉब कार्ड को लेकर अक्सर यह शिकायत मिलती है कि इसे जारी करने के लिए पैसे की मांग की जाती है. अगर इस तरह के आरोप सत्य पाये जाएंगे तो रोजगार सेवक से लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) तक पर कार्रवाई होगी. जॉब कार्ड को लेकर होने वाली अनियमितता को लेकर रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, तकनीकी सहायक, बीपीओ वीडियो, कंप्यूटर ऑपरेटर को दोषी माना जायेगा. किसी मजदूर से जॉब कार्ड के लिए पैसा मांगने, फोटो के लिए पेसा मांगने, मजदूर का जॉब कार्ड काम करने वाले एजेंसी के पास होने पर पदाधिकारी, कर्मचारियों पर प्रति जॉब कार्ड 500 रुपया जुर्माने की राशि वसूलने का निर्देश दिया गया है. वहीं मृत मजदूर के नाम पर सरकारी राशि निकाले जाने पर दोषी व्यक्ति कर्मियों, पदाधिकारी से प्रति जॉब कार्ड कार्ड 1000 जुर्माना और निकासी की गयी पूरी राशि वसूल करने को कहा गया है. इसके लिए रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, बीपीओ और प्रखंड विकास पदाधिकारी को दोषी माना गया है.

### गड़बड़ी करने पर आर्थिक जुर्माना

गाइडलाइन के मुताबिक किसी योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी करने के मामले में रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और मुखिया से जुर्माना वसूला जाएगा. योजना की स्वीकृति के लिए लाभुकों से रिश्वत लेने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ प्रति योजना 1000 रुपए वसूला जाएगा. आयोग्य लाभुकों के नाम योजना की स्वीकृति के लिए पंचायत सेवक दोषी माने जाएंगे.

बिना काम किये राशि की निकासी करने के मामले में रोजगार सेवक से योजना राशि का 10%, पंचायत सचिव और मुखिया से योजना राशि का 20%, तकनीकी सहायक से 20% प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से 20% और बीडीओ से 20% की वसूली की जाएगी.

दूसरे व्यक्ति की जमीन पर योजना के क्रियान्वयन के मामलों में रोजगार सेवक से योजना राशि का 20% पंचायत सचिव और मुखिया से 20-20 % तकनीकी सहायक से 30% और मेट से 10% वसूला जाएगा.

बिना मापी के योजना राशि का भुगतान करने पर मुखिया और पंचायत सचिव से योजना राशि की वसूली की जाएगी.

योजना पूरा हुए बिना काम बंद कर दिए जाने के मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर से जुर्माना वसूला जाएगा.

### अलकायदा मॉड्यूल मामला

## संदिग्ध आतंकी के पास से बरामद डिजिटल एविडेंस की हो रही है फॉरेंसिक जांच

सौरभ सिंह। रांची



आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने के संदेह में झारखंड से आठ लोगों को हिरासत में लिया गया था. इनमें से पांच संदिग्धों की विधिवत गिरफ्तारी हो गयी है. एटीएस ने सभी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया है. वहीं गिरफ्तार अलकायदा संदिग्धों के पास से बरामद डिजिटल एविडेंस की फॉरेंसिक जांच की जा रही है. इससे कई चीजें सामने आ सकती है. वहीं इधर डॉ इश्तियाक का किससे कनेक्शन है, इसकी जांच भी की जा रही है.

**आतंकियों का ट्रेनिंग सेंटर खोलना चाहता था डॉक्टर :** जानकारी के अनुसार, बरियातू से गिरफ्तार आतंकी गिरोह का मास्टर माइंड डॉ इश्तियाक रांची के चान्हो के जंगल में आतंकियों का प्रशिक्षण केंद्र खोलने वाला था. इसके लिए उसने जमीन भी देख ली थी, जिसमें एक मदरसा संचालक मुफ्ती उसकी मदद कर रहा था. इस प्रशिक्षण केंद्र में आतंकियों को हथियार का प्रशिक्षण दिलाया जाना था. इसके लिए वह हथियार भी जुटाने लगा था. डॉ इश्तियाक मुस्लिम युवाओं को बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर अपने जाल में फांसता था. उसने दो दर्जन से अधिक युवाओं को राजस्थान के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र में हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिलवाया था.

**इन पांच लोगों को गिरफ्तार कर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंपा**

**डॉ इश्तियाक अहमद** : पिता गुलाम मुस्तफा, बरियातू, रांची.
**फैजान अहमद** : पिता अब्दुल रसीद, लोहसिंघना, हजारीबाग.
**मतिउर रहमान** : पिता इब्राहिम अंसारी, पिपराटोली, चान्हो, रांची.
**रिजवान बाबर** : पिता मोहम्मद मोमन, बलसोकरा, चान्हो, रांची.
**मुफ्ती रहमतुल्ला** : पिता मोहम्मद खलील, चटवल, चान्हो

## पुलिस ने 30 दिनों में 1723 केस में की फाइनल रिपोर्ट समर्पित




संवाददाता। रांची

झारखंड पुलिस ने पिछले 30 दिनों में 1723 केस में फाइनल रिपोर्ट समर्पित किया है. झारखंड पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के अलग-अलग जिलों की पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट समर्पित किया है. जिनमें सबसे अधिक, जमशेदपुर, रांची, धनबाद और बोकारो जिले की पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट समर्पित किया है. रांची में 314 केस में फाइनल रिपोर्ट सबमिट किया गया है. वहीं धनबाद में 207 और जमशेदपुर में 152 केस की फाइनल रिपोर्ट सबमिट की गयी है.

**क्या होती है फाइनल रिपोर्ट**

केस के अनुसंधानकर्ता के द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को अंतिम रिपोर्ट कहा जाता है. जांच में कई चरण होते हैं, जो अंततः पुलिस द्वारा कवर की गई और जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री या साक्ष्य को कोर्ट में पेश किया जाता है. धारा 169 के तहत क्लोजर रिपोर्ट या धारा 170 के तहत चार्जशीट जमा करनी होती है.

**30 दिनों में 1723 केस में फाइनल रिपोर्ट किया गया समर्पित**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | : | 314 | चतरा | : | 36 |
| खूंटी | : | 10 | गिरिडीह | : | 40 |
| गुमला | : | 45 | धनबाद | : | 207 |
| सिमडेगा | : | 07 | बोकारो | : | 147 |
| लोहरदगा | : | 14 | दुमका | : | 32 |
| चाईबासा | : | 21 | गोड्डा | : | 41 |
| सराइकेला | : | 52 | जामताड़ा | : | 31 |
| जमशेदपुर | : | 152 | देवघर | : | 89 |
| पलामू | : | 178 | साहिबगंज | : | 28 |
| लातेहार | : | 21 | पाकुड | : | 27 |
| गढ़वा | : | 82 | रेल धनबाद | : | 41 |
| हजारीबाग | : | 170 | रेल जमशेदपुर | : | 15 |
| रामगढ़ | : | 15 | कुल | : | 1723 |
| कोडरमा | : | 35 | | | |

### पारंपरिक तरीके से स्वागत


रविवार को रांची जिले के हुआंगहातू गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आदिवासी कलाकारों द्वारा स्वागत किए जाने पर ढोल बजाते असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा.

### सामूहिक अवकाश में जाने की दी चेतावनी

## सचिवालय सेवा संघ ने कार्मिक सचिव के नकारात्मक रवैये पर जताई नाराजगी

संवाददाता। रांची

झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की हुई बैठक में संघ की लंबित मांगों पर कार्मिक सचिव के अड़ियल व नकारात्मक रवैये को लेकर गहरी नाराज़गी व्यक्त की गई. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद उपसचिव और संयुक्त सचिव के पदों के सृजन संबंधी मामलों को कार्मिक सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से लटकाया जा रहा है. राज्यकर्मियों के प्रोन्नति के लिए कालावधि में एकरूपता के लिए सरकार के संकल्प संख्या 3286 का लाभ सचिवालय सेवा के सदस्यों को अभी तक प्रदान नहीं किया गया है. इसके अलावा सचिवालय सेवा के सदस्यों की प्रोन्नति के मामलों को भी विगत दस माह से कार्मिक सचिव द्वारा लटकाया गया है, जिससे सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों में गहरा रोष व्याप्त है.

**सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी**

संघ ने यह भी निर्णय लिया कि यदि उनकी मांगों पर दिनांक नौ सितंबर तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया तो संघ के सभी सदस्य 10 सितंबर से तीन दिन तक सामूहिक अवकाश पर जाने के लिए बाध्य होंगे. झारखंड सचिवालय सेवा संघ सरकार से अपील करता है कि वे जल्द से जल्द इस मामले पर उचित कदम उठाएं ताकि सचिवालयकर्मियों के हितों की रक्षा हो सके और प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान न आए. बैठक में अध्यक्ष के अतिरिक्त महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय कुमार बरनवाल,रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इरशाद आलम,धर्मवीर कुमार, निधि टोपनो, दीप्ति हेरेंज, संध्या खलखो, उमाशंकर मुंडा,मनोज कुमार, रजनीश शुक्ला, हेमनारायण सिंह, अवध किशोर भगत आदि मौजूद थे.

### एचईसी के मजदूर अब हाईकोर्ट का करेंगे रुख



**रांची।** हटिया कामगार यूनियन (एटक) के सदस्यों ने रविवार को केपी साहू की अध्यक्षता में बैठक की. यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि, एचईसी के स्थायी कामगारों का ठेका मजदूरों का अधिकारियों का बकाया वेतन भुगतान करने तथा सेवानिवृत कर्मचारियों का ग्रैच्यूटी, लीव सैलेरी ,आरटीए तथा पीएफ का भुगतान करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट का रुख करेंगे. जनहित याचिका दायर करने के लिए यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह को अधिकृत किया गया है. बैठक में एम पी रामचन्द्रन ,आर के शाही, कमलेश भारतीय, रंजीत, हेमन्त समेत अन्य लोग मौजूद थे.

क्लासिफाइड










### विचार मंथन

### भारत आदिवासी पार्टी का आदिवासी महासमागम का आयोजन, 21 प्रस्ताव पास किए गए

# भारत आदिवासी पार्टी मजबूती के साथ विस चुनाव लड़ेगी : प्रेमशाही

संवाददाता। रांची


आदिवासी महासमागम में विचार रखते पार्टी के पदाधिकारीगण.

भारत आदिवासी पार्टी के तत्वावधान में तमाड़ स्थित अमलेसा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी महासमागम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा, जयपाल सिंह मुंडा, बाबा भीमराव अंबेडकर और बाबा कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि कर नमन किया. इस दौरान झारखंड के विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोग अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारत आदिवासी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. आदिवासी महासमागम में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी के उपाध्यक्ष अजय कच्छप, कुंदरसी मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे. मौके पर प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि यह आदिवासी महासमागम आदिवास-मूलवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा. कांग्रेस, भाजपा, झामुमो आदि पार्टियों ने आदिवासियों के नाम पर सिर्फ राजनीति ही की है. स्थानीय नीति, धर्मकोड, पेसा कानून, पांचवीं अनुसूची, समता जजमेंट, ट्राइबल सब प्लान जैसे मुद्दों का अब भी समाधान नहीं हो पाया है. वर्तमान झामुमो की सरकार में आदिवासियों की जमीन की लूट और बढ़ी है. झारखंड को लूट का अड्डा बना दिया गया है. इस आदिवासी महासमागम में सामाजिक व राजनीतिक के 21 प्रस्ताव पास किए गए. भारत आदिवासी पार्टी झारखंड के सभी विधानसभा सीट पर मजबूती के साथ लड़ेगी. मौके पर भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा की आदिवासी के संवैधानिक अधिकार, जल- जंगल और जमीन की सुरक्षा पर भारत आदिवासी पार्टी काम करेगी. इस मौके पर भारत आदिवासी पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष कुंद्रेशी मुंडा ने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड में सभी पार्टियों नें कुछ नहीं किया भारत आदिवासी पार्टी आदिवासी मूलवासी के लिए काम करेंगी. हमारी पार्टी के सत्ता में आने के बाद जल्द से जल्द स्थानीय नीति को लागू किया जाएगा.




जीत ली बाजी: मोरहाबादी में मटकी फोड़ती महिला गोविंदा की टीम.


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 26 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 138 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




### मोरहाबादी मैदान में दही-हांडी प्रतियोगिता की रही धूम, सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

## गोविंदा आला रे...जरा मटकी...

राजन बॉबी । रांची

मोरहाबादी मैदान में रविवार को दही-हांडी प्रतियोगिता की धूम रही. इसमें बड़ी संख्या में गोविंदा जहां दम दिखाने को खींचे चले आए, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी श्रीकृष्ण जन्म उत्सव के मनमोहक नजारे के साक्षी बनने से स्वयं को रोक न सके. जैसे-जैसे समय बीतता गया, भीड़ बढती गयी. रात आठ बजे आयोजन स्थल भक्तों से पट गया. सीएम हेमंत सोरेन भी बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने पहुंचे. मटकी फोड़ते युवा-युवतियों का हौसला बढ़ाया. विजयी विजेता टीम के बीच पुरस्कार भी बांटा.

सीएम ने कहा कि इस तरह का आयोजन धर्म और संस्कृति को जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है. आने वाले समय में और भी भव्य आयोजन किए जाएंगे. उन्होंने राज्य की जनता को जन्माष्टमी की बधाई दी. मौके पर कलाकारों ने भजनो की सुमधुर स्वर लहरियां तो बिखेरी ही, साथ ही नृत्य नाटिका से श्रीकृष्ण लीला का सुंदर मंचन भी किया. काली तांडव का खूबसूरत नजारा सब के मन भाया. आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ लेजर शो के क्या कहने. पहली बार शो के माध्यम से श्रीकृष्ण लीला और रामायण के प्रसंगों को जीवंत होता देखा. विविध रूप धर बच्चो ने भी आयोजन स्थल पर धमाल मचाया. राज्यसभा सांसद महुआ मांजी, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, यस्सवनी सहाय, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकूर, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष सह समिति के मुख्य संरक्षक राजीवन रंजन, राजेश गुप्ता छोटू आदि मौके पर मौजूद थे.

सीएम ने कहा, त्योहारों पर होने वाले ऐसे कार्यक्रमों से पौराणिक परंपरा-संस्कृति मजबूत होती है. सभी मिलकर पूरे हर्ष और उल्लास के साथ त्योहारों का आनंद लेते हैं.



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण बने प्रतिभागी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन. सभी फोटो। रमीज

### मुख्यमंत्री को भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी एवं मोमेंटो सप्रेम भेंट

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह ने पेरिस ओलंपिक- 2024 में कांस्य पदक हासिल करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की जर्सी और मोमेंटो सप्रेम भेंट किया. राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, यशस्विनी सहाय, श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति, रांची के संरक्षक डॉ कुमार राजा और डॉ राजेश गुप्ता, अध्यक्ष विनोद गोप एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे.

**नेशनल योगा बॉयज गोविंदा ने मारी बाजी:** नेशनल योगा बॉयज ने जीती प्रथम बाजी एक लाख एक हजार का मिला इनाम, मांडर गोविंदा टीम दूसरे स्थान पर रही, 41 हजार और नरकोपी गोविंदा टीम तीसरे स्थान पर रही, 21 हज़ार के साथ ट्राफी से नवाजा गया. महिला गोविंदा के लिए प्रथम 55 हजार, द्वितीय 31 हज़ार और तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की नगद राशि के साथ ट्रॉफी दी गयी. इससे पहले योगा इंस्टिट्यूट की गर्ल्स गोविंदा की टोली ने 58 सेकेंड में मटकी फोड़ी. फिर मांडर के बजरंग दल गोविंदा टीम ने एक मिनट में मटकी फोड़ी. रात 10.14 बजे मांडर की गर्ल्स टीम ने भी प्रथम प्रयास में एक मिनट से पहले मटकी फोड़ लोहा मनवाया और दूसरा स्थान प्राप्त किया. एक लाख एक हजार के पुरस्कार की ललक में देर रात तक विभिन्न टीमें भाग्य आजमाती रहीं. इस दौरान दर्शक सभी टीमों का उत्साह बढ़ाते रहे.

### फैंसी ड्रेस के विजयी प्रतिभागी

सृष्टी कुमारी, अमारया, अद्विती कुमार, माहिरा प्रवीण, विवान शौर्य, अभीराज कुमार, आर्यन कुमार, सार्थक गुप्ता, परिधी श्रीवास्तव, इरा गुप्ता, रव्या राज, अनवी भूषण, आरव गुप्ता, प्रखर कुमार, रितिशा राजा, विराज सिंह आदि को सीएम हेमंत सोरेन ने पुरस्कृत किया.





मोरहाबादी में दही हांडी प्रतियोगिता देखने पहुंचे भारी संख्या में लोग.

## जन्माष्टमी महोत्सव आज

**रांची।** श्री कृष्ण का जन्मोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा. इसको लेकर शहर के मठ-मंदिर सज-धज कर तैयार है. सांझ ढलते कहीं पूजन-भजन तो कहीं बाल रूप सज्जा और दही-हांडी प्रतियोगिता होगी. स्थानीय सहित बाहर से आए कलाकार चौक-चौराहों से लेकर मठ-मंदिरो तक नृत्य-गीत से भक्ति रंग जमाएंगे. लेजर शो का नजारा देखते ही बनेगा. व्रत-उपवास कर आधी रात तक भक्तगण अपने इष्ट की भक्ति में रमे रहेंगे. रात के ठीक 12 बजेते ही वातावरण घंट-धड़ियाल, शंख ध्वनी और जयकारो से गुंजायमान हो जाएगा.

---

**ब्रीफ खबरें**

### श्रेया और रिम्मी का योग टीम में चयन

**रांची।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, बुंडू की दो छात्रा श्रेया दां और रिम्मी राजकुमारी का चयन राष्ट्रीय वीमेंस योगासन लीग के लिए किया गया है. 1 से 3 अक्टूबर तक दिल्ली में होने वाली इस प्रतियोगिता में योगासन वूमेन लीग के तहत खेलो इंडिया द्वारा पटना में हुए योगासन में साउथ प्वाइंट की दोनों छात्रा श्रेया दां और रिम्मी का चयन राष्ट्रीय आर्टिस्टिक पेयर के लिए किया गया है. इसमें ईस्ट जोन के प्रतिभागी शामिल हुए. पटना में 22-24 अगस्त को हुई ईस्ट जोन खेलो इंडिया वूमेन लीग में अपने हैरतअंगेज योगासन प्रदर्शन से श्रेया और रिम्मी ने अपनी जगह राष्ट्रीय टीम में बनाई है.

### रातू में वज्रपात से महिला की हुई मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के चिपरा पंचडीहा में खेत से काम कर लौट रही 37 वर्षीया गुड़िया मुंडा का वज्रपात से मौत हो गयी. घटना शनिवार की देर रात की हक पुलिस ने रविवार की सुबह शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया. देर शाम उसकी अंत्येष्ठि कर दी गयी.मृतका बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित चंदाघासी कुटेटोली निवासी स्व बुधू कच्छप की पुत्री और हटिया गढ़दादंगा के स्व बिक्की मुंडा की पत्नी थी. शुक्रवार को चिपरा मेहमान बनकर आयी थी.

### खादगढ़ा बस स्टैंड में खतरे का घंटी, बिजली पोल में आता है करंट

## सड़क पर बिजली का पोल दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण

बसंत मुंडा। रांची

खूंटी में बिजली तार से करंट लगने से दो लोगों का मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना के बाद भी बिजली विभाग सचेत नहीं हो रहा है. कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड के मुख्य मार्ग में सड़क के बीचों बीच तीन फेज वाले बिजली तार वाला लोहा का पोल खड़ा है. इसके सपोर्ट में लोहा का तार भी लगाया गया है. यहां रोज सैकड़ों बस, ऑटो और पिकअप गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है.

इस पोल के कारण इस स्थान से केवल एक बस ही गुजर पा रही है, जबकि रास्ता दो बसों के गुजरने लायक बनाया गया है. बीच सड़क में पोल होने के कारण चालक को बस तिरछा काट कर निकालना पड़ता है. स्थानीय लोगों ने बताया कि पोल में लगाये गये सपोर्ट तार से सट कर करंट लगने से एक गाय की मौत हो चुकी है. कई बार स्कूटी और बाइक सवार सपोर्ट तार में फंस कर गिर जा रहे हैं और गंभीर रूप से चोटिल हो रहे हैं. लोगों ने बीच सड़क से बिजली पोल को हटाने के लिए विभाग में कई बार शिकायत की, पर कोई सुनवाई नहीं हुई.

### क्या कहते हैं वाहन चालक व स्थानीय लोग



#### बीच सड़क पर खड़ा बिजली पोल

सामाजिक कार्यकर्ता मो सलेम ने बताया कि करोड़ों रुपये खर्च कर बस स्टैंड का सौदर्यीकरण किया गया था. लेकिन, मुख्य मार्ग पर बीचोंबीच बीच खड़े बिजली के पोल को हटाया नहीं गया है. सड़क का चौड़ीकरण भी किया गया, पर पोल बीच सड़क पर जस का तस खड़ा है.

#### सपोर्ट तार से ज्यादा परेशानी हो रही

ऑटो चालक बबलू खान ने बताया कि बिजली पोल के कारण इस रोड में एक बार में एक वाहन ही गुजरता है. पोल से परेशानी तो हो ही रही है, पर पोल के लिए दिये गये लोहा के सपोर्ट तार से ज्यादा परेशानी होती है. अक्सर इधर से गुजरनेवाले लोग फंस कर गिर जाते हैं.

#### पोल व सपोर्ट तार में करंट आता है

पिकअप चालक उमेश सिंह ने बताया कि बारिश में इस पोल में करंट आता है. सपोर्ट तार में भी करंट आता है. अगर इधर से गुजरने वाली बस में पोल या इसका सपोर्ट तार सटा, तो बड़ा हादसा हो सकता है. करंट की चपेट में आने से बस सवार की मौत भी हो सकती है.

#### कभी भी गाड़ी की हो सकती है टक्कर

पिकअप चालक संतोष कुमार ने बताया कि रात में काफी परेशानी होती है. गाड़ी में लाइट कम हो गयी, तो सीधे पोल से टक्कर हो सकती है. कभी कभी तो गाड़ियों का डाला सट जाता है. इससे कई बार एक चालक की दूसरे चालक से लड़ाई तक की नौबत तक आ जाती है.

### डैम में मिला लापता विमान, बाहर निकालने में जुटी नौसेना की टीम

संवाददाता । रांची

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद लापता हुए अल्केमिस्ट एवियशन प्राइवेट लिमिटेड का विमान मिल गया है. भारतीय नौसेना की टीम ने चांडिल डैम की गहराई में रविवार को विमान को खोज निकाला. बताया जा रहा है कि विमान डैम में डूबे कोयलागढ़ के निकट वनडीह नामक स्थान में पानी की गहराई में मिला है. वहीं भारतीय नौसेना की टीम ने भी लापता विमान मिलने की बात कही है. हालांकि नौसेना इस संबंध में कुछ भी विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर रही है. पानी के अंदर मिले हवाई जहाज को कब निकल जाएगा, इसकी जानकारी नहीं दी जा रही है. जानकारी के अनुसार चांडिल डैम पहुंची भारतीय नौसेना की टीम के पास 300 किलोग्राम भार वाले वस्तु को डैम से बाहर निकालने की क्षमता वाले उपकरण हैं. भारतीय नौसेना की टीम विमान गिरने वाले स्थान पर मॉड्यूलर से निशान लगा रही है ताकि उसे निकालने पर आसानी हो. दोबारा वहां जाने पर पता चल जाए कि विमान यहीं गिरा है. विदित हो कि अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का यह विमान 20 अगस्त को सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के करीब 15 मिनट बाद लापता हो गया था. विमान की खोज में मंगलवार को पूरे दिन एविएशन की टीम के साथ-साथ जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन के अलावा वन विभाग के कर्मी भी जुटे रहे.

### कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का भारी विरोध

## आदिवासी संगठनों ने तीन दिन में हटाने का दे दिया अल्टीमेटम



प्रदर्शन करती महिला प्रदर्शनकारी को हटाती महिला पुलिस की जवान.

संवाददाता। राची

केंद्रीय सरना समिति की अगुवाई में आदिवासी संगठनों के सैकड़ों लोग पुरानी विधानसभा मैदान के सामने गोलचक्कर मे स्थापित कैलाशपति मिश्र का प्रतिमा को हटाने के लिए रविवार को पहुंचे थे. लेकिन पुलिस ने बाईक जुलूस को बिरसा पेट्रोल पंप के सामने ही बेरिंककेड़िंग लगा कर रोक दिया. जहां जुलूस सभा मे तब्दील हो गया. आदिवासी महिला कुमुदिनी बैरिंककेडिग तोड कर आगे बढ़ गई थी. जिससे हल्की-धक्का मुक्की भी हुई. लेकिन महिला पुलिस महिलाओं को पकड़ कर बाहर ले आई, तब जाकर मामला शांत हुआ. केद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि कैलाशपति मिश्र का झारखंड में कोई योगदान नही है. वे हमेशा झाररखंड के विरोधी रहे. ये महापूरुषों का अपमान है. इसके बाद भी 15 अगस्त को प्रतिमा स्थापित की गई.यह बीजेपी का देन है.

- आश्वासन मिलने के बाद शांत हुए आंदोलनकारी

प्रशासन ने इसे स्वेच्छा से नही हटाया, तो तीन दिन बाद हजारों आदिवासी इसे हटा देंगे. सामाजिक कार्यकार्ता अजित उरांव, अलविन तिर्की, महेद्र पीटर, झरी लिडा समेत अन्य लोगो ने भी सभा को संबोधित किया.

इससे पहले सभी आदिवासी युवा पहाड़ी मंदिर के सामने एकत्र हुए. वहां से बाइक रैली, हरमू रोड, अरगोडा.होते हुए बिरसा चौक पेट्रोल पंप पहुंचे. आईपीएस राज कुमार ने आदिवासी संगठनों को आश्वासन दिया, तब जाकर लोग शांत हुए. कहा कि स्थापित मूर्ति को संवैधानिक तरीके से हटाया जाता है. प्रशासन प्रक्रिया का पालन करेगा. उधर, प्रतिमा लगाने वाले लोग भी गोलचकक्कर के सामने सैकड़ों की संख्या मे खडे.दिखे. लोगों ने कहा कि किसी भी हालत में प्रतिमा को नही हटाने देंगे.

**अच्छी खबर**

### जनकल्याणकारी योजनाओं पर राज्य सरकार खर्च कर रही है 13027.16 करोड़ रुपए

## सरकार की जनकल्याणकारी योजना के खर्च का खजाने पर असर नहीं

रवि भारती। रांची

राज्य सरकार जो जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, उन पर होने पर खर्च का राजस्व पर असर नहीं पड़ रहा है. सरकार के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में जनकल्णाकारी योजनाओं सहित अन्य योजनाओं पर 13,027.16 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं. जबकि राज्य सरकार को हर महीने 13,268 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हो रही है. इस हिसाब से खजाने में 240.84 करोड़ रुपए का बैलेंस रह जाता है. हाल ही में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मईंया सम्मान योजना में लगभग 45 लाख लोगों को जोड़ा गया है. इन्हें प्रति माह 1000 रुपए दिए जाएंगे. इस हिसाब से 45 लाख लोगों को हर महीने 1000 रुपए देने से 450 करोड़ रुपए का खर्च होगा. इसके अलावा किसानों की कर्ज माफी को 50 हज़ार से बढ़ाकर दो लाख करना, होमगार्ड के वेतन में दोगुनी बढ़ोतरी, पुरानी पेंशन योजना के अलावा कई योजनाएं इस वक्त चल रही हैं.

**13,268** करोड़ राज्य सरकार को हर महीने राजस्व में प्राप्ति में हो रही है

### कहां से प्रति माह कितना मिलता है राजस्व



| | |
|---|---|
| वाणिज्यकर | 7100 करोड़ |
| भू-राजस्व | 130 करोड़ |
| उत्पाद | 900 करोड़ |
| निबंधन | 419 करोड़ |
| परिवहन | 600 करोड़ |
| खदान | 3319 करोड़ |
| अन्य स्त्रोत | 800 करोड़ |

#### माइंस और वाणिज्य कर से सबसे अधिक राजस्व

सरकार को माइंस और वाणिज्य कर से सबसे अधिक राजस्व की प्राप्ति होती है. वाणिज्य कर से राज्य सरकार को हर महीने 7100 करोड़ और खदानों से 3319 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति होती है. इसके सरकार को लैंड रेवेन्यू, एक्साइज, निबंधन, परिवहन से राजस्व की प्राप्ति होती है.

### किन योजनाओं पर सरकार कितना कर रही खर्च

| | |
|---|---|
| पेंशन- 728 करोड़ रुपए | पुलिस- 616 करोड़ रुपए |
| वेतन- 1412 करोड़ रुपए | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण- 602 .66 करोड़ रुपए |
| ब्याज भुगतान- 588 करोड़ रुपए | सड़कें एवं पुल- 532 .41 करोड़ रुपए |
| अन्य कई बिल्स- 1000 करोड़ रुपए | कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां- 501 .41 करोड़ रुपए |
| किसानों के कर्ज माफी- 1900 करोड़ रुपए | ऊर्जा- 398 .25 करोड़ रुपए |
| ग्रामीण विकास- 1539 .41 करोड़ रुपए | जलापूर्ति एवं स्वच्छता- 392 .25 करोड़ रुपए |
| शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति- 1266 .16 करोड़ रुपए | एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक कल्याण- 292 .75 करोड़ रुपए |
| समाज कल्याण एवं पोषण- 807 .83 करोड़ रुपए | |

**किसानों की कर्ज माफी पर खर्च होंगे 1900 करोड़** | राज्य सरकार किसानों की कर्जमाफी पर 1900 करोड़ रुपए खर्च करेगी. मईयां सम्मान योजना में लगभग हर महीने 450 करोड़ रुपए खर्च होंगे. पेंशन में 728 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे.

### होटल ताज व अन्य किसी संस्थान का निर्माण हटिया क्षेत्र में नहीं होने देंगे

**रांची।** कुटे में हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में बैठक हुई. जिसमें गांवों से आए हुए प्रतिनिधियों ने विचार रखे. सभी ने एक स्वर में कहा की समिति जो भी निर्णय लेगी उसे हम तन मन धन से अपना सहयोग प्रदान करेंगे. बैठक में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा, अब और अनदेखी विस्थापित बर्दाश्त नहीं करेंगे. सरकार लगातार अपने कार्यों को अपनी योजनाओं को इस क्षेत्र में निर्माण कराती जा रही है और विस्थापितों से किए वादों व वार्ता में बनी सहमति का उल्लंघन कर रही है. इसलिए हम फिर से आंदोलन को मजबूर हैं. आने वाले समय में क्षेत्र में होटल ताज एवं अन्य संस्थान का निर्माण किसी भी सूरत में स्थापित इस क्षेत्र में नहीं होने देंगे.

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से रांची एसएसपी पर लगाए गए आरोपों का पुलिस ने किया खंडन, कहा

# मुख्यमंत्री का पद संवैधानिक, जिसकी सुरक्षा के लिए पुलिस को दृढ़ रहना ही पड़ता है

**संवाददाता। रांची**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के बाबूलाल मरांडी ने रांची एसएसपी पर जेएमएम कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया था. यह आरोप बीजेपी की युवा आक्रोश रैली के दौरान पुलिस और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच हुए झड़प के बाद लगाया गया था. इस आरोप का रांची पुलिस ने खंडन किया है और कहा है कि आपके द्वारा (बाबूलाल मरांडी) रांची पुलिस के ऊपर लगाए गए सभी आरोप तथ्य से सर्वथा परे और निराधार हैं. पुलिस द्वारा सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया गया है. सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध वीडियो फुटेज का यदि निष्पक्ष अवलोकन किया जाए, तो ज्ञात होगा कि रांची पुलिस ने संयम का परिचय देते हुए, विधि-व्यवस्था संधारण के लिए कम बल प्रयोग किया है. एसएसपी और अन्य पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं से लगातार अनुरोध किया जा रहा था कि वे पत्थर न चलाएं, बैरिकेड न तोड़ें और अपना कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से चलाएं. सांसदों और विधायकों से भी अनुरोध किया जा रहा था कि वे कार्यकर्ताओं को ऐसा करने से रोकें, परंतु इसके बावजूद पुलिसकर्मियों पर बड़े-बड़े पत्थर बरसाए गए और बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास जारी रहा, जिससे कुछ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी घायल भी हुए हैं.



### सरायकेला जिले में पदस्थापन का जिक्र किया गया

रांची पुलिस ने कहा कि कई कार्यकर्ता पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंकते समय भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे. इस दृश्य के परिप्रेक्ष्य में मीडिया द्वारा पूछे जाने पर ही एसएसपी रांची द्वारा यह बयान दिया गया था. इसे आपत्तिजनक कहना सही नहीं होगा. अपनी जिम्मेदारियों को छोड़, झामुमो कार्यकर्ता की तरह कार्य करने के आरोप के संबंध में बता दें कि एसएसपी चंदन सिन्हा रांची जब एसपी सरायकेला-खरसावां (2017-18) के रूप में पदस्थापित थे, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यवधान पहुंचाने का प्रयास कर रहे झामुमो कार्यकर्ताओं को कड़ाई से न केवल रोका गया था, बल्कि प्राथमिकी दर्ज कर तत्कालीन झामुमो जिलाध्यक्ष को हिरासत में भी भेजा गया था. मुख्यमंत्री का पद एक उच्चस्तरीय संवैधानिक पद है, जिसकी सुरक्षा के सभी पहलू संवेदनशील होते हैं और इसके संधारण के लिए पुलिस को दृढ़ रहना ही पड़ता है. जय हिंद.

### बाबूलाल बोले थे, झामुमो कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे एसएसपी

दरअसल बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि रांची पुलिस के एसएसपी का बेहद आपत्तिजनक वक्तव्य संज्ञान में आया है. इनकी बातों को सुन कर लगता है कि ये राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं और अपनी जिम्मेदारियों को छोड़ कर झामुमो कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं. तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि हेमंत सोरेन की पत्थरबाज पुलिस ने निहत्थे महिलाओं, युवाओं पर अंधाधुंध पत्थर बरसा कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी करने और उकसाने का प्रयास किया. मेरे संबोधन के दौरान भी हेमंत सोरेन और इन जैसे अधिकारियों के इशारे पर ही निर्दोष, निहत्थे युवाओं पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए. और हां, रांची एसएसपी दिमाग में ये बात घुसा लें कि भारत माता की जय बोलने वाला सच्चा देशभक्त होता है, कोई पत्थरबाज नहीं, पत्थरबाज सत्ता के इशारे पर पत्थर फेंकने वाली हेमंत सोरेन की पुलिस है. रांची जिला में हो रहे आतंकी गतिविधियों, बांग्लादेशी मुसलमानों के घुसपैठ, आदिवासियों पर अत्याचार और निर्दोष लोगों की हत्याओं पर चुप रहने वाले एसएसपी साहब का राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह बयान देना स्पष्ट करता है कि हेमंत सोरेन ने युवाओं के आक्रोश को दबाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी झोंक दी.

## ब्रीफ खबरें

### समिति के उद्देश्यों पर डाला गया प्रकाश

**रांची।** रविवार को झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की बैठक हुई. सभापति झारखंड विधानसभा पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति समीर मोहंती, सदस्य समरी लाल एवं झारखंड विधानसभा के अवर सचिव रविशंकर प्रसाद ने मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की. सभापति ने झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न मामलों पर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए. जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए की जा रही गतिविधियों सहित अन्य योजनाओं की रिपोर्ट देखी गई.

### गोविदाओं ने बिरला मैदान तोड़ी मटकी

**रांची।** बिरला मैदान, रातू रोड में रविवार को बाल-रूप सज्जा और मटकी फोड़ प्रतियागिता हुई. शाम तक नन्हें-मन्ने, गोविंदा व श्रद्धालु श्रीकृष्ण भक्ति रंग बिखेरते रहे. प्रभु की आराधना से शुरुआत हुई. पहले बच्चों ने सब का मन मोहा. फिर गोविंदा टोली ने दम दिखाया. 30 से 21 फीट मटकी की ऊंचाई रखी गयी. बजरंग दल मंडल ने प्रथम, द्वितीय योगा एसोसिएशन, तीसरे स्थान पर श्रीराम सेवा समिति ने बाजी मारी. महिला में बजरंग दल मंडरो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. विजयी प्रतिभागियों के बीच मटका फोड़ प्रतियोगिता समिति के मुख्य संरक्षक मृत्युंजय सिंह ने प्रथम 31000, द्वितीय 21000 और तृतीय पुरस्कार 11 हजार का पुरस्कार दिया. महिला टीम को 11000 का चेक दिया गया.

### केद्रीय सरना समिति ने की बैठक आयोजित

**रांची।** आदिवासियो में चेतना जगाने को लेकर रविवार को ओरमांझी प्रखंड के आनंदी गांव में केद्रीय सरना समिति ने बैठक की. जिसमें सैकड़ों आदिवासी समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक ,धार्मिक अगुवा लोग शामिल हुए. केद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने अध्यक्षता की व संचालन संदीप पाहन ने किया. केद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि राज्य के आदिवासियों पर अपराध बढ़ रहा है. उनकी धर्म संस्कृति, रूढि प्रथा पर भी हमला किया जा रहा है.राज्य सरकार भी आदिवासियों के धर्म संस्कृति को बचा नही पा रही है. आदिवासियो के जल ,जंगल और जमीन को भी नही बचा पा रही है. मुख्य पहान जगलाल ने कहा कि रूढ़िवादी प्रथा, परंपरागत रीति रिवाज, धर्म संस्कृति, धार्मिक विधि विधान पूर्वजों से मिला है.

## जब शिबू सोरेन का बेटा वादा नहीं निभा सकता तो कौन निभाएगा

# झारखंड में चल रही है डिक्टेटरशिप: हिमंता

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने सीएम हेमंत सोरेन को उनके द्वारा किए गए वादे पर घेरा. कहा, शिबू सोरेन का बेटा अपना वादा नहीं निभा सकता तो ये वादा कौन निभाएगा. पूरा झारखंड हेमंत सोरेन से पूछ रहा है कि हमें तो नहीं मिला आपको मिला क्या. हेमंत सोरेन ने वीर शहीद निर्मल महतो के समाधी स्थल पर प्रण लिया था कि पांच लाख को नौकरी नहीं दे पाऊंगा तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा. अब वे एक महीने और इंतजार करेंगे या 30 सितंबर या दो अक्तूबर को राजनीति से विधिवत सन्यास ले लेंगे. नवंबर में चुनाव होना है. अक्तूबर में शासन इलेक्शन कमीशन के हाथ में चला जाएगा.

हिमंता रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता का 15 हजार करोड़, विधवा महिलाओं के पेंशन के 3750 करोड़, 40 लाख महिलाओं के 50 हजार भत्ता गारंटी ऋण के 250 लाख करोड़, चूल्हा भत्ता के 7000 करोड़ कहां गए.

**सीएम से पावरफुल हो गए हैं बालू माफिया :** हिमंता ने कहा कि झारखंड में डिक्टेटरशिप चल रहा है. झारखंड में सीएम से पावरफुल बालू माफिया हो गए हैं. बालू सोना के भाव मिल रहा है. कीमत 5500 से 6000 रुपए सीएफटी हो गई है. बालू से पैसा खींचा जा रहा है. माफिया बोल रहे हैं कि फ्री में बालू नहीं देंगे. जबकि सीएम ने फ्री में बालू देने की घोषणा की है. माफिया सीएम से ज्यादा पावरफुल हो गए हैं. वहीं सीएम को घुसपैठिए का भी मुद्दा अच्छा नहीं लगा. आज रांची से डॉक्टर की गिरफ्तारी हो रही है. जो अलकायदा से जुड़ा हुआ था. जेहाद फैलाने की कोशिश में था.



असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मीडिया से बात करते हुए.

- **डीजीपी पर कसा तंज :** तेल लगाना है तो इतना मत लगाओ
- **डीजीपी को हम बाद में सिखा देंगे कानून**
- चुनाव आयोग से करेंगे आग्रह : ऐसे डीजीपी के अंडर में नहीं हो सकता चुनाव
- **तीन दिन के अंदर 12 हजार का नाम नहीं बताया तो कोर्ट और चुनाव आयोग जाएंगे**

### झारखंड में ऐसा डीजीपी नहीं चल सकता

हिमंता ने कहा कि झारखंड में ऐसा डीजीपी नहीं चल सकता. डीजीपी पर तंज कसते हुए कहा कि तेल लगाना है तो इतना मत लगाओ. लिमिट मत क्रॉस कीजिए. युवा आक्रोश रैली के दौरान 12 हजार पर केस दर्ज करना, ऐसा मैंनें नहीं देखा. जलियांवालाबाग में भी ब्रिटिश ने ऐसा केस दर्ज नहीं किया था. अगर डीजीपी ने तीन दिन में 12 हजार का नाम नहीं बताया तो चुनाव आयोग और कोर्ट जाएंगे. चुनाव आयोग से आग्रह करेंगे कि ऐसे डीजीपी के रहते चुनाव नहीं हो सकता. रंधीर ल कोचे मुंडा पर केस किया, जबकि वे रांची में नहीं थे.

### आपको मिला क्या? स्लोगन के जरिये भाजपा ने याद दिलाए झामुमो के वादे

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने आपको मिला क्या स्लोगन के साथ झामुमो द्वारा किए वादों को याद दिया. इस दौरान असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार भाउरी, राज्य सभा सांसद प्रदीप वर्मा के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी जुड़े.बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार नयी योजना लांच कर ठगने का काम कर रही है. सरकार ने जितनी भी घोषणा की एक को भी पूरा नहीं किया. बाबूलाल गिरिडीह के तिसरी प्रखंड के सिलसिया गांव में मौजूद थे. वहां उस गांव की कुछ महिलाएं भी थीं. उन्होंने कहा कि इस गांव की महिलाओं को भी पेंशन नहीं मिल रही है. सितंबर-अक्तूबर में चुनाव होना है. इसलिए सरकार घोषणा कर रही है. हेमंत सोरेन सरकार को भगाना है और बीजेपी सरकार को लाना है.

- पावर प्रजेंटेशन के जरिए झामुमो के घोषणा पत्र पर भाजपा ने पूछे सवाल

#### नेता प्रतिपक्ष ने झामुमो से किए सवालों को दिखाया

- नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पावर प्रेंजेटेशन के जरिये झामुमो से किए सवालों को दिखाया. साथ हेमंत सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन की झलक भी दिखाई.
- **आपको मिला क्या के तहत ये पूछे सवाल**
- बेरोजगारी भत्ता के नाम पर 15 हजार करोड़ कहां गए
- **विधावा महिलाओं के पेंशन के 3750 करोड़ कहां गए**
- 50 लाख महिलाओं को 50 हजार फ्री गारंटी ऋण के 250 लाख करोड़ कहां गए.
- **चूल्हा भत्ता के 7000 करोड़ कहां गए**
- नवविवाहितों को मिलने वाला सोना के सिक्का के 300 करोड़ कहां गए
- **गरीबों को साल में मिलने वाला 72 हजार रुपए के 1.8 लाख करोड़ कहां गए**

**आईपीएस को न बीजेपी न जेएमएम का कार्यकर्ता बनना सही है**

हिमंता ने कहा कि आइपीएस को न जेएमएम न बीजेपी का कार्यकर्ता बनना सही है. डीजीपी पर पहले राज्यसभा चुनाव में बीजेपी के साथ होने का आरोप था. अब जेएमएम के साथ होने का आरोप है. इन दोनों बातों से चुनाव आयोग को अवगत कराया जाएगा.



एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के रांची चैप्टर के पुनर्गठन सह स्थापना समारोह के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं.

## एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के रांची चैप्टर का पुनर्गठन सह स्थापना समारोह

# एकल फाउंडेशन के कार्य को मेरा सैल्यूट : रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ

- संजय सेठ ने तीन कंप्यूटराइज्ड बसें एकल को की प्रदान, बसें गांव-गांव जा कर ग्रामीणों को करेगी जागरूक



कार्यक्रम की शुरुआत करते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और अन्य.

**संवाददाता। रांची**

एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के रांची चैप्टर का पुनर्गठन करते हुए रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन रविवार को किया गया. मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए. उन्होंने कहा कि भारतीय समाज, संस्कृति है, उस संस्कृति को छोड़ रहे हैं, हम प्रतिष्ठा में जान गवा रहें. समाज की प्रतिष्ठा के लिए पूरा संघ परिवार मेहनत कर रहा है. चिंता का विषय है प्रतिष्ठित अस्पताल का डॉक्टर अलकायदा से जुड़ा है. यह साधारण नहीं. रांची को केंद्र बनाया जा रहा, पूरी दुनिया देश को तोड़ने में लगी है, तीसरी बार मोदी नहीं आये. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के विश्वकर्मा हैं, भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिये शिवाजी के बाद कोई है, तो वह मोदीजी हैं. आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ कर रोजगार, शिक्षा को बढ़ावा देना है. संथाल में पूरा डेमोक्रेसी बदल गया है, यहां हाथियों का काफी उत्पात मचा हुआ है, 2500 सोलर लाइट मिले हैं, रोशनी से हाथी सामने नहीं आते हैं, इसलिये सोलर लाइट लगाने की व्यवस्था की जायेगी. एकल फाउंडेशन के कार्य को मेरा सैल्यूट उन्होंने बहुत अच्छी पहल शुरू की है. इसकी जितनी भी तारीफ की जाये कम होगी. एकल फाउंडेशन को संजय सेठ की ओर से 3 बसे दी गई हैं. ये बसे कंप्यूटराइज्ड हैं, गांव-गांव जा कर ग्रामीणों को जागरुक करेगी. एक बस 35 लाख रुपये की है.

**गांव-गांव को विकसित करने का कार्य कर रहा एकल : चंद्रकांत :** ट्रस्टी चंद्रकांत रायपत ने कहा कि 1986 में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन की शुरूआत हुई. इसके 4 पीलर हैं, इकोनामी, कल्चर, डिफेंस, गवर्नमेंट है. गांव-गांव को मजबूती प्रदान करना मुख्य है. ताकि लोग अपने गांव को कमियों की वजह से छोड़ कर शहर की ओर ना जाये, इसे रोकना था, ताकि गांव की खुशियां बनी रहें, और वहां हर चीज उपलब्ध कराया जाये ताकि लोग पलायन ना करें. एकल विलेज के उत्थान पर कार्य कर रही है, बच्चों को शिक्षा, महिलाओं को आत्मनिभर, युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, खेती के नये गुर सिखाये जा रहे हैं, जिससे उनकी खेती में इजाफा और आमदनी अच्छी हो, साथ ही फसल भी अच्छे तैयार हो. इस तरह झारखंड समेत देश के विकास का कार्य किया जा रहा है.

**समाज को उन्नत की राह पर ले जा रहा एकल : गोयल :** चेयरमैन लक्ष्मी नारायण गोयल ने कहा कि हमारी एकल संस्था कश्मीर में 1200 स्कूल चला रही है. वहां स्कूल में मुस्लिम शिक्षक बच्चों को उर्दू भाषा में तालीम दे रहें हैं. बच्चों को शिक्षा, समाज और संस्कार के गुर सिखाये जाते हैं. इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सदस्य एवं एकल फाउंडेशन के रामस्वरूप रूंगटा, सुनीता महानसरीया, डॉ ललन शर्मा, राजेश गोयल, चुन्नु मित्तल, मुकेश अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार रखा. संचालन केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष उषा जालान ने किया.

**एकल के विकास कार्य :** एकल विद्यालय पूरे ग्रामीण भारत के सशक्तीकरण के लिए किसानों को ऑर्गेनिक फॉर्मिंग की ट्रेनिंग के साथ ही बच्चों को डिजिटल साक्षर बनाने के लिए प्रयासरत है. इसके लिये बच्चों को कम्पयूटर लैब की ट्रेनिंग के साथ ही मोबाइल लैब भी उपलब्ध कराया गया है, ग्रामीण क्षेत्र से पलायन रोकने के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण के लिए ट्रेनिंग सेंटर भी सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं, वर्तमान में पूरे देश में एकल के 218 प्रोजेक्ट्स तथा 17 रिसोर्स सेंटर्स चल रहे हैं. आवश्यकता के अनुसार प्रत्येक वर्ष सेंटर्स की संख्या में वृद्धि की जाती है.

# चौकीदार भर्ती : रांची में ग्रेजुएट से पीजी अभ्यर्थियों तक ने किया आवेदन

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के कई जिलों में चौकीदार की सीधी भर्ती चल रही है. रांची जिले में भी 311 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं. रविवार 25 अगस्त आवेदन की अंतिम तिथि है. ऐसे में रांची समहारणालय में आवेदन भरने के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ लगी रही. इस भर्ती के लिए 18 से 35 वर्ष के ग्रेजुएट से लेकर पीजी तक के अभ्यर्थी आवेदन कर रहे हैं. हजारों की संख्या में आवेदन जमा हो चुके है. फॉर्म ऑफलाइन माध्यम से जमा किये गये हैं. अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक और लिखित परीक्षा के अनुसार किया जाएगा.



रांची समहारणालय में आवेदन भरने के लिए अभ्यर्थियों की लगी भीड़.

### दो वर्ष के प्रोबेशन पीरियड पर की जाएगी चौकीदार की बहाली

बता दें कि चौकीदार भर्ती के लिए शिक्षण योग्यता 10वीं पास है. इसके लिए 5200 से 20200 (ग्रेड पे -1800) सैलरी निर्धारित की गयी है. चौकीदार के पद पर बहाली दो वर्ष के प्रोबेशन पीरियड पर की जाएगी. अगर किसी चौकीदार की सेवा प्रोबेशन पीरियड के दौरान संतोषजनक पायी जाएगी, तो प्रोबेशन पीरियड एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है.

# पुरुष व महिला वर्ग में जीतीं एकलव्य हॉकी सेंटर की टीमें



7वीं सीनियर राज्य हॉकी चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर मौजूद अतिथि.

**खेल संवाददाता। रांची**

- 7वीं सीनियर राज्य हॉकी चैंपियनशिप का उद्घाटन
- पुरुष वर्ग के 24 और महिला वर्ग की 13 टीमें ले रहीं भाग

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 7वीं सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप का रविवार को उद्घाटन हुआ. टाटा स्टील फाउंडेशन, झारखंड खेल विभाग तथा हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि भोलानाथ सिंह महासचिव हॉकी इंडिया, राजकिशोर खाखा संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक खेल विभाग, मुकुल विनायक चौधरी चीफ स्पोर्ट्स ऑफिसर टाटा स्टील, मधुकांत पाठक महासचिव झारखंड ओलंपिक संघ, शिवेंद्र दुबे कोषाध्यक्ष झारखंड ओलंपिक संघ, सुमराय टेटे भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान, ओम प्रकाश ठाकुर जीएस स्पोर्ट्स सेरसा ने किया. इसमें पुरुष वर्ग से 24 और महिला वर्ग से 13 टीमें भाग ले रही हैं.

पहले दिन पुरुष वर्ग में एकलव्य हॉकी सेंटर रांची ने देवघर को 25 - 0 से बड़ी जीत दर्ज की. वहीं ईस्ट सिंहभूम और रांची का मैच 3-3 गोल की बराबरी पर रहा. रेलवे ने रामगढ़ को 15- 0 रौंदा. हजारीबाग ने गुमला को 4-2 से पराजित किया. वहीं महिला वर्ग में एकलव्य हॉकी सेंटर रांची ने बोकारो को 4-1 से मात दी. मौके पर हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार, मनोज कोणबेगी, चंद्रयानी मजूमदार, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत राव आदि मौजूद थे.

**स्वागत**

## कांटा टोली स्थित आवासीय प्रांगण में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो व मंत्री इरफान का हुआ अभिनंदन

**संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को प्रदेश अध्यक्ष और डॉ. इरफान अंसारी को इंडिया गठबंधन सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री बनाए जाने पर कांटा टोली स्थित आवासीय प्रांगण में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने फूल माला पहना कर स्वागत किया. संचालन प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव गुलाम जावेद ने किया, समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, प्रवक्ता राकेश सिन्हा, सतीश पौल, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, शकील, झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, मकसूद आलम, गुलाम गैस पप्पू, नौशाद खान, फिरोज,भोलू खान, मुन्ना इम्तियाज, मो इस्तियाक, हाजी इमरान रजा, हाजी मिन्हाज आदि उपस्थित रहे.



प्रदेश केशव महतो व मंत्री इरफान के अभिनंदन के दौरान कांग्रेस नेता.

### मैं दमखम के साथ कांग्रेस का जनाधार बढ़ाऊंगा : कमलेश

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि एक साधारण व्यक्ति को कांग्रेस ने मौका दिया है, मैं दमखम के साथ कांग्रेस का जनाधार को बढ़ाऊंगा, जो दायित्व मुझे दिया गया है, ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा. जहां भी अल्पसंख्यकों की जरूरत पड़ेगी उनकी हिस्सेदारी की आवश्यकता पड़ेगी, हम उनके साथ खड़े हैं. उनके हक और अधिकार के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं. आगामी विधानसभा में आप सब का सहयोग चाहिए.

### भाजपा वाले पहले से ही प्लान बनाकर आये थे आक्रोश रैली में : मंत्री

कांग्रेस के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजयुमो का आक्रोश रैली में घटना घटी नहीं, बल्कि की गई थी, भाजपा वाले पहले से ही प्लान बनाकर आये थे, कि फसाद करेंगे ताकि जनता में यह संदेश जाए कि उसके साथ मारपीट हुई, गोलियां चलाई गईं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, मैं फिर से कहूंगा कि भाजपा के लोगों ने पुलिस पर पथराव किया, पुलिसकर्मी घायल हुए और हमारे पुलिस भाइयों ने उन पर गोली क्यों नहीं चलाई ?

### कांग्रेस ने सभी को साथ लेकर चलने का काम किया : दीपू

कांग्रेस नेता विनय सिंह दीपू ने कहा कि कांग्रेस ने सभी को साथ लेकर चलने का काम किया है, झारखंड में भी हम सब साथ हैं. प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि जिस तरह से आज भाजपा वाले राज्य को अस्थीर करने का काम किया है लेकिन सफलता नहीं मिली. रांची महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा हर वर्ग चाहता है कि देश में कांग्रेस की सरकार बने और आज हमलोग मजबूत विपक्ष में खड़े हैं इसका श्रेय जनता को जाता है.

ब्रीफ खबरें

## देवांश ने जीता ऑल इंडिया स्क्वैश का खिताब

**रांची।** द महाराष्ट्र स्क्वैश रैकेट स्टेशन के तत्वावधान में दूसरा गारवेया क्लब हाउस ऑल इंडिया स्क्वैश चैंपियनशिप का आयोजन मुंबई में किया गया. 19 से 24 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में रांची के देवांश अग्रवाल ने अंडर13 प्रतियोगिता का खिताब जीता. इस चैंपियनशिप में 19 राज्यों के कुल 460 खिलाड़ियों ने भाग लिया. जिसमें झारखंड की ओर से देवांश अग्रवाल ने बॉय अंडर 13 में लगभग 50 खिलाड़ियों में पहले स्थान पर रहा. देवांश अग्रवाल देश के प्रसिद्ध कोर्ट एक्स्ट्रीम स्क्वैश दिल्ली में धुर्व धवन से ट्रेनिंग ले रहा है और अपनी शिक्षा भी दिल्ली से ले रहा है.

## वुशु लीग में झारखंड की वाणी ने जीता सिल्वर

**रांची।** झारखंड की वाणी कुमारी ने मेरठ में आयोजित खेलो इंडिया जोनल वीमेंस वुशु लीग में सिल्वर मेडल जीता. प्रतियोगिता का आयोजन गॉडविन पब्लिक स्कुल में किया गया था. मेडल सेरेमनी में वाणी को सिल्वर मेडल सहित तीन हजार रुपये कि पुरस्कार राशि भी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया की ओर से दी गई. वाणी की सफलता पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू.चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू,उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार, मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रज़ि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आज़ाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने बधाई दी है.

## स्टेट वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप संपन्न

**रांची।** ईस्ट सिंहभूम वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के द्वारा एवं झारखंड वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षण में जमशेदपुर में झारखण्ड स्टेट वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई. दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के लगभग 100 खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने भाग लिया. चैंपियनशिप का आयोजन सोनारी कागल नगर स्थित कम्युनिटी सेंटर में किया गया था.जूनियर, युथ और सीनियर वर्ग में आयोजित इस राज्य चैंपियनशिप के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखण्ड दल का चयन किया जाएगा.

### धूमधाम से मनाया गया श्रीराणी सती मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव

# नारायणी लियो अवतार बधाई सारा भगता ने...

**संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में रविवार को श्रीराणी सती मंडल का 43वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सुबह सात बजे कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई. सजे दरबार में पंच देव संग नौ दुर्गा रूप में विराजमान श्रीराणी सती दादी के समक्ष आचार्य श्यामसुंदर भारद्वाज ने अनुष्ठान संपन्न कराया.

संयोजक सुशील केडिया सपत्नीक इसमें यजमान के रूप में हिस्सा लिया. इसके बाद संजय चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया. फिर मंडल के सदस्यों ने पहले भजन प्रस्तुत कर श्रीदादी के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. इनके बाद सूरत की सुरभि बिरजूका संग राजस्थानी वेशभूषा में सात सौ महिलाओ ने मंगला पाठ कर श्रीदादी की जीवन गाथा गायी. दोपहर दोपहर बाद श्रीहनुमान मंडल के सदस्यो ने भी दरबार में हाजिरी लगायी. शाम पांच बजे से वाराणसी की पायल अग्रवाल और कोलकाता के विजय सोनी ने मंच संभाल भक्ति गीतों की लड़िया लगा दी. नारायणी लियो अवतार बधाई सारा भगता ने ... और दादी दादी बोल दादी सुन लेसी ... जैसे भजनों पर रात नौ बजे तक श्रद्धालु नाचते-झूमते उत्सव का भक्तिआनंद उठाते रहे. महाआरती के साथ उत्सव संपन्न हुआ.



### तीन हजार भक्तों ने पाया सवामनी प्रसाद

वार्षिकोत्सव में तीन हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने सवामनी प्रसाद पाया. इससे पूर्व राजेश अग्रवाल ने छप्पन भोग लगाया, कमल मोर ने दादी जी को चुनडी उड़ाई , अभय अग्रवाल और रामअवतार राजगढ़िया ने गजरा अर्पित किया. सज्जन सर्राफ ने दादी जी को मेहंदी लगाई. अशोक सर्राफ ने सवामनी का भोग लगाया.

**दिया योगदान :** निर्मल बुधिया, विनोद झुनझुनवाला, राजेन्द्र केडिया, अरविंद मंगल, सुशील केडिया, निर्मल बुधिया, महेश कानोडीया, मनोज अग्रवाल, अमित खेमका, पवन फोगला, विजय खोवाल , राजेश पोद्दार , राजन प्रसाद , दिनेश गोयल ,सुमित गारोदिया, मनीष बागला, विशाल सिंघानिया, अशोक सर्राफ, आनंद टाईवाला, भरत बगदिया, दीपक गोयनका, अभिषेक केडिया, हरीश अग्रवाल , वीरेन्द्र बंसल, मुकुंद परसरामपूरिया, नरेश बंका, कैलाश सामोता, रोहित सरावगी, विनोद टाटिया, रौनक झुनझुनवाला आदि ने इसमें मुख्य योगदान दिया.

## आरवीपीएम ने 20 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ.

**संवाददाता। रांची**

रौनियार वैश्य प्रगतिशील मंच (आरवीपीएम) ने रविवार को प्रतिभा सम्मान 2024 का आयोजन रांची के प्रेस क्लब में किया. सम्मान समारोह में 20 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया. उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए. साथ ही, विशिष्ट कार्यों के लिए भी सम्मान प्रदान किया गया. आरवीपीएम द्वारा सहायता प्राप्त छात्रों के माता-पिता का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया. कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ शामिल हुए. मुख्य अतिथि संजय सेठ ने अपने संबोधन में आरवीपीएम के प्रयासों की सराहना की और रौनीयार समुदाय के लिए एक बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण के लिए 25 लाख के योगदान की घोषणा की. इस अवसर पर आरवीपीएम की वार्षिक पत्रिका का भी उद्घाटन किया गया.

### संस्कृत दिवस के आयोजन संग संपन्न हुआ कार्यकर्ता सम्मलेन

# वक्ताओं ने बताई संस्कृत भाषा की विशिष्टता व महत्ता

**संवाददाता। रांची**

अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश द्वारा रांची जिला के हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हाल में संस्कृत दिवस सह कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम का शुभारंभ कवि कोकिल विद्यापति रचित गोसवनि गीत जय जय भैरवी, असुर भयावनी से हुई. संस्कृत दिवस पर वक्ता के रूप में आये हुए डॉ चंद्रमाधव सिंह - प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख, संस्कृत भारती, झारखंड ने संस्कृत भाषा की विशिष्टता व महत्ता पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि संस्कृत भाषा देवताओं की भाषा है इस भाषा का सम्मान अपने भारत देश की सभ्यता एवं संस्कृति का सम्मान करना होगा. डॉ चंद्रमाधव सिंह व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अमरनाथ झा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव जी ने किया.

**विचारों के आदान-प्रदान के संग हुआ कार्यकारणी का विस्तार :** आयोजन के दूसरे सत्र कार्यकर्ता सम्मलेन का शुभारंभ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अपने वक्तव्य से किया. उन्होंने अपने संगठन के लोगो के आग्रह किया कि सर्वप्रथम रांची जिला को संगठित करते हुए संपूर्ण झारखंड में अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद को जिला, वार्ड संग पंचायत स्तर तक अपनी उपलब्धता बनानी है. कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश का संगरक्षक बिनोदानंद झा 'बुबु जी' को बनाया गया. परिषद के रांची जिला के उपाध्यक्ष के रूप मे विद्यानंद ठाकुर व महेश्वर साहनी, साथ ही संयुक्त सचिव के रूप में डॉ निशांत कुमार झा एवं डॉ निराला पाठक को नियुक्त किया गया. रांची जिला का कोषाध्यक्ष का दायित्व राधेश्याम यादव दिया गया है. संगठन का एकत्रीकरण करने के लिए संगठन सचिव का दायित्व अशोक सिंह जी को दिया गया है. महिला की भागीदारी ज्यादा से अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद से हो, इसके लिए रीना मिश्रा को झारखंड प्रदेश की संयोजिका नियुक्त किया गया.इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के पूर्व के इतिहास व वर्तमान परिपेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए भुवन किशोर झा ने अपने वक्तव्य को रखा. उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद द्वारा पूर्व में प्रकाशित पत्रिका संदेश को पुनः से प्रारम्भ करने एवं परिषद अन्य संस्थाओं से हटकर कार्य करने का सुझाव दिया. कार्यक्रम का संचालन किशोर झा ने किया. इस अवसर पर संरक्षक विनोदानंद झा, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ झा, महासचिव अजय झा, कोषाध्यक्ष विलट पोद्दार,प्रांतीय उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव रांची जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार झा, महासचिव राजीव झा, आशुतोष त्रिवेदी, काशिकान्त झा, मृत्युंजय झा, काशी कांत झा, सुधीर ठाकुर, उपेंद्र झा, भुवन किशोर झा, अवधेश ठाकुर संग कई लोग उपस्थित थे.



मैथिली परिषद के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया.

### कृष्णा तेरी मुरली ते भला कौन नी नचदा

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी आज



**संवाददात। रांची**

रविवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य के पूर्व में भव्य शोभा यात्रा सुबह 7:00 बजे से निकाली गई जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री लड्डू गोपाल जी की अलौकिक झांकी थी जो कृष्ण नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त हुईं तत्पश्चात् भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया शोभा यात्रा में भक्तों के द्वारा चौक चौराहा पर पुष्प वर्षा के साथ प्रसाद का भी वितरण भक्तों के द्वारा किया गया। शोभायात्रा में दुर्गा जागरण मंडली के गायकों द्वारा भजनों की गंगा बहाई गई. जिससे पूरा कृष्णा नगर कॉलोनी भक्ति मय हो गया दुर्गा जागरण मंदिर के केसर पपनेजा, पवन मनुजा, मनोज किंगर, ज्योति अरोड़ा और चंदन सरदाना के द्वारा भजनों की गंगा बहाई गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा के द्वारा दी गई। आज श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर पर रात्रि 9:00 बजे से वृंदावन से पधारे श्री रसिक पुराण पागल के द्वारा सुमधुर भजनों का कार्यक्रम होगा एवं दुर्गा जागरण मंडली के द्वारा भी भजनों का कार्यक्रम होगा एवं सुबह 11:30 बजे से 1:00 बजे तक मंदिर के पंडितों द्वारा संस्कृत में श्री भागवत गीता का पाठ होगा और दोपहर 2 बजे से 6:00 बजे तक सामूहिक हरि गीता का पाठ भक्तों के द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया गया है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल जसूजा मुखी राधेश्याम किंगर चंद्रभान तलेजा केसर पपनेजा रामचंद्र तलेजा, नंदकिशोर अरोड़ा मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा चुन्नीलालपपनेजा चन्दन सिडाना अरुण जसूजा किशोरी पपनेजा , गौरीशंकर मादनपोत्रा, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विशाल अरोड़ा कमल घई नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश तलेजा विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़ और इनके समाज के कई लोग अपना योगदान दे रहे हैं.



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी जन्माष्टमी

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने विशेष सभा आयोजित कर धूमधाम से जन्माष्टमी का उत्सव मनाया. इस कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय प्रार्थना से हुई. जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पारंपरिक नृत्य और एक मधुर गीत प्रस्तुत किया गया. इस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक सुंदर झांकी और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की घटनाओं का अभिनय करना था. सभा में जन्माष्टमी के महत्व और इसके द्वारा शांति और एकता के मूल्यों को बढ़ावा देने पर एक विचारशील भाषण भी दिया गया. नन्हे-मुन्नों ने भी 'मैं भी कान्हा और कान्हा की राधे' थीम पर विभिन्न रंगों की पोशाकों में सज-धज कर यह संदेश दिया कि भगवान हर दिल में बसते हैं.

## मटका प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चे हुए शामिल

**रांची।** लिटिल चैंप स्कूल शर्मा मार्केट धुर्वा में रविवार को कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी. इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधा कृष्ण के रूप में हिस्सा लिया. वहीं मटका प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चे शामिल हुए. मुख्य अतिथि मुख्य शशिभूषण झा शामिल हुए. विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया. इस मौके पर स्कूल प्रबंधन की रूचि कुमारी, कामिनी सिंह, निकिता, अद्विक, आराध्या, गायत्री, कनक समेत अन्य शामिल थे.

## हजरत कुल्हाड़ी शाह बाबा के दरगाह में चादरपोशी



**रांची।** हजरत कुल्हाड़ी शाह बाबा ( र.) दरगाह/कर्बला में चेहल्लुम पर रविवार को दरगाह में महासचिव अकीलुर्रहमान के नेतृत्व में चादर पोशी की गई. इस अवसर पर केंद्रीय शांति समिति के सागर कुमार, सरफराज अहमद,अब्दुल खालिक ननहु,अब्दुल वाहिद, मो नईम, मो मुर्तुजा, खादिम अब्दुल मन्नान, परवेज अहमद बबलू, मो रिंकू, जाहिद राजा आदि शामिल हुए और सामूहिक दुआ में शरीक होकर देश व राज्य की खुशहाली, एकता भाईचरगी, समृद्धि, विकास और आपसी सदभाव की मांगी दुआ.

## पठान तंज़ीम चुनाव 2024 शांति पूर्ण माहौल में संपन्न

**रांची।** पठान तंजीम रांची चुनाव 2024 आज शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. यह चुनाव अंजुमन मुसाफिरखाना में सुबह 9 से 4 बजे तक चला. चुनाव के बाद मतों की गिनती हुई. जिसमे अध्यक्ष अयूब राजा खान बने. सहसचिव मोहम्मद रिजवान और कोषाध्यक्ष तौसीफ अहमद खान बने. ज्ञात हो की मोहम्मद शहजाद बबलू महासचिव और मोहम्मद वसीम खान( बबलू )उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए थे. इस चुनाव में कुल 1284 वोटर है जिसमे से लगभग 450 वोटरों ने मतदान किया. चुनाव शांति पूर्ण माहौल में कराने के लिए चुनाव टीम को लोगों ने मुबारकबाद दी. साथ ही अय्यूब राजा खान को लोगों ने गले लगा कर जीत की मुबारकबाद दी. सबसे पहले उनके बड़े भाई शहर के प्रख्यात समाजसेवी सह आजसू नेता अशरफ खान चुन्नू ने मुबारकबाद दी. इस मौके पर पूर्व पार्षद मो आलम, कांग्रेस नेता मो वसीम राज, अकीलुर रहमान, नदीम खान, नदीम इकबाल, खालीद उमर, हाजी फिरोज आदि लोगों ने मुबारकबाद दी.

## मोरहाबादी में होगा रावण दहन, कुणाल बने कमेटी के चेयरमैन

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी की बैठक रविवार को सुधार उग्गल की अध्यक्षता में हुई.



बैठक में आगामी कार्यक्रमों के आयोजन, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन बिरादरी द्वारा संचालित स्कूल प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा हुई. साथ ही भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई. इस दौरान दशहरे में मोरहाबादी मैदान में बिरादरी की ओर से आयोजित किए जानेवाले रावण दहन को लेकर भी चर्चा हुई. इसके आयोजन के लिए बैठक में सर्वसम्मति से कुणाल अजमानी को चेयरमैन मनोनीत किया गया. इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुलाने का निर्णय लिया गया. बैठक में बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश खन्ना, कुणाल अजमानी, अंचल किंगर, राहुल मक्कर आदि मौजूद थे.

## स्किल डेवलपमेंट जागरूकता पर सेमिनार आयोजित



**रांची।** रविवार को द रांची प्रेस क्लब सभागार में अंतर्राष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वाधान में स्किल डेवलपमेंट जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में राज्यभर के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया. फाइनेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग के बारे में चीफ़ मैनेजर सीएमपीडीआई सुरेश बहेरा ने विस्तृत में जानकारी दी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमए मुकेश कुमार वित्त निदेशक मेकॉन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान और कौशल विकास ही जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी है. उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी पेशेवर छात्र-छात्राओं को लघु उद्योगों ओर अन्य संगठनों के साथ मिलकर रोजगार के लिए कार्य किया जा रहा है. कार्यक्रम में मुख्य रूप सीएमए मुकेश कुमार, सीएमए राजकुमार अग्रवाल महाप्रबंधक जेवीएनएल, सीएमए रंजीत अग्रवाल, अजय दीप बाधवा, प्रभास मिश्रा, वेणी माधव झा, मनोज सिंह, गौतम सरकार, राजकिशोर साहू सहित कई सदस्य उपस्थित रहे.

## कोकर पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष बने रोहित

**रांची।** कोकर पासवान कल्याण समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव कोकर बाजार में रविवार को सम्पन्न हुआ, जिसमे पासवान समाज के 804 मतदाताओं हिस्सा लिया. इसमें बड़ी संख्या मे महिला-पुरुष शामिल हुए.सभी लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया.चुनाव परिणाम की घोषणा कोकर बाजार में की गयी. जिसमे रोहित रंजन उर्फ़ बबलू पासवान अध्यक्ष चुने गये. मौके पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी लाल पासवान, शिव पासवान, छोटू पासवान, जयप्रकाश, बंटी पासवान, धर्मेंद्र राम, गुड्डन पासवान, संतोष पासवान आदि शामिल थे.

## करम पूर्व संध्या समारोह 13 सितंबर को

**रांची।** आरटीआई बिल्डिंग, कचहरी में रविवार को करमपूर्व संध्या को लेकर सरना नवयुवक संघ की बैठक हुई. इसमें इस बार भी हर्षोल्लास से करम पूर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की. कुड़ुख विभाग के प्रोफेसर बंदे उरांव ने बताया कि 13 सितंबर 2024 को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप मे हर्षोल्लास से करम पूर्व संध्या मनाया जाएगा. इसमें पांच लोग को सम्मानित किये जाएंगे, जो शिक्षाविद्, चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक कार्य के आईएएस, आईपीएस और मॉडलिंग को सम्मानित किया जाएगा. इसके अलावा एक पत्रिका का विमोचन भी होगा. उसके बाद सुबह से शाम तक पांच जनजातीय भाषाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. इसमे मुंडारी, कुड़ुख, संथाली, खड़िया और हो भाषा के छात्र-छात्राएं एकल गीत और सामूहिक गीत प्रस्तुत करेंगे.

## अंश क्लब ने बांधगाड़ी एफसी को 1-0 से हराया



**रांची।** 10वीं पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा चैलेंजर्स फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को अंश क्लब कांके और बांधगाड़ी एफसी के बीच मुकाबला हुआ. इस रोमांचक मुकाबले में अंश क्लब ने बांधगाड़ी एफसी को 1-0 से हराया. मैच का एकमात्र गोल अंश क्लब के कप्तान विक्की ने दागा, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. मैच में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त रूप से अमित भगत, लिटिल विंग्स स्कूल के डॉयरेक्टर रमेंद्र कुमार और सेरसा के सेक्रेटरी ओम प्रकाश ठाकुर शामिल थे. मैच के दौरान संतोष लकड़ा, राजू रजक, कुंदन उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## कोलकाता कांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट ने रविवार को कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला. संस्था के निदेशक पंकज सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संस्था के परिसर में शोक व्यक्त किया. घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की. बायोम के निदेशक पंकज सिंह ने इस अमानवीय कुकृत्य पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान पर आभार व्यक्त करते हुए अपील किया कि महिला चिकित्सक की निर्मम हत्या के दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए.

**कार्यक्रम**

### हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिस का आयोजन

# शहर में आज निकलेगा चेहल्लुम पर मातमी जुलूस

**संवाददाता। रांची**

मस्जिद जाफरिया में हजरत इमाम हुसैन की याद में मजलिस का आयोजन किया गया. इस मजलिस को मौलाना गुलाम अली नकवी ने संबोधित किया. मजलिस की शुरुआत फरमान जंगीरपुरी और सबीह गोपालपुरी की पेशखानी से हुई, मजलिस के बाद सबीह इमाम अली असगर का झुला व अलम मुबारक निकाला गया. यह जानकारी युवा समाजसेवी सैयद फराज अब्बास ने दी. उन्होंने कहा कि रविवार को मस्जिद जाफरिया में मजलिस के बाद सबीह इमामे हुसैन ताबूत व अलम निकाला गया. 26 अगस्त चेहल्लुम के दिन सुबह 9.30 बजे अनवर आर्केड अंजुमन प्लाजा के बगल में मजलिस होगी, जिसे मौलाना गुलाम अली नकवी संबोधित करेंगे. फरमान जंगीपुर और सबीह गोपालपुरी पेश खानी अशरफ हुसैन रिजवी, सैयद नेहाल हुसैन सरैयावी, अता ईमाम, कासीम अली पेश करेंगे. मजलिस के बाद चेहल्लुम का जुलूस मेन रोड, अंजुमन प्लाजा, उर्दू लाइब्रेरी, डेली मार्केट, चर्च रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक से कर्बला पहुंचकर संपन्न होगा. उर्दू लाइब्रेरी, अंजुमन प्लाजा, डेली मार्केट और कर्बला चौक के पास जंजीरी मातम किया जायेगा. उर्दू लाइब्रेरी के पास बनारस से आए मौलाना नासिर आजमी जुलूस को संबोधित करेंगे, इस जुलूस को लेकर रांची जिला प्रशासन, रांची नगर निगम अपनी तैयारी में लगी है. यह कार्यक्रम स्वर्गीय सैयद अनवर हुसैन अधिवक्ता के परिजनों के द्वारा किया जा रहा है. मजलिस ए शोहदा ए कर्बला का आयोजन.





### इमाम हुसैन पूरी कायनात के लिए है : मौलाना आजमी

**रांची।** शहीद ए आजम, नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में चेहल्लुम के अवसर पर मजलिस, व जिक्र शोहदा ए कर्बला का सिलसिला जारी है. सैयद जफरुल हसन व सैयद मेहंदी इमाम के हिंदपीढ़ी आवास पर मजलिस ए अजा आयोजित की गई. मजलिस में आये मुंबई के मौलाना सैयद नसीर आजमी नें खिताब फरमाते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने शहादत देकर दीन ए इस्लाम व मानवता को बचा लिया.

### पाजेब और आसरा के देश मेरा रंगीला कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों ने बिखेरी देश भक्ति की सतरंगी छटा

**संवाददाता। रांची**

दरबार बैंक्वेट हॉल, फ्रेंडस कॉलोनी पंडरा का परिसर रविवार को देश भक्ति नृत्य-गीत से गुलजार रहा. यहां नृत्य व कला प्रशिक्षण संस्थान पाजेब और आसरा की ओर से आजादी के 78वें वर्षगांठ पर देश मेरा रंगीला कार्यक्रम का खास आयोजन किया गया. इसमें दो सौ से ज्यादा बच्चो ने नृत्य-गीत प्रस्तुत कर देश भक्ति की सतरंगी छटा बिखेरी.इसमें बड़ी संख्या में दर्शको के साथ राज्यसभा सांसद महुआ मांजी, मशहूर रंगकर्मी और अभिनेता शेखर वत्स, डॉ करुणा शाहदेव, डॉ अंशुमान देव ने भी भागीदारी निभायी. बाल कलाकारो की प्रस्तुति को खूब सराहा. महुआ मांजी ने संस्था की तारीफ करते हुए कहा कि देश भक्ति से लबरेज़ ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता जन चेतना के लिए जरूरी हैं. दोपहर साढ़े 12 से शाम साढ़े छह बजे तक बैगर रूके कार्यक्रम चलता रहा. बारी-बारी से बच्चे परफॉर्म कर वाह-वाही लूटते रहे. मंच संचालन शिक्षा लाल, प्रवीण दीक्षित ने और धन्यवाद ज्ञापन अनुश्री सिन्हा ने किया.

**किए गए सम्मानित :** कोरियोग्राफर प्रवीण दीक्षित,दीपक कुमार,अरुण राम, डेनिस, दीपक पांडे,अमन मालाकार, रिया कुमारी, शिखा, श्रेया सुरभी ,पिंटू राम सहित मशहूर गायक दीपक श्रेष्ठ और रजत पाठक को सम्मानित किया गया.

**संचालन में दिया योगदान :** मुकेश श्रीवास्तव,सौरभ सहाय, आलोक वर्मा, दीपक गुप्ता, दिनेश महतो बॉबी, अनीश पांडेय, राहुल, श्रेया, सुरभि, छाया, उषा वर्मा आदि ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया.



ब्रीफ खबरें

## टांगी से मार कर किया घायल, थाने में आवेदन

**रातू ।** रातू थाना क्षेत्र के फुटकल टोली ग्राम निवासी अफरोज अंसारी ने रविवार को रातू थाना में आवेदन देकर न्यू पिर्रा निवासी समीर अंसारी, उसकी पत्नी-कबुलन खातून, सरफराज अंसारी पर गाली गलौज करने एवं बगल में खड़ी गाड़ी में रखे हुए टांगी को निकालकर पीछे से हमला कर सिर पर वार करने आरोप लगाया है. आवेदन में उन्होंने कहा है कि जब वह अपने घर से काठीटांड चौक बच्चे का किताब खरीदने जा रहे थे, तभी हमला किया गया, जिससे खुन निकलने लगा एवं कान के उपर एवं नीचे मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया .

## शिव दुर्गा मंदिर मांडर में जन्माष्टमी आज

**मांडर।** शिव दुर्गा मंदिर मांडर समिति की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार शाम सात बजे से मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूजा समिति के सदस्यों द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है. आयोजन समिति के संरक्षक पिंटू तिवारी ने बताया कि 11 टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं.

## बच्चों को दवा पिलाकर की अभियान की शुरुआत

**ओरमांझी।** पोलियो मुक्त भारत अभियान के तहत आज से पूरे देश में पल्स पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई है.ओरमांझी में भी पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने बच्चों को पोलियों ड्रॉप पिलाकर किया.उप मुखिया सह भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता ने अपने पंचायत क्षेत्र से इस अभियान की शुरुआत की है. ओरमांझी पंचायत के काली मंदिर के समीप से उप मुखिया ने इस अभियान की शुरुआत की.उन्होंने बताया कि आज पहले दिन प्रखंड का लक्ष्य 16 हजार 193 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का है.

## झामुमो नेता ने आजसू का दामन थामा

**नामकुम।** आजसू पार्टी ग्राम प्रभारी एवं पंचायत प्रभारियों का बैठक प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ . झामुमो नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिनोद बड़ाईक आजसू पार्टी के नीति सिद्धान्तों से प्रभावित होकर आजसू पार्टी का दामन थामा. मौके पर केंद्रीय सदस्य जितेंद्र सिंह,रांची जिला अध्यक्ष सह नामकुम उपप्रमुख वीणा कुमारी, फुलकुमारी देवी, प्रदीप जायसवाल, खुसबू बड़ाईक, नीला देवी,मोनिका कुजूर,आदि लोग मौजूद रहे.

## चान्हो में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**चान्हो।** बीजूपाड़ा स्थित स्मार्ट बैंक्वेट हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के कई पदाधिकारी मौजूद हुए. मन की बात की 113 वीं एपिसोड को भारत के 13 राज्यों में लाइव प्रसारण किया गया जिसमें झारखंड भी शामिल है. इस केंद्र को टी वी पर लाइव देखा गया. यह कार्यक्रम भाजपा नेता सन्नी टोप्पो की अगुवाई में की गई. मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, सोनी तबस्सुम, शफीक अंसारी, सतेंद्र प्रसाद, भाजपा नेता राम नारायण भगत, नीतू कुजूर,अमित सिंह, सुधाकर चौबे, अमित कुमार आदि शामिल थे.

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी का शिव टहल ने किया स्वागत

**ओरमांझी।** रविवार को रांची एयरपोर्ट पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर का कांके विधानसभा क्षेत्र के युवा, कर्मठ,जुझारू नेता सह एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिव टहल नायक के नेतृत्व में आदिवासी रीति रिवाज गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया. वहीं शिव टहल नायक ने कहा कि जब जब झारखंड के धरती पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की आगमन होती है तो सारे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का जोश उमंग बढ़ता है और कार्य करने की दुगुना क्षमता बढ़ता है.

## फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण

**मांडर।** प्रखंड की करगे पंचायत के ग्राम रेगे मल्हारटोली में जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया. उन्होंने ने कहा कि आज के दौर में हमारे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को यदि उचित संसाधन मुहैया कराया जाए तो ये लोग आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर पूरे देश में अपना और समाज का नाम रोशन करेंगे. मौके पर मुकेश खलखो, मुजाहिद अंसारी आदि मौजूद थे.

### वक्फ की संपत्ति हमारा अधिकार पर मुस्लिम लीग का सेमिनार, बोले मौलाना असगर

# वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर केंद्र की दखल अंदाजी बर्दाश्त नहीं

**संवाददाता। रांची**

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग जिला कमेटी रांची के तत्वावधान में एवं जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी के नेतृत्व में मेन रोड स्थित होटल सरताज में केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा लाए जा रहे वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के विरुद्ध वक्फ की संपत्ति हमारा अधिकार पर रविवार को सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मौलाना असगर मिसबाही खतीब बरियातू जमा मस्जिद, मौलाना अब्दुल्लाह नदवी प्रधान अध्यापक कुल्लीयतुल बनात तरबियतिल इस्लामिया रातू शामिल हुए. मौलाना असगर मिसबाही ने कहा कि जिस तरह से केंद्र की भाजपा सरकार वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लाने की योजना बना रही है इससे देश के मुस्लिम समुदाय को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक तौर पर लाचार बनाने का काम कर रही है. केंद्र सरकार की इस मुस्लिम विरोधी नीति का हम विरोध करते हैं, उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय को वक्फ बोर्ड की संपत्ति के बारे में जानकारी नहीं है, मुस्लिम समुदाय को इसकी जानकारी के साथ-साथ केंद्र सरकार की इस मुस्लिम विरोधी नीति के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज करने के लिए जागरूक करना होगा.




### हर धर्म का अपना एक रिवाज होता है

मौलाना अब्दुल्लाह नदवी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से एक समुदाय को परेशान कर रही है, हर धर्म का अपना एक रिवाज होता है जिसके साथ छेड़छाड़ करना सही नहीं है . वक्फ बोर्ड में मुस्लिम समुदाय के अलावा किसी दूसरे धर्म के लोगों को जिम्मेदार बनाना हमें मंजूर नहीं है .

### राज्य के हर जिले में मुहिम तेज की जाएगी : इम्तियाज

सेमिनार में उपस्थित परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के अध्यक्ष मो इम्तियाज उर्फ मुन्ना भाई ने कहा कि केंद्र सरकार के विरुद्ध राज्य के हर जिले में मुहिम को तेज करना होगा. मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मो शहाबुद्दीन, प्रदेश सचिव परवेज आलम, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुर्शीद अंसारी, पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सोनू आदि ने अपने-अपने विचार रखे .

### पल्स पोलियो अभियान की हुई शुरुआत, बच्चों की दी गयी दवा

# रांची के पांच लाख बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य

**संवाददाता। रांची**

पल्स पोलियो राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस के अवसर पर शनिवार को रांची में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस दौरान नवजात बच्चों को पोलियो का दो बूंद ड्रॉप पिलाया गया. सिविल सर्जन ने बताया कि पूरे राज्य में 61 लाख और रांची जिला का 0-5 वर्ष का लक्ष्य पांच लाख सात हजार बच्चों को पल्स पोलियो कि खुराक देने का है. 26 व 27 अगस्त को घर-घर जाकर पोलियो का ड्रॉप पिलाया जायेगा. रविवार को पोलियो की खुराक के लिए कुल 3893 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 7778 टीका लगानेवाला, 573 सुपरवाइजर, 22 ट्रांजिस्ट प्वांट, 104 मोबाइल टीम और 195 सब डीपो बनाए गए हैं. इसकी सफलता के लिए बैनर, पोस्टर, होडिंग एवं माइकिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराए जा रहे हैं.सफलता का श्रेय सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को जाता है. इसमें लाखों की संख्या में कर्मी कार्य कर रहे हैं, जिसमें सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, एनजीओ शामिल है.

कार्यक्रम में अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अब्बु इमरान, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सी के शाही, राज्य नोडल पदाधिकारी प्रतिरक्षण डॉ बीरेन्द्र कुमार, सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ बिमलेश कुमार सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ ऐके माझी, डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ सुधानंद, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम एनिमा किस्को, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीन कुमार सिंह, जिला लेखा प्रबंधक तारापद कोईरी, डॉ अमरेन्द्र, डॉ वनेस माथुर, राज्य समन्वयक यूनिसेफ, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीति चौधरी एवं सदर अस्पताल के अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारा कर्मी मौजूद थे.



### रातू में बच्चों को पल्स पोलियो खुराक पिलाई गयी

**रातू।** रातू प्रखड में 258 बुथों में कुल 17816 बच्चों को (0 से 5 साल के बच्चों को) पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई .रातू स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर का उदघाटन रातू उतरी पंचायत की मुखिया महेशवरी देवी ने किया. मौके पर सीएससी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजित कश्यप,अमित कुमार समेत स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे .

### पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंकना आवश्यक : सविता उरांव

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो कार्यक्रम के तीसरे चरण में विशेष अभियान चलाकर 132 पोलियो केंद्र में लक्ष्य 12175 बच्चों में से 9010 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई . शेष बच्चों को 26 एवं 27 अगस्त को घर घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी . प्रखंड स्तरीय पोलियो केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फीता काटकर बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव ने अभियान का शुभारंभ किया . इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता लकड़ा और मुखिया सविता उरांव ने 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक दी . इस मौके पर सविता उरांव ने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष से पोलियो को जड़ से उखाड़ फेंकना आवश्यक . इसी लक्ष्य के लिए हम सभी प्रयास कर रहे हैं . ग्रामीण इलाकों में पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों में जागरूकता की बहुत आवश्यकता है . जब सभी जागरूक होंगे तभी कार्यक्रम शत प्रतिशत सफल होगा . प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता लकड़ा ने राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के तहत चलाए जा रहे पल्स पोलियो कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि भारत सरकार और स्वास्थ्य विभाग पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी एक कर दी है . वहीं ककरिया उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ पुष्पा एक्का, एएनएम सीता कुमारी, एएनएम उषा बाला जयंती, एएनएम प्रमिला कुमारी तथा आंगनबाड़ी सेविका मीनू देवी की उपस्थिति में उप मुखिया सिलिमा देवी एवं समाजसेवी सुमित कुमार ने 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया . ककरिया में 57 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई . राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवगांव में प्रभारी प्रधानाध्यापक शंकर खलखो, राजकीय प्राथमिक विद्यालय माडी.मंगराटोली में प्रभारी प्रधानाध्यापक देवराम भगत, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोकरोन्दा में राजेन्द्र साहु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चालांगी में प्रभारी प्रधानाध्यापक रविराज पन्ना, राजकीय प्राथमिक विद्यालय परसा में नंद किशोर भगत ने पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया .

## भाजपा नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने बुढ़मू का किया दौरा

**बुढ़मु।** भाजपा नेता सह भाजपा प्रदेश संयोजक कार्यक्रम सह बैठक विभाग झारखंड प्रदेश के स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने रविवार को बुढ़मू प्रखंड के कई क्षेत्रों का दौरा किया . लोगों की जनसमस्याओं से अवगत हुए. इस दौरे के क्रम में शनिवार को हुए सड़क दुर्घटना में मृत युवक रोहित मुंडा के घर मक्का डहु टोला गांव भी गए और परिजनों को सांत्वना देते हुए यथा संभव सहायता भी प्रदान किया. तत्पश्चात वापसी के क्रम में बुढ़मू चौक में अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श भी किया.

## बुंडू में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बुंडू।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट निरामया अस्पताल कोकर रांची की ओर से रविवार को मिलन मंदिर सेवा संघ बुंडू मे निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विभिन्न प्रकार के बीमारियों के 126 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर डॉक्टरों का परामर्श लिया. शिविर में हड्डी रोग, हृदय रोग, जेनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, दन्त चिकित्सक,एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अखिलेश प्रसाद, डॉ भी के गुप्ता, डॉ स्वेत, डॉ हरिदास, डॉ दीक्षा सिंह, और डॉ मार्शल टुडू इत्यादि ने अपनी सेवाएं दी.

## आजसू सिल्ली नगर ग्राम प्रभारी की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली/मुरी ।** आजसू पार्टी सिल्ली नगर के ग्राम प्रभारीयों की बैठक का आयोजन बुद्धिजीवी मंच के नरोत्तम गोराई के अध्यक्षता में किया गया. बैठक में केंद्रीय सचिव सुनील सिंह,केंद्रीय सचिव सह सिल्ली के राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव,पुर्व जिप सदस्य सह केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण साहू, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, बुद्धिजीवी मंच के विजय मंडल,भागवत सोनार, नवल किशोर गुप्ता एवं नगर के 12 बूथ क्षेत्र के ग्राम प्रभारी शामिल हुए.

# सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता। रातू**

सहारा इंडिया के अभिकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सोपा. ज्ञापन में सहारा इंडिया के अभिकर्ता एवं जमाकर्ताओं के लंबित भुगतान पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया. ज्ञापन में भविष्य निधि में जमा रूपयों का भुगतान कराने ,सीआरसीएस द्वारा निबंधित हुए जमाकर्ताओं को इससे कोई लाभ नहीं हो रहा है. जमाकर्ताओं द्वारा अभिकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है ज्ञापन में इस दिशा में थाना को दिशा निर्देश देने की मांग की गई है ,ताकि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की रक्षा हो सके .साथ ही सहारा इंडिया के केंद्रीय कार्यालय एवं माननीय न्यायालय में हो रहे कार्यकलापों की जानकारी सभी अभिकर्ताओं को ऑनलाइन दिया जाए जिससे वे अद्यतन स्थिति से जमाकर्ताओं को अवगत करा सकें. प्रतिनिधिमंडल में त्रिलोक साहू, रोहित पाल गोप,अजय शर्मा ,प्रभात रजक, मिथिलेश कुमार, राजेश साहू, शिव सहाय कुमार, ओमप्रकाश वर्मा, दिलु साहू ,जावेद अंसारी, विश्वनाथ उरांव एवं राम प्रसाद वर्मा आदि शामिल थे.



## लापुंग में लखपति दीदियों को किया गया सम्मानित

**बेड़ो।** एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव मेंलखपति दीदी कार्यक्रम में शामिल हुए और देशभर की दीदियों को सम्मानित किया. वहीं लापुंग प्रखंड में जेएसएलपीएस द्वारा संकुल स्तरीय लखपति दीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह जेएसएलपीएस की बीपीएम सविता सांगा, एफटीसी सीमा सिंह, आजीविका बीआरपीकार्तिक भगत और जूही सुल्ताना की उपस्थिति में आयोजित किया गया. मौके पर लखपति महिला किसान दीदियों को सम्मान पत्र दिया गया. सम्मान पत्र पानेवाली दीदियों में रंथी देवी, प्रभा देवी, सावित्री देवी, सरिता देवी, इंदू देवी, सुमति देवी, राधिका देवी, जमावती देवी, अनिता देवी के साथ सीआरपीएफ लखपति दीदी सुनीता देवी, शांति भेंगरा, अंजनि देवी, श्यामा मुंडा और सविता देवी शामिल हैं.

# भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के विरुद्ध होगा एक और उल्गुलान : डॉ. भगत

**संवाददाता। मांडर**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बाइक रैली व सभा मांडर प्रखंड के बिसाहाखटंगा में संपन्न हुई. जिसमे मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत शामिल हुए. बाइक रैली मांडर से प्रारंभ होकर बिसाहाखंटगा में संपन्न हुई. तत्पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी अब्दुल गफ्फार ने कहा कि आज तक हम सभी लोग शोषित हो रहे है. हाजी शाकिर इस्लाही ने कहा की वर्तमान विधायक और उनके पिताश्री को मांडर की जनता विगत 20 वर्षो से मौका दे रही है लेकिन कोई ठोस काम धरातल में नजर नहीं आ रही है. डॉ परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों से कहा कि बीते 20 वर्ष में जो काम देखने को नहीं मिल रहा है. चाहे वह स्थाई डोमिसाइल नीति, पेसा कानून, आदिवासी सरना कोड, नियोजन नीति, पलायन रोकने की नीति और कुटीर उद्योग लगाने से संबंधित नीति, टाना भगत विकास प्राधिकरण का पुनर्गठन, उर्दू एकेडमी एवं मदरसा बोर्ड का गठन हो इन तमाम बिंदु पर काम करने की जरूरत है. मौके पर हातिम अंसारी, अमानत अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, फिरदौस खान, अली अंसारी, महबूब अंसारी, रोजिद अंसारी, सलीम अंसारी, जहरुद्दीन अंसारी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित.



**आयोजन** एचआरडीसी सभागार हॉल में दूसरे दिन भी लेखन कार्यशाला का आयोजन

# नियमित अध्ययन ही बनाएगा बेहतर रचनाकार : पूर्ति

**संवाददाता। रांची**

जीईएल चर्च के एचआरडीसी सभागार हॉल में रविवार को दूसरे दिन भी लेखन कार्यशाला का आयोजन हुआ. इसमें मुख्य अतिथि जमशेदपुर प्रेस क्लब के सचिव विनय पूर्ति, जीईएल चर्च के पादरी रेव्ह निरल बागे, डिप्टी मॉडरेटर मुरेल बिलुंग, रेव्ह आशीषन बागे, गोल्डन महिमा बिलुंग उपस्थित हुए.लेखन कार्यशाला में विशाखापटनम. असम, सिमडेगा, ओडिशा समेत अन्य डायसिस के युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत परमेश्वर आराधना से शुरू की गई. मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के सचिव विनय पूर्ति ने लेखन कार्यशाला के बारे मे बारीकी से बताया. कहा कि पुस्तकों, अखबारों व पठनीय सामग्रियों का नियमित अध्ययन करने से ही बेहतर लेखक और रचनाकार बना सकता है. इसकी शुरुआत आत्म लेखन से शुरू कर सकते हैं. इसके बाद आसपास के चीजों को देख कर लिख सकते हैं. नियमित लेखन से पढ़ने-लिखने की जिज्ञासा बढ़ेगी.अन्य वक्ता के रूप में आशीष तिग्गा ने भी लेखन कार्य की आवश्यकता, शब्दों के माध्यम से पाठक के सामने दृश्य स्थापित करना, कॉपी राइट कानून, सहित अन्य विषयों की जानकारी दी. कहानी लेखन के बारे में पादरी निरल बागे, हिंदी शब्दकोष, पर्यावाची शब्दों के बारे में एलिस डुंगडुंग ने अपने विचार रखे.


कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि.

### इस पर भी दिये गये टिप्स

- लेखन का अभ्यास नियमित रूप से करें .रोज अखबार पढ़ें
- अपनी पसंदीदा चीजों को लेखन सामग्री मे शामिल करें .
- अपने लेखन पर दूसरों से प्रतिक्रिया लें और सुधारें
- लेखन कार्यशालाओं और साहित्य समूहों में शामिल हों .
- प्रकाशन के लिए अपने काम को भेजें या ब्लॉग लिखें

## माले मासस की एकता रैली नौ सितंबर को

**रांची।** जरीडीह प्रखंड में रविवार को भाकपा माले की बैठक हुई. मौके पर माले राज्य स्थायी कमिटी के सदस्य भूवनेश्वर केवट ने कहा कि भाकपा माले के साथ मासस का एकीकरण के अवसर पर नौ सितंबर को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में एकता रैली होगी. मासस माले की एकीकरण झारखंड में राजनीतिक बदलाव के संकेत हैं. झारखंड में वाम एकता की दिशा में एकता रैली की नई शुरुआत है. झारखंड अलग राज्य के आंदोलन से लेकर कोयलांचल में मजदुर आंदोलन की गौरवपूर्ण विरासत मासस की रही है. वहीं भाकपा माले की नक्सलबाड़ी की किसान आंदोलन से लेकर झारखंड में महेंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण गरीबों वंचितों की लंबे संघर्ष का इतिहास है. दोनों दलों की मिलन से सिर्फ कोयलांचल नहीं झारखंड और देश की राजनीति में नई एकता का संदेश जाना तय है.

न्यूज अपडेट

## खस्सी व्यापारी को दो अपराधियों ने गोली मारी

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के होनलोर गांव के पास दो अज्ञात अपराधियों ने खस्सी व्यापारी दुर्गा कंसेरा को रविवार को दिन के 10 बजे गोली मारकर घायल कर दिया. गोली लगने के बाद दुर्गा अपने तीन साथियों के साथ जंगल में 15 किमी भागकर घर पहुंचा . उसके बाद परिजनों के साथ तमाड़ थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई. बताया जाता है कि तमाड़ के पुंडिदिरी गांव निवासी दुर्गा कंसेरा अपने साथी दिनेश कंसेरा और भरत कंसेरा के साथ एक बाइक से दलभंगा बाजार खस्सी खरीदने के लिए जा रहा था. उसी दौरान होनलोर गांव के पास दो अपराधियों ने रुकनेका इशारा किया और रुकते ही दोनों मारपीट करने लगे. जान बचाने के लिए तीनों जब भागने लगे तो अपराधियों ने गोली चला दी. गोली दुर्गा कंसेरा के कंधा के नीचे लगी. गोली लगने के बाद तीनों जंगल से भागकर घर पहुंचे. इसके बाद परिजनों के साथ थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई.

## लोहरदगा में तालाब में डूबे तीन बच्चे, मौत

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी गांव में रविवार को खेलने के दौरान बच्चे बगीचा बांध तालाब के किनारे चले गए. जहां तीनों तालाब में नहाने लगे, इसी दौरान तीनों बच्चे तालाब के गहरे पानी में समा गए. इसके बाद आसपास के लोगों ने किसी प्रकार से तीनों बच्चों को तालाब से निकाल कर सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां पर चिकित्सकों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया. मृतकों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी गांव निवासी धंसराज उरांव के छह वर्षीय पुत्र प्रेम उरांव, शंकर उरांव के पांच वर्षीय पुत्र प्रत्यूष उरांव और विजय उरांव के पांच वर्षीय पुत्र हिमांशु उरांव के रूप में हुई है. परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार कि प्रेम, प्रत्यूष और हिमांशु अन्य बच्चों के साथ पोलियोरोधी की खुराक लेने गए थे. वहीं बच्चों के परिजन खेत में काम कर रहे थे.

## ट्रक डिवाइडर से जा टकराई , पांच की हुई मौत



**चरही (हजारीबाग)।** चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास रविवार की देर शाम भीषण सड़क हादसे में चालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई. जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. जानकारी के अनुसार एक एस्सार ट्रक में टेंट का सामान लाद कर कुछ लोग वापस रांची जा रहे थे. इसी बीच रांची- पटना मार्ग के चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई. ट्रक पलटते ही उस पर सवार मजदूर सड़क पर आ गए. दुर्भाग्य से पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने सड़क पर खड़े मजदूरों को कुचल दिया, जिसमें चालक समेत पांच लोगों कि मौत हो गई है. जबकि कुछ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घटना की सूचना पर चरही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी मृतकों एवं घायलों को सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा. समाचार लिखे जाने तक मृतकों एवं घायलों कि पहचान नहीं हो पाई थी.

## सुतियाम्बेगढ़ ईंद मेला 16 को,तैयारी शुरू

**कांके।** पिठोरिया के सुतियाम्बेगढ़ ईंद मेला 16 सितंबर को होगा. इसकी तैयारी को लेकर ईंद मेला टांड़ में मेला समिति के संरक्षक पेपला उरांव की अध्यक्षता मेंबै ठक हुई. इसमें करमा परब और ईंद मेला के सफल आयोजन को लेकर रणनीति बनाई गई. बैठक में 12 पड़हा, 22 पड़हा और झीका पड़हा के लोग शामिल हुए. मेला के आयोजन समिति का कार्यकाल पूरा होने के कारण इसका पुनर्गठन किया गया. इसके तहत आयोजन समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, उपाध्यक्ष फ्रांसिस लिंडा, तीर्थनाथ पाहन, मतियस उरांव, बलराम मुंडा, दरिद्रनाथ पाहन, अभिषेक मुंडा, राजेश तिर्की, भगत उरांव, महासचिव प्रो भादी प्रकाश उरांव, सचिव सूरज मुंडा, बलेश्वर उरांव, सुरेश मुंडा, लक्ष्मीकांत उरांव, सोमा उरांव, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, रामूउरांव, संरक्षक पेपला पाहन, साधुलाल मुंडा, जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, लाखो उरांव, बाबूलाल महली, शिवशंकर मुंडा, एतवा उरांव और रतन पाहन चुने गए.

## 65 ग्रामीणों ने रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश




**डकरा।** मैक्लुस्कीगंज के हेसालौंग जैसे छोटे से गांव के 65 ग्रामीणों ने मिलकर रक्तदान कर यह संदेश देने का काम किया है कि मानवीय सेवा जैसे कार्य में यहां के लोगों का कोई जवाब नहीं है.शिविर में रक्तदाताओं के साथ-साथ ग्रामीणों ने जो उत्साह और सहयोग किया है वह प्रशंसनीय है.उक्त बातें लपरा मुखिया पुतुल देवी ने कही.वे रविवार को हेसालौंग शिव मंदिर में आयोजित रक्तदान शिविर के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी.उन्होंने कहा कि यह दान महादान है जिसका दूसरा कोई विकल्प नहीं है.इसके पहले थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ सिविल सोसायटी खलारी-डकरा द्वारा आयोजित 20वां रक्तदान शिविर का उदघाटन मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो,लपरा मुखिया पुतुल देवी और मैक्लुस्कीगंज थाना के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया.सदर अस्पताल रांची के सहयोग से शिविर लगाया गया था.

## हरियाणा संघ चलायेगा सदस्यता अभियान

**रांची।** हरियाणा संघ संचालन समिति की बैठक विनोद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया की हरियाणा के मूल निवासियों को अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार सदस्यता ग्रहण कराया जायेगा. एक सितंबर को संचालन समिति की पुनः बैठक में तिथि तय कर आम सभा बुलाकर बनाये गए सदस्यों के बीच कार्यसमिति का चुनाव किया जाएगा.संचालन समिति की अगली बैठक एक सितंबर को पुनः होगी. जिससे सदस्यता अभियान को समीक्षा होगी . सदस्यता फार्म रमेश शर्मा, विनोद जैन,अनिल अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, के पास जमा कर रसीद अवश्य प्राप्त कर लेने को कहा गया है.बैठक में मुख्य रूप से विनोद जैन, अरुण शर्मा, प्रमोद सारस्वत,अनिल अग्रवाल , सुनील गुप्ता मौजूद थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का चैंपियन बनी अकमरोमा की टीम



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के पोकटा गांव के खेल मैदान में झारखंड रत्न झारखंड आंदोलनकारी दिवंगत लाल रणविजय नाथ शाहदेव स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. पोकटा ग्राम युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अकमरोमा की ग्रामीण टीम ने डुरु ग्रामीण टीम को 2-0 गोलों से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया. वहीं दरमीटोली की टीम तृतीय स्थान पर रही. कार्यक्रम के आयोजक दिवंगत झारखंड रत्न लाल रणविजय नाथ शाहदेव के पौत्र ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है. वहीं बतौर मुख्य अतिथि कर्नल ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव, विशिष्ट अतिथि लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, डॉ अजय नाथ शाहदेव आदि शामिल थे.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** गुरु मंगल के साथ चंद्रमा उच्च के हैं. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. कोई बड़ा कार्य सम्पन्न होगा.

**वृषभ** धर्म में खर्च होगा साथ ही दिखावा में भी खर्च होगा. नेत्र संबंधी रोग से बचें. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य में विलंब होगा. मौसमी बीमारियों से बचें, स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. पारिवारिक चिंता बनी रहेगी. अन्न दान करें.

**मिथुन** किसी अतिथि का आगमन होगा. दिखावा में ज्यादा खर्च हो सकता है. विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. निवेश शुभ रहेगा. आपके कार्य प्रभाव से आय होगी.

**कर्क** समय बहुत ही अच्छा है. आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी.

**सिंह** पिता के कार्य से लाभ होगा. उनकी आज्ञा से कार्य करें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे. सूर्य को जल दें.

**कन्या** कार्य बनेगा जिससे सामाजिक परिचय बढ़ेगा. धर्म मे मन लगेगा. पर वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** बेकार के बहस से बचें. समय सामान्य है. आपके कृत के कारण कोई अज्ञात भय सताएगा. पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**वृश्चिक** पार्टनर से कोई मतभेद हो सकता है. कोई अच्छा समाचार मिल सकता है. किसी व्यक्ति से बेवजह संबंधित बाधा से बचें. विरोधी सक्रिय रहेंगे. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा.

**धनु** समय शुभ है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर** शिक्षा में सफलता का योग है. संतान की देखभाल करें. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** मानसिक उलझनवाला दिन है. कोई बड़ा कार्य या बोलने से पहले विचार आवश्यक है. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

**मीन** समय बहुत ही फलदाई है. भाई के साथ संबंध मधुर होगा. पराक्रम से कार्य में गति मिलेगा. पर पराक्रम का गलत तरीके से प्रयोग नही करे. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. गायत्री मंन्त्र का जाप करें.

## एसीबी में पदस्थापित किए गए 16 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग रद्द

**रांची।** एसीबी में पदस्थापित किए गए 16 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग रद्द कर दी गयी है. डीजीपी के आदेश के बाद इसे लेकर डीआईजी कार्मिक ने पोस्टिंग रद्द करने से संबंधित आदेश जारी किया है. गौरतलब है कि एसीबी में कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था. इसके बाद 22 अगस्त को 16 पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किया था. जिन पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग को रद्द किया गया, उसमें - मनोज कुमार, किरण लकड़ा, ममता कुमारी, महजबीन प्रवीण, ममता तिर्की, दयामनी नाग, दामोदर साधु, नसीम अंसारी, सोनी कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रियंका कुमारी, रविकांत कुमार, अनिला होरो, चंद्रशेखर तिवारी, नीरज कुमार सिंह और रोशन लकड़ा शामिल हैं.

## तबादले के आदेश के बाद भी टंडवा में काम कर रही एएनए

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकुटे स्वास्थ्य उप केंद्र में पदस्थापित एएनएम को एसडीएम व उपायुक्त निर्देश पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा ने पिछले महीने 25 जुलाई को पत्रांक 1010 के माध्यम से स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया था. वहीं उक्त पिछले एक महीने से उक्त आदेशों को ताक पर रखकर जमे एएनएम गुलाबी कुमारी का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है जिसमें स्थानांतरण से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने का प्रयास करते दिखाई दे रही है. जिसपर लोग जानना चाह रहे हैं कि आखिर उक्त सेवाकर्मी यहां हीं क्यों रहना चाहती हैं!?काफी दिलचस्प स्थिति तो ये है अगर ऐसा हीं रवैया सभी अपनाने लगें तो लॉ एंड ऑर्डर का क्या होगा.बता दें कि 15 अप्रैल को प्रशिक्षु आइएएस अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज द्वारा रेफरल अस्पताल के औचक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताओं को लेकर उपायुक्त से कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी. वहीं चिकित्सा पदाधिकारी ने पत्रांक 382 के माध्यम से तत्काल नवपदस्थापन स्थल में योगदान देने का निर्देश दिया गया. बताया जाता है कि तब उक्त एएनएम ने पत्र रिसीव करने से साफ इंकार कर दिया.

### स्वास्थ्य मंत्री ने की जमशेदपुर में राज्य स्तरीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की शुरुआत

# पोलियो पर प्रभावी नियंत्रण, अभिशाप से मुक्त हुआ देश : बन्ना गुप्ता

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर



स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को कदमा रामजन्म नगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक बच्चे को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाकर पोलियो मुक्त झारखंड अभियान की शुरुआत की. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की देश में पोलियो का कोई मरीज अभी नहीं है. इस बीमारी पर सरकार ने नियंत्रण कर लिया है. इसे बरकरार रखने के लिए पूरे राज्य भर में रविवार को पोलियो दिवस मनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कभी देश ने पोलियो के गंभीर परिणाम देखे हैं. इसलिए हमें सजग रहने की जरूरत है.

**खास बातें**
- राज्य में 6115703 बच्चों को पिलायी जाएगी पोलियो की खुराक
- राज्य में 24463 बूथों पर 48926 स्वास्थ्यकर्मी अभियान में शामिल

बन्ना गुप्ता ने कहा कि रविवार को राज्य भर में कुल 6115703 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए कुल 24463 बूथ बनाये गये हैं. बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए कुल 48926 टीम का गठन किया गया है. इसकी निगरानी के लिए 4893 सुपरवाइजर राज्य भर में प्रतिनियुक्त किए गए हैं. उन्होंने कहा कि 0-5 साल के बच्चों पोलियो रोधी दवा की खुराक दी जा रही है, ताकि भविष्य का राष्ट्र मजबूत हो और देश व विश्व में फिर से ऐसा कोई संकट उत्पन्न नहीं हो. राज्य सरकार इसके लिए सजग है और पूरे तैयारी के साथ से कार्य कर रही है.

कार्यक्रम में निदेशक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. सीपी चौधरी, सिविल सर्जन पूर्वी सिंहभूम डॉ. साहिर पाल, डॉ रंजीत पांडा जिला आरसीएच पदाधिकारी, डॉ ओपी केसरी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी स्पेशल मेडिकल ऑफिसर, डब्लूएचओ, डॉ. सोमालिया, जिला कार्यक्रम समन्वयक, सिटी प्रबंधक, लोक स्वास्थ्य प्रबंधक, बीटीटी एवं सहिया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

### नेशनल एंटी करप्शन एंड आपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया का समारोह

# भ्रष्टाचार महामारी के समान एकजुटता से रोकें : डॉ राजेश



नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल अतिथिगण व अन्य.

संवाददाता। रांची

नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित संस्कार गार्डेन में शपथ सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष बलवंत सिंह ने की. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेश शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. मौके पर उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाज के लिए एक महामारी की तरह है जिसे हम सभी को एकजुट होकर इसे रोकना होगा. उन्होंने कमेटी के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी व संगठन के मूल उद्देश्य से लोगों को अवगत कराया. साथ ही साथ संगठन के कारवां में लोगों से जुड़ने की अपील की. रियाडा के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो इसलाम ने नेशनल एंटी करप्शन एंड आपरेशन कमेटी आफ इंडिया संगठन की सराहना करते हुए इसके कारवां में शामिल तमाम लोगों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि आज के दौर में समाज में फैल रही बुराई को रोकने एवं देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए इस तरह के संगठन की जरूरत है और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में उन्होंने अपना पूर्ण सहयोग संगठन को देने की बात कही.

**खास बातें**
- देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का सभी सदस्यों ने लिया संकल्प
- संगठन के मूल उद्देश्य से लोगों को अवगत कराने का लिया गया निर्णय

संगठन के केंद्रीय पदधारी मनोज कुमार एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव मयंक कुमार ने संगठन को समाज की जरूरत के बारे बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस संगठन से जुड़ने की बात कही. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जे एन मिश्रा ने कहा कि समाज में फैल रही बुराई को रोकना, दलाली प्रथा को समाप्त करना तथा समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना इस संगठन का मूल उद्देश्य है. सुलोचना शाहदेव ने कहा कि आज के परिवेश में एसे संगठन की जरूरत है व हरसंभव उनका पूर्ण सहयोग रहेगा. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलवंत सिंह ने कहा कि कमेटी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे बखूबी निभायेंगे व झारखंड में पूरी मजबूती से संगठन का विस्तार कर अच्छे लोगों को जोड़ा जाएगा. नेशनल एंटी करप्शन एंड आपरेशन कमेटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलवंत सिंह को कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेएन मिश्रा ने शपथ दिलायी. मौके पर डॉ अजय कुमार, गोविन्द सिंह, रियाडा के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव, ओम सिंह, महाबीर ओहदार, रंजन यादव, अशरफ अंसारी, परवेज आलम, नौशाद आलम, मुमताज गद्दी, राफे हसन, मो. असलम, जमाल खान, शहनवाज अख्तर, काव्या नाथ शहदेव, मो. अब्दुल्ला, जसीम हसन आदि शामिल थे. संचालन व धन्यवाद ज्ञापन बलवंत सिंह ने किया.

## चतुर्मास सह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी शुरू

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के गोड़वार में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु सनातनी श्रद्धालुओं ने आषाढ़ शुक्ल पक्ष के एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तक निर्धारित चतुर्मास के कठिन व्रतोपासना में तल्लीन हैं. वहीं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियों में ग्रामीण भक्ति श्रद्धा में सराबोर होकर तन, मन और धन से जुटे हैं. आपको बता दें 9 नवम्बर से 15 नवम्बर 2024 तक आयोजित यज्ञायोजन हेतु रविवार को ग्रामीणों की बैठक में यज्ञ समिति का गठन करते हुवे सर्वसम्मति से अध्यक्ष सरयु प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विशुन भुईयां, सचिव नरेश यादव,उप सचिव बालेश्वर तुरी, कोषाध्यक्ष झलकनाथ यादव, उप कोषाध्यक्ष बिनोद तुरी समेत पांच सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया गया .

# पितीज नवदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुधीर साव



- धूमधाम से दुर्गा पूजा आयोजन का लिया गया निर्णय

संवाददाता। इटखोरी (चतरा)

जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा धूमधाम से दुर्गा पूजा मानने को लेकर दुर्गा मंदिर में बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता श्यामलाल साव ने किया. इसमें प्रत्येक वर्ष की भांति धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से नवगठित कमेटी में अध्यक्ष सुधीर साव, सचिव प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रतन दांगी को बनाया गया. वहीं सदस्य मोहन साव, अर्जुन दास, योगेंद्र दास, श्यामलाल साव, भगीरथ दांगी, प्रबीन कुमार, पिंटू विश्वकर्मा, अनिल सोनी, बिक्रम साव, तालेश्वर दांगी, उमेश दांगी, नंदकिशोर दांगी को बनाया गया है.

### ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, सांसद-विधायक ने नहीं की पहल

# बारिश से बहा पुल,आवागमन बाधित

संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)



जिले में बारिश से गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत इचाक-पिंडारकोन मुख्य पथ पर बना पुलिया बह गई है. पुलिया बह जाने के कारण आसपास निवास करने वाले दर्जन भर गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ज्ञात हो कि इचाक-पिंडारकोन पथ से सैकड़ों ग्रामीण पैदल चलने के साथ दो पहिया व चार पहिया वाहनों से आवागमन करते हैं. लेकिन तेज बारिश में पुलिया बह जाने से लगभग दर्जन भर गांव का आवागमन बाधित हो गया है. ग्रामीणों की माने तो कान्हाचट्टी, पीतीज, सरहेता, चकरवार के लोग भी हजारीबाग जाने के लिए इसी रास्ते का उपयोग करते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पुलिया पूर्व में भी क्षतिग्रस्त हुआ था जिसे मंझगांवां मुखिया सरिता देवी व समाजसेवी बसंत सिंह के द्वारा निजी खर्चे से मरम्मत कराया गया था. इससे लगभग सात से आठ माह तक यात्रियों का आवागमन सुचारू रूप से हो सका. परंतु इन दिनों तेज बारिश के कारण पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. जिससे आम ग्रामीण के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पुल बह जाने से स्कूली बच्चों को कई किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे रास्ते से घूम कर स्कूल जाना पड़ रहा है. इसके बाबजूद क्षेत्र के विधायक व सांसद उक्त समस्या के समाधान के लिए पहल तक नहीं की है. वहीं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द पुलिया को दुरुस्त कराने की मांग की है.

# सेल किरीबुरु फुटबॉल मैदान की दीवार ढही, बच्चे मलबे में दबने से बचे



मैदान का दीवार ढहने के बाद बिखड़ा पड़ा मलबा.

- चारदीवारी बनाने के लिए बोकारो प्रबंधन को कई बार भेजा है प्रस्ताव

संवाददाता । किरीबुरु

सेल, किरीबुरु फुटबॉल मैदान की दीवार ढहने से दीवार के बगल मुख्य सड़क पर खेल रहे कई बच्चे दबने से बाल- बाल बच गए. उल्लेखनीय है कि सेल किरीबुरु फुटबॉल मैदान की उक्त दीवार वर्षों से जर्जर थी. सेल का स्पोर्ट्स व सीएसआर विभाग पिछले कुछ वर्षों से इस मैदान की चहारदीवारी समेत, स्टेडियम, खिलाड़ियों का चेंजिंग रूम, शौचालय, ड्रैनेज सिस्टम, लाइट आदि सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए लगभग चार करोड़ की लागत वाली प्रोजेक्ट बीएसएल, बोकारो प्रबंधन के पास भेजते आ रही है. बोकारो प्रबंधन द्वारा भी हमेशा यह भरोसा दिया जाता रहा था कि जल्द ही इसकी स्वीकृति मिल जायेगी, लेकिन हुआ कुछ भी नहीं. आज शहर में निरंतर भारी वर्षा की वजह से मैदान की यह दीवार पूरी तरह से ढहकर सड़क पर गिर गई. इस सड़क पर खेल रहे बच्चे भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे. सेल अधिकारी इस घटना से परेशान हैं एवं सड़क से मलबा हटाने के प्रयास में लगे हैं.

## अनियंत्रित ट्रक ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, दो लोग घायल

**हरिहरगंज (पलामू)।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 पर एक अनियंत्रित ट्रक ने खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रक चालक और सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना बीते शनिवार देर रात की वनस्पति मोड़ के समीप एनएच पर की बताई गई है. इस सड़क हादसे में ट्रक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ चालक एवं सह चालक ट्रक के केबिन में फंस गये थे. जिसे स्थानीय प्रशासन एवं आसपास मौजूद ग्रामीणों की तत्परता से क्रेन के सहायता से दोनों को बाहर निकाला गया. दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को रेफर कर दिया गया. एसआई बिगेश कुमार राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ से आ रही ट्रक ने खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी है. जिस कारण दोनों घायल हो गए.गंभीर रूप से घायल चालक ओमप्रकाश कुमार और सह चालक मिथलेश कुमार पटना का रहने वाला बताया गया है.

# गढ़वा में 500 से अधिक लोग झामुमो में शामिल



संवाददाता। गढ़वा

गढ़वा के विभिन्न गावों से 500 से अधिक लोगों ने दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया. रविवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर गढ़वा प्रखंड के पिपरा पंचायत के गांगी कला गांव के 200 से अधिक लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के उंचरी, फरठिया पंचायत के सिदेखुर्द तथा पाल टोला नकदरवा में काफी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की.

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गांगी कला गांव से बिंदेश्वर चौधरी, विनोद चौधरी, मुनारिक चौधरी, अमरेश चौधरी, मनोज चौधरी, सावित्री देवी, गुड़िया देवी, कुसमी देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, सतमतिया देवी, पारी देवी, सुजंती देवी, अनिता देवी, शांति देवी, पंकज चौधरी, मनु चौधरी, कृष्णा चौधरी, सिदे गांव से सैनुल्लाह अंसारी, मकबूल अंसारी, असगर अली, तबरेज आलम, कलाम अंसारी, शबाना बीबी, हसन अंसारी, औरंगजेब अंसारी, रिजवाना खातुन, अजिदा बीबी सहित 500 से अधिक लोगों का नाम शामिल है.

## विधायक व जिप उपाध्यक्ष ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर लाल फुटबॉल मैदान में सरदार बल्लभ भाई पटेल टूर्नामेंट का आयोजन यूनाइटेड क्लब गिद्धौर के तत्वाधान में किया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक किशुन कुमार दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मुखिया निर्मला देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, उज्ज्वल दास व 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान आदि ने संयुक्त रूप से सरदार वल्वभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पअर्पित करने के बाद फिता काटकर व कीक मारकर किया. उसके बाद टूर्नामेंट की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ हुआ. जिप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें. टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच हज़ारीबाग़ जिला के डांटों मिशन बनाम सिमरिया-बगरा टीम के बीच खेला गया. टूर्नामेंट उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनाइटेड क्लब अध्यक्ष सह बीजेपी मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने किया.

**सम्मान** नयी दिल्ली में प्लान इंडिया इंटरनेशनल ने किया सम्मानित

# तीरंदाजी प्रशिक्षक महेंद्र को मिला कम्यूनिटी वालंटियर अवार्ड

सुकेश कुमार । चाईबासा



प्लान इंडिया इंटरनेशनल (एनजीओ) ने 'सातवीं राष्ट्रीय प्लान इंडिया इम्पैक्ट आवार्ड-2024 का आयोजन नई दिल्ली में किया था. इसमें झारखंड से दो सदस्यों को सातवीं राष्ट्रीय प्लान इंडिया इम्पैक्ट अवार्ड -2024 के लिए नामित किया गया था. इस समारोह में पश्चिमी सिंहभूम जिला से चाईबासा के तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र सिकुरसा के तीरंदाजी प्रशिक्षक महर्षि महेंद्र सिंकू को 'कम्युनिटी वालंटियर अवार्ड' से सम्मानित किया गया. यह सम्मान ग्रामीण प्रतिभाओं एवं विशेष कर महिलाओं को अन्तरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चैम्पियन बनाने, तीरंदाजी खेल से महिलाओं को करियर हेतु रोजगार दिलवाने, इंडियन राउंड तीरंदाजी खेल को ग्रामीण स्तर पर लोकप्रिय बनाने और तीरंदाजी खेल के समानांतर विभिन्न सामाजिक, नैतिक, शैक्षणिक, आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं के प्रति अच्छी दिशा एवं महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन देने के लिए दिया गया. उक्त आवार्ड सेरेमनी मे हजारीबाग जिला की विमला हेम्ब्रम को 'वुमेन चेंजमेकर अवार्ड' से नवाजा गया. सिंकू को पश्चिम सिंहभूम जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष सिद्धार्थ पाड़ेया, केन्द्र के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार पाड़ेया , सुशील कुमार सिंकू, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक राजेन्द्र गुईया, तीरंदाजी प्रशिक्षक गंगाधर नाग, रोईदास हाईबुरू, ललिता लुगून, स्नेहालता डांहागा, सुमित बलमुचु, सुमित सिंकू, रमेश तेरा, सुभाष जोंको, सुधीर पाट पिंगुवा, शैलेन्द्र सावैंयां एवं विजय सुंडी ने बधाई और शुभकामनाएं दी.

**चाईबासा पहुंचने पर बस स्टैंड में हुआ स्वागत**

महर्षि महेन्द्र सिंकू, तीरंदाजी प्रशिक्षक का चाईबासा पहुंचने पर बस स्टैंड पर ही स्वागत किया गया . प्रियतम उर्फ प्रकाश पुरती, सचिव एल्युमिनी एसोसिएशन, टाटा कालेज चाईबासा और तुरतुंग तीरंदाजी परिवार की ओर से फूलमाला, बुके देकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया .

**पेज 1 का शेष...**

## महिलाओं के खिलाफ अपराध...

पीएम मोदी रविवार को जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे. यहां पर कोलकाता केस का जिक्र किए बगैर उन्होंने कहा, आज मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है. दोषी कोई भी हो, वो बचना नहीं चाहिए. उसको किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए.उन्होंने कहा, अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था... जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है सबका हिसाब होना चाहिए. महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार कानूनों को भी लगातार सख्त कर रही है. उन्होंने कहा कि नारी की रक्षा करना एक समाज के तौर पर हमारा सबसे बड़ा दायित्व है.

महिलाओं के प्रति अपराध करने वालों को कड़ी सजा देने के लिए कानूनों को सख्त किया जा रहा है. सरकारें आती-जाती रहेंगी, लेकिन महिलाओं के जीवन की रक्षा और उनके सम्मान की रक्षा, समाज के तौर पर और सरकार के तौर पर हम सबकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है.

**नारी शक्ति को लेकर कहीं बड़ी बातें:** पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां लखपति दीदी का महासम्मेलन हो रहा है. मेरी बहनें यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हैं. यहां से देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई है. मेरी सभी माताओं-बहनों को बहुत-बहुत शुभेच्छा. मोदी ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं आपके पास आया था, तो मैंने वादा किया था कि हमें 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है. इसका मतलब है कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में काम करती हैं और उनकी सालाना आय एक लाख रुपए से अधिक है. पिछले 10 साल में एक करोड़ लखपति दीदी बनीं और सिर्फ दो महीने में 11 लाख और लखपति दीदी एक करोड़ बन गईं.पीएम मोदी ने कहा कि मैं चुनौती देता हूं- पहले की सरकारों के सात दशक एक तरफ रख लीजिए और दूसरे तराजू में मोदी सरकार के 10 साल रख लीजिए, जितना काम मोदी सरकार ने देश के बहन-बेटियों के लिया किया है, वो आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया है.

## कामयाब दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वरसा और कीव की यात्राएं कामयाब मानी गयी हैं. हालांकि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध समाप्ति होगी या नहीं, अभी अनुमान नहीं लगाया जा सकता. भारतीय प्रधानमंत्री ने दुनिया को संदेश दिया है कि यह युद्ध का समय नहीं है. दुनिया में इस समय गाजा और इजराइल के बीच जारी जंग लगातार खतरनाक होती जा रही है, जबकि यूक्रेन औ रूस के बीच नाटो को ले कर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. बावजूद इसके नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा की और शांति के लिए पहल करने का संकेत भी दिया. यह स्वागतयोग्य है कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन को लेकर उम्मीदों और अटकलों का बाजार ठंडा करने की कोशिश की है. पश्चिमी कूटनीतिज्ञों ने संभावना जताई है कि भारत दोनों देशों के बीच संदेशों के आदान-प्रदान का माध्यम बन सकता है. विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले कुछ मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत ने संवेदशवाहक की भूमिका निभाई है. काला सागर अनाज समझौते और जापोरिझिया परमाणु संयंत्र के मुद्दे पर ऐसा रोल भारत ने निभाया था. जयशंकर ने कहा था- 'हम वो देश हैं, जिसने रूसी नेताओं के साथ इस (यूक्रेन युद्ध) मुद्दे पर खुल कर और दो टूक बात की है. विभिन्न पहलुओं पर दूसरे देशों ने हमारा इस्तेमाल संदेश भेजने के लिए किया है. भारत विश्व कूटनीति में अपनी खास आवाज और

> बीते जून में स्विट्जरलैंड ने इस मुद्दे पर शांति सम्मेलन का आयोजन किया, मगर बात आगे नहीं बढ़ी, क्योंकि उसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था.

नजरिया रखते हैं, वे दूसरों के संदेशों को अन्य देशों तक नहीं पहुंचाते. उनके पास देने के लिए अपना संदेश होता है. फिलस्तीन में गाजा नरसंहार और यूक्रेन युद्ध आज दुनिया में दो सबसे बड़े मसले हैं. यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए कई हलकों से फॉर्मूले पेश किए गए हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी है. बीते जून में स्विट्जरलैंड ने इस मुद्दे पर शांति सम्मेलन का आयोजन किया, मगर बात आगे नहीं बढ़ी, क्योंकि उसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया था. इसके पहले एक बहुचर्चित फॉर्मूला चीन की तरफ से आया, जिसे यूक्रेन और रूस दोनों ने गंभीरता से लिया था. मगर चीन भी अपनी पहल में अब तक कामयाब नहीं हुआ है. दरअसल, किसी फॉर्मूले पर प्रगति की तब तक कोई संभावना नहीं है, जब तक अमेरिका और नाटो सबकी सुरक्षा को समान महत्व देने को तैयार नहीं होते हैं. यूक्रेन में युद्ध का बुनियादी कारण रूस की सीमा तक नाटो के विस्तार की अमेरिकी जिद है. रूस को घेरने की उसकी कोशिश में यूक्रेन मोहरा बना है. भारत या कोई अन्य देश इस विवाद के बीच तभी अपनी कोई सार्थक भूमिका बना सकता है, जब उसके पास इस समस्या की यथार्थवादी समझ हो और वह उस समझ को दो टूक कहने का साहस भी दिखाए. पश्चिम के इन राजनीतिक संकटों को रूस अपने हित में मानता है. अच्छी बात है कि इस जटिल स्थिति का अहसास भारत की विदेश नीति के निर्माताओं को हुआ है और उन्होंने मोदी की यात्रा को लेकर अपेक्षाएं ना बढ़ाने की रणनीति अपनाई है. इसके बावजूद हकीकत यह है कि यूक्रेन यात्रा मोदी की रूस यात्रा पर पश्चिम में हुई तीखी प्रतिक्रिया की पृष्ठभूमि के बीच की गयी थी.

### सुभाषित

**शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खा यस्तु क्रियावान् पुरुषः स विद्वान्।**
**सुचिन्तितं चौषधमातुराणां न नाममात्रेण करोत्यरोगम्॥**

शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद भी लोग मूर्ख रहते हैं. परन्तु जो कृतीशील है, वही सही अर्थ से विद्वान है. किसी रोगी के प्रति केवल अच्छी भावना से निश्चित किया गया औषध रोगी को ठीक नहीं कर सकता. वह औषध नियमानुसार लेनेपर ही वह रोगी ठीक हो सकता है.

# शरीर बना जहरीले रसायनों का घर

**सुदूर साइबेरिया के प्रवासी पक्षी से लेकर ध्रुवीय प्रदेश का भालू हो या हम मनुष्य, एक समस्या सबमें समान है और वह है घटती प्रजनन दर. पिछले कुछ दशकों में अलग-अलग शोधों में मनुष्य सहित जीव-जन्तुओं की प्रजनन क्षमता में व्यापक स्तर पर कमी आई है. वजह है अन्तःस्रावी हॉर्मोन को प्रभावित करने वाले हानिकारक रसायन जो अब प्रकृति के हर अवयव हवा, पानी, मिट्टी यहां तक कि आहार-शृंखला तक पसर कर मनुष्य सहित वन्य जीवों तक के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है.**



मनुष्य मुख्य रूप से प्रदूषित हवा, पानी और खान-पान के रास्ते अवांछित रसायनों का डंपिंग ग्राउंड बनता जा रहा है. एक तरह से देखें तो हम अनेक प्रकार के हानिकारक रसायन के तालाब में अनजाने में तैर रहे हैं, जिनके स्रोत हमारी दिनचर्या में प्रयोग होनेवाले रसायन ही हैं. इनमें मुख्य रूप से प्लास्टिक, पैकेजिंग, सौन्दर्य प्रसाधन, दवाइयां और रोजमर्रा उपयोग में लाये जाने वाले समान से निकलने वाले रसायन हैं. इसके अलावा खान-पान का रासायनिक प्रदूषण, पानी और हवा का प्रदूषण भी बहुत बड़ा स्रोत हैं, जिसका सामना हम अनवरत कर रहे हैं, चाहे हम कहीं भी क्यों न हों. इसकी वजह से शरीर का मेटाबोलिज्म प्रभावित होता है, जो आम होते जा रहे कैंसर, मोटापा, हृदय संबन्धित बीमारियों के साथ-साथ गर्भवती महिला को मुख्य रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण गर्भ का सामान्य और मुख्य रूप से तंत्रिका तंत्र का विकास बाधित होता है. आज हम अपनी दिनचर्या को गौर से देखे तो सुबह ब्रश करने से जो रसायन और प्लास्टिक से जो सामना होता है, वह रात सोने तक लगातार जारी रहता है, जिसमें व्यक्तिगत इस्तेमाल की चीजे़ जैसे सौन्दर्य प्रसाधन, दवाइयां, प्लास्टिक में पैक दूध, फल-सब्जियां, डिब्बाबंद खाना, मेलानिन के बर्तन, एक बार या बार-बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के ग्लास और चम्मच, कपड़े जिसका अधिकांश अब कृत्रिम रेशे से बना होता है, फर्नीचर, कालीन, घर का पेंट, चमड़े का चप्पल जूते से लेकर प्रदूषित जल, घर के अन्दर और बाहर की प्रदूषित हवा शामिल है और ये सब एक किस्म से अनेक जहरीले रसायनों का कॉकटेल बनाती है, जिसके संपर्क में हम लगातार रहते हैं या यह कहें कि जाने-अनजाने में आदी हो चुके हैं.

**• देश-काल**



बृजेंद्र दुबे

हमारे आम दैनिक दिनचर्या में रसायनों का दखल इतना बढ़ चुका है कि अब तक अन्तःस्रावी तंत्र को ही प्रभावित करने वाले करीब एक हज़ार से ज्यादा रसायनों के बारे में पता चल चुका है. ये रसायन मानव शरीर में मुख्य तीन तरीकों से प्रवेश करते हैं. हवा में मौजूद प्रदूषण के रूप में फेफड़े और खून तक पहुंचते हैं, वही खान-पान के प्रदूषण के रूप में पाचन तंत्र, यकृत और किडनी तक को प्रभावित करते हैं वहीं कुछ रसायन त्वचा और आंखों के रास्ते शरीर में घर कर जाते हैं. इन रसायनों का सबसे बड़ा हिस्सा खाने से आता है दूसरा बड़ा हिस्सा खाने के संपर्क में आने वाली चीजों से आता है, खासकर पैकेट्स में बंद खाद्य सामग्री. सबसे आम उदाहरण प्लास्टिक थैलियों में बंद दूध या फिर इपोक्सी रेजिन की चिकनी परत वाले चाय कॉफ़ी कप है.

मौजूदा दौर में बेतहाशा इस्तेमाल होने वाली नैनोमटेरियल भी हमारे शरीर को रसायनशाला बनाने में योगदान दे रहे हैं, जैसे पानी को साफ और कीटाणु से मुक्त करने के लिए उपयोग आने वाले मेम्ब्रेन और नैनोमटेरियल युक्त मैट्रिक्स. पिछले कुछ सालों में घरेलू इस्तेमाल की चीजों में बेतहाशा इस्तेमाल और विविधता के कारण एक नए प्रकार का रसायन का संक्रमण उभर कर सामने आया है, जिसे फॉरएवर केमिकल कहते हैं. ऐसे रसायन का प्रयोग रोजमर्रा उपयोग होने वाली चीजों को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए पीएफएएस (पर एंड पोलीफ्लुरोअल्काइल सब्सटांस) मिलाया जाता है, खासकर जो तेज आंच पर भी न जले और पानी से न भीगे. बारिश के पानी से लेकर, सतही जल और भू-जल तक इससे प्रदूषित है और हम अनजाने में पानी के हर घूट के साथ फॉरएवर केमिकल पीते जा रहे हैं. हाल के वर्षों में प्लास्टिक के परम्परागत संक्रमण के इतर एक नए तरह से संक्रमण पाया गया है. प्लास्टिक लम्बे समय बाद समुद्र में टूट कर काफी सूक्ष्म कण माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है और ये सूक्ष्मकण सी फ़ूड के रास्ते तटीय जनसंख्या और समुद्री नमक के रास्ते लगभग हर आदमी तक आहार शृंखला का हिस्सा बन रहा है. यहां तक कि भ्रूण और प्लेसेंटा तक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है.

मानव शरीर में लगातार जमा हो रहे इन जटिल रसायनों का असर अन्य शारीरिक प्रभावों जैसे व्यापक स्तर पर कैंसर, मेटाबॉलिज्म से जुड़े मधुमेह और किडनी, यकृत और हृदय सम्बन्धी बीमारियों के अलावा सीधे-सीधे हमारे प्रजनन क्षमता, खास कर पुरुषों पर पड़ा है. पुरुषों में प्रजनन की प्रक्रिया स्पर्म की संख्या और उसकी गतिशीलता द्वारा कुछ हद तक निर्धारित होती है. एक शोध के मुताबिक साल 2011 तक पिछले चार दशको में स्पर्म की संख्या में लगभग 52% की औसत गिरावट आई है. वहीं एक और अध्ययन में साल 1973 से 2018 के बीच स्पर्म की संख्या में सालाना औसतन 1.2% की गिरावट पाई गयी है, हालांकि नयी सदी में गिरावट की सालाना दर दो गुनी से भी ज्यादा (2.6%) हो गयी, जहां स्पर्म की औसत संख्या 10.4 करोड़/मिलीलीटर से घट कर 4.9 करोड़/मिलीलीटर हो गयी.

इसके अलावा महिलाओं में मासिक धर्म लगभग नौ महीने पहले शुरू होने की पुष्टि एक शोध करती है जो स्पष्ट रूप से शरीर में बढ़ते रसायन के कारण प्रजनन प्रक्रिया में आमूलचूल बदलाव की ओर इशारा करती है. इसके अलावा भ्रूण और बच्चों पर व्यापक स्तर पर तंत्रिका और विकास सम्बन्धी गड़बड़ियों का सीधा सम्बन्ध गर्भावस्था के दौरान प्रदूषित माहौल पर पाया गया है. मानव शरीर पर लगातार हो रहे रासायनिक दबाव के वातावरण के अन्य कारकों के संयुक्त प्रभाव के रूप में समझा जाना चाहिए, जिसमें सबसे प्रभावी भूमिका इस रसायनों को माना जा सकता है. उदाहरण के लिए व्यापक हो रहे मोटापा और मधुमेह (टाइप 2) के विकास में जीवन शैली और भोजन का बड़ा प्रभाव होता है, लेकिन हार्मोन को प्रभावित करने वाले पदार्थों का भी उतना ही असर होता है.

हालांकि, खतरनाक रसायनों के प्रति उपभोक्ता वर्ग में धीरे-धीरे ही सही, पर जागरूकता आई है और इसके नतीजे में उत्पादक समूह भी इन रसायनों के विकल्प ढूंढ़ने को मजबूर हुआ है, पर इतना भर काफी नहीं है. जरूरत है किसी भी नए रसायन को उत्पाद के एक हिस्से के रूप में बड़े पैमाने पर उत्पादन के पहले लाइफ साइकिल एस्सेस्मेंट प्रोटोकॉल को समग्रता से लागू किया जाए, जैसे डीडीटी अपने दौर का सबसे प्रभावी कीटनाशक था, पर अपने प्राथमिक उपयोग के इतर जैसे ही आहार शृंखला का हिस्सा बना और तबाही का सबब बन गया. ऐसे में जरूरत है बेधड़क बढ़ रहे मानव निर्मित रसायनों पर एक प्रभावी निगरानी तंत्र के साथ समुचित जागरूकता का माहौल बने.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• बोधि-वृक्ष** | सुज्ञ



## मन के सुधारे ही जीत

मनुष्य के जीवन में मन का बहुत ही महत्व है. मन ही है, जो कभी नियंत्रण में नहीं रहता. स्वेच्छाचारी है. जब जहां इच्छा होती है पल में ही पहुंच जाता है. मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो मानव व्यक्तित्व और उसके जीवन में एक चमत्कार का सर्जन हो सकता है. सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में सहज ही पहुंच सकता है. आवश्यकता 'मन' को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है. सारी कठिनाई मन के सहज प्रवाह पर नियंत्रण स्थापित करने की है. इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मानव बनता हुआ देवत्व के लक्षण तक सहजता से पहुंच सकता है. शरीर-स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के समान ही हमें मन के प्रति और भी अधिक सचेत, सावधान रहने की जरूरत है. दोयम चिंतन, दुर्विचारों और दुर्भावनाओं से मन मलिन और पतित हो जाता है. उस स्थिति में मन अपनी सभी विशेषताओं और श्रेष्ठताओं से च्युत हो जाता है. कहते हैं मन के प्रवाह को तो सहज ही बहने देना चाहिए. किन्तु मन के सहज बहाव पर भरोसा करना हमेशा जोखिम भरा होता है. क्योंकि प्रवाह के समान ही मन का पतन की तरफ लुढ़कना स्वभाविक है जबकि ऊंचाई की ओर उठना कठिन पुरुषार्थ भरा होता है. मन का स्वभाव बालक जैसा होता है, उमंग से भरकर वह कुछ न कुछ करना-बोलना चाहता है. यदि सही दिशा न दी जाए तो उसकी क्रियाशीलता तोड़-फोड़, गाली-गलौज और दुष्चरित्र के रूप में सामने आ सकती है. नदी के प्रवाह में बहता पत्थर सहजता से गोल स्वरूप तो पा लेता है, किन्तु उसकी मोहक मूर्ति बनाने के लिए अनुशासन युक्त कठिन श्रम की आवश्यकता होती है. ठीक उसी तरह मन को उत्कृष्ट दिशा देने के लिए विशेष कठोर प्रयत्न करने आवश्यक होते हैं. मन के तरुवर् को उत्कृष्ट फलित करने के लिए सकारात्मक सोच की भूमि, शुभचिन्तन का जल, सद्भाव की खाद और सुविचार का प्रकाश बहुत जरूरी है. मन में जब सद्विचार भरे रहेंगे तो दुर्विचार भी शमन या गलन का रास्ता लेंगे. प्रखर चरित्र और आत्म निर्माण के लिए, मन को नियंत्रित रखना और सार्थक दिशा देना, सर्वप्रधान उपचार है. इसके लिए आत्मनिर्माण करने वाली, जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली, उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकों का पूरे ध्यान, मनन और चिंतन से स्वाध्याय करना कारगर उपाय है. यदि सुलझे हुए विचारक, जीवन विद्या के ज्ञाता, कोई संभ्रात सज्जन उपलब्ध हो सकते हों तो उनका सत्संग भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है.

# अनुसंधान और नवाचार को चाहिए ज्यादा धन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (दिल्ली) (आईआईटी) और कुछ अन्य शीर्ष रैंकिंग प्राप्त अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थानों को पिछले पांच वर्षों में मिली अनुसंधान राशि पर जीएसटी कर चुकाने का नोटिस मिला है. बताया गया है कि ब्याज और जुर्माने सहित अकेले आईआईटीडी की रकम 120 करोड़ रुपये बनती है. हालांकि, अकादमिक एवं वैज्ञानिक समुदाय ने इस मुद्दे पर खुलकर प्रतिक्रिया देने से गुरेज किया है, लेकिन उद्यमी और निवेशक टीवी मोहनदास पई ने इसको 'कर आतंकवाद का सबसे बुरा रूप' करार दिया है. ठीक एक महीने पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में लैब केमिकल्स पर सीमा शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 150 फीसदी कर दिया था. उच्च शुद्धता वाले एंजाइम, अभिकर्मक (रीजेंट्स) और रसायन अनुसंधान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और इन्हें आमतौर पर आयात करना पड़ता है. इस विचित्र कदम ने वैज्ञानिक समुदाय को सकते में डाल दिया, क्योंकि इससे वर्तमान और भविष्य की परियोजनाओं की लागत रातो-रात बढ़ जाती है. हालांकि, मीडिया और सोशल मीडिया पर वैज्ञानिकों की नाराजगी की प्रतिक्रिया में यह भारी बढ़ोतरी वापस ले ली गई. ये घटनाएं अलग-अलग नहीं हैं, जिन्हें नौकरशाही का अनाड़ीपन ठहराकर रफा-दफा किया जाए, बल्कि ऐसी हरकतें जनता के पैसे से चल रहे अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा को कमज़ोर करने वाली नीति का हिस्सा प्रतीत होती हैं. अनुसंधान फंडिंग पर यह टैक्स नोटिस, तकनीकी उपकरणों पर जीएसटी दर को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 फीसदी किए जाने के कुछ साल बाद आया है. इससे वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपकरण, अन्य मशीनें, सहायक औजार और उपभोग्य सामग्री की खरीद काफी महंगी बन गई. वैज्ञानिक अनुसंधान पर संभावित प्रभावों से चिंतित, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने सरकार को एक प्रपत्र भेजा है, जिसमें कहा गया : 'हो सकता है कि निजी संगठन टैक्स की दर में हुए परिवर्तन के प्रभावों को धीरे-धीरे पचा भी लें, किंतु सार्वजनिक धन से चल रहे संस्थानों के लिए गुंजाइश कम है.' इस पर, वित्त मंत्रालय ने जीएसटी वृद्धि के वास्तविक प्रभाव को कम करने के वास्ते अतिरिक्त धन आवंटन का वादा करके लीपापोती और पीएसए को शांत करने का प्रयत्न किया. तथापि, सरकार ने स्थितियों में बदलाव के लिए कुछ नहीं किया, जैसा कि हालिया जीएसटी नोटिस और प्रयोगशाला रसायनों पर सीमा शुल्क वृद्धि (अब वापस ले ली गई) जैसे कृत्यों से जाहिर होता है. अनुसंधान एवं नवाचार ऐसे वातावरण में पल्लवित हो सकते हैं जहां सरकार अनुसंधान के वास्ते पर्याप्त धन दे, संयुक्त उपक्रम को प्रोत्साहित और पोषित करे, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के वास्ते उपयुक्त पारिस्थितिकी युक्त तंत्र (विनियमन, कराधान इत्यादि) का निर्माण करे. इन तमाम मोर्चों पर भारत का प्रदर्शन ख़राब रहा है. अनुसंधान एवं विकास मद में भारत सरकार की फंडिंग बहुत कम है- सकल घरेलू उत्पाद के एक प्रतिशत से भी कम. बहुप्रचारित 'अम्ब्रेला रिसर्च फंडिंग एजेंसी' कही जाने वाली 'अनुसंधान राष्ट्रीय खोज फाउंडेशन' (एएनआरएफ), पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन ही है. बजट भाषणों में सरकार ने नई एजेंसी के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये 'धन मंजूर करने' का हवाला देते हुए बार-बार दावा किया है कि उसने अनुसंधान एवं विकास के लिए उपलब्ध धन में काफी वृद्धि की है. 'धन मंजूर करना' जुमला भर है, क्योंकि इसमें यह स्पष्ट किया गया है कि सरकारी फंडिंग का अंश केवल 30 प्रतिशत होगा और शेष 70 फीसदी निजी क्षेत्र को अपने तौर पर जुटाना होगा. यदि ऐसा है, तब भारत सरकार का योगदान 3,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष से कम बैठता है, जो कि विज्ञान क्षेत्र से संबंधित विभागों के मौजूदा बजट से काफी कम है. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 2024-25 के लिए 16,628 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. एएनआरएफ की स्थापना अनुसंधान एवं विकास का बोझ निजी क्षेत्र पर स्थानांतरित करने का एक स्पष्ट कदम है, लेकिन ऊपरी तौर यह दिखाई नहीं देता.फंड की कमी के साथ-साथ वैज्ञानिक बिरादरी को लाल फीताशाही का सामना करना पड़ता है, जिसमें शोधकर्ताओं को फंड प्राप्ति, कराधान संबंधी जरूरी प्रक्रिया से निपटना, छात्रवृत्ति और फेलोशिप भत्ते के वितरण में देरी और 'मेक इन इंडिया' नियमावली के अनुसार उपकरणों की खरीद जैसी अनिवार्य शर्तों को पूरा करने में जूझना पड़ता है.

**• अनुसंधान**

दिनेश सी. शर्मा

> बहुप्रचारित 'अम्ब्रेला रिसर्च फंडिंग एजेंसी' कही जाने वाली 'अनुसंधान राष्ट्रीय खोज फाउंडेशन' (एएनआरएफ), पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन ही है. बजट भाषणों में सरकार ने नई एजेंसी के लिए पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये 'धन मंजूर करने' का हवाला देते हुए बार-बार दावा किया है कि उसने अनुसंधान एवं विकास के लिए उपलब्ध धन में काफी वृद्धि की है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जीएसटी संबंधी गंभीर सवालों का जवाब चाहिए

आईआईटी दिल्ली शोध अनुदान पर 120 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस मिली. यह नोटिस 2017-22 के बीच शोध अनुदानों पर लगने वाला जीएसटी के संदर्भ में बताया जाता है. खबरों के अनुसार इसमें ब्याज और पेनाल्टी की रकम भी जोड़ दिया गया है. इस खबर के पखवारे भर पहले 31 जुलाई को 2017-22 के बीच जीएसटी की बकाया रकम वसूली के संदर्भ में इंफोसिस को 32,403 करोड़ रुपये अदा करने की नोटिस जारी की गयी. बाद में इसमें से 3,898 करोड़ रुपये कम करने की खबर आई. इसके बाद 25 अगस्त की खबरों के अनुसार अन्य बाकी के बारे में भी सरकार पुनर्विचार कर रही है.जुलाई-अगस्त के महीने में इस तरह के नोटिस की खबरें लगातार छप रही थीं. उद्योगों से जुड़ी लॉबी ने तो अपने हितों के संदर्भ में चेतावनी जारी कर कहा कि इससे भारत में निवेश और काम करने के माहौल पर असर पड़ेगा. लेकिन, शिक्षा जैसे क्षेत्र में लगने वाली जीएसटी को लेकर कुछ खास होता हुआ नहीं दिखा. वर्तमान समय में प्री-स्कूल और प्राथमिक शिक्षा को तो जीएसटी से मुक्त रखा गया है. लेकिन उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोचिंग पर 18 प्रतिशत की दर से कर लिया जाता है. देश से बाहर जाने वाले छात्रों को भी जीएसटी अदा कर पढ़ाई करनी होती है. शिक्षा के लिए जरूरी कागज आधारित उत्पादों पर 12 और पेन जैसे उत्पादों पर 18 प्रतिशत का जीएसटी है. जीएसटी के पांच स्लैब में 18 प्रतिशत ऊपर से दूसरे नम्बर पर है. एक किराये का मकान लेने पर उस किराये पर 18 प्रतिशत का जीएसटी है. पीने का पानी जो डिब्बाबंद है, उस पर भी 18 प्रतिशत की जीएसटी है. इसमें टैंकर का पानी भी है जिसे यदि आप अपने लिए या परमार्थ मंगाते हैं तो इतना ही जीएसटी अदा करनी होगी. पानी साफ करने वाले फिल्टर या वाटर प्योरिफायर पर भी यही दर लागू है. यही स्थिति अनाजों और भोजन के संदर्भ में है. जैसे ही वे डिब्बाबंद होंगे, उनकी दर उपरोक्त श्रेणी में आ जाती है. यहां यह भी रेखांकित करना जरूरी है कि मजदूरों को कांट्रेक्ट पर रखने और इन संदर्भों में पैसे का कुल लेन-देन भी 18 प्रतिशत कर के दायरे में आता है. कुछ मेडिकल उत्पादों को छोड़कर जिन पर शून्य से लेकर 5 प्रतिशत की दर से कर वसूली की जाती है, अन्य सभी उत्पादों पर 12 प्रतिशत की जीएसटी है. इसी से मिलती जुलती दर दूध के उत्पादों पर है. इस पर 5 प्रतिशत से 12 प्रतिशत की दर लागू है. जीवन बीमा और मेडिकल सुरक्षा के लिए 18 प्रतिशत का जीएसटी है. वहीं घर बनाने के लिए जो हम सीमेंट खरीदते हैं उस पर 28 प्रतिशत की कर दर लागू है. जीएसटी की यह रोजमर्रा और अनिवार्य जरूरतों पर मार सरकार की कथित कमाई में अभिव्यक्त हो रही है. अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रूपये की कमाई का आंकड़ा सरकार द्वारा बताया गया. यह अप्रैल, 2023 के 1.87 करोड़ से निश्चित ही काफी बड़ा उछाल लिए हुए है. 2023-24 वित्तीय वर्ष में जीएसटी कलेक्शन को देखें तो यह 20.14 लाख करोड़ रुपये का था. इसमें से केंद्र के अकेले का हिस्सा 43,846 करोड़ रुपये है, जो राज्यों के कुल से थोड़ा ही कम है. जीएसटी के कुल योगदान में भले ही महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात सबसे ऊपर हों, लेकिन 2023 से 24 के बीच प्रतिशत के हिसाब से बढ़ोतरी में सबसे ऊपर मिजोरम 52 प्रतिशत है. असम 29, त्रिपुरा 20, बिहार 23 और उत्तर प्रदेश 19 प्रतिशत की बढ़त दर से जीएसटी में योगदान दिया है. ये राज्य पूंजी निवेश और उत्पादन के हिसाब से बेहद पिछड़े हुए राज्य हैं. इस बढ़त दर को निश्चित ही अन्य आर्थिक गतिविधियों के मद्देनजर ही समझा जा सकता है.सिद्धांततः राज्य का अर्थ ही कर वसूली जो निश्चित ही बल प्रयोग का ही एक रूप है. यह बल प्रयोग नैतिक दिखे और समाज के भेदभाव में उसकी स्पष्ट पक्षधरता न दिखे इसके लिए जरूरी है कि वह इस वसूली को इस तरह करे जिससे वह निष्पक्ष दिखे. भारत के इतिहास में शायद ही कोई ऐसा पन्ना हो जिसमें यह 'निष्पक्षता' दिखती हो. लेकिन, पिछले दस सालों में कर वसूली की जो व्यवस्था लागू की गई है वह समाज और उसकी आर्थिक अवस्थिति पर गहरा असर डाल रही है.

**• जीएसटी**

अंजनी कुमार

> वर्तमान समय में प्री-स्कूल और प्राथमिक शिक्षा को तो जीएसटी से मुक्त रखा गया है. लेकिन उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोचिंग पर 18 प्रतिशत की दर से कर लिया जाता है. देश से बाहर जाने वाले छात्रों को भी जीएसटी अदा कर पढ़ाई करनी होती है. शिक्षा के लिए जरूरी कागज आधारित उत्पादों पर 12 और पेन जैसे उत्पादों पर 18 प्रतिशत का जीएसटी है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**मीडिया में अन्यत्र**

# सब्सिडी पर नियंत्रण से जुड़े सवाल

**हमारे** देश में अक्सर सब्सिडी का इस्तेमाल कल्याण और सामाजिक मदद के लिए किया जाता है. उनकी उपयोगिता, जरूरत और लंबी अवधि के दौरान उनकी व्यावहारिकता हाल के वर्षों में गंभीर बहस का मुद्दा रही है. बहरहाल, देश के बढ़े हुए आम सरकारी ऋण और सीमित राजकोषीय गुंजाइश के संदर्भ में देखें तो सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाना बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया है. इस संदर्भ में राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान के हालिया अध्ययन, 'राज्य स्तर पर विशिष्ट सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाना' में राज्य सरकारों के प्रभावी व्यय प्रबंधन के महत्त्व को रेखांकित किया गया है. अध्ययन राज्यों के वित्त में दो अहम रुझानों पर जोर देता है जो महामारी के बाद उभरे. पहला, राज्यों के राजस्व में महामारी के बाद उल्लेखनीय अस्थिरता आई है. दूसरा, राज्यों के पास राजकोषीय गुंजाइश और अधिक सीमित हुई है. उदाहरण के लिए वर्ष 2016 से 2022 के बीच पंजाब का कर्ज 44.23 फीसदी बढ़ा और फिलहाल वह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 45 फीसदी के बराबर है.राज्यों के लिए राजकोषीय गुंजाइश की सीमा की एक प्रमुख वजह है वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी जिसने राज्य सरकारों की कर लगाने की क्षमता को बहुत सीमित किया है. इसके परिणामस्वरूप राज्यों के पास अतिरिक्त कर राजस्व जुटाने की बहुत सीमित गुंजाइश बची है. अधिकांश राज्य पहले ही इन सीमित अवसरों का पूरी तरह दोहन करने में लगी है.इसके अलावा राज्यों के बजट का बहुत अहम हिस्सा पहले से प्रतिबद्ध व्यय में जाता है जिनमें शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी अनिवार्य सेवाओं और वेतन तथा प्रशासनिक लागत सभी शामिल हैं. इन सेवाओं के साथ अगर ब्याज भुगतान राज्यों के घरेलू बजट पर भारी पड़ते हैं और विवेकाधीन व्यय के लिए बहुत सीमित संभावना बचती है.वर्ष 2017 से 2020 तक अधिकांश राज्यों के प्रतिबद्ध व्यय उनके कुल व्यय के 60 से 80 फीसदी के बराबर थे. इसके परिणामस्वरूप राज्यों के पास गैरप्रतिबद्ध व्यय के लिए सीमित गुंजाइश थी. व्यय की इस सीमित गुंजाइश के बीच सब्सिडी राज्यों के वित्त पर खासा बोझ डालती हैं. ये सब्सिडी जिनमें प्रत्यक्ष वित्तीय समर्थन, बीमा भुगतान, स्कॉलरशिप और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के लिए सहयोग आदि उपलब्ध हों, राज्य के विवेकाधीन बजट के बहुत बड़े हिस्से की खपत कर लेते हैं.ऐसे में राजस्व तैयार करने तथा व्यय का लचीलापन दोनों वित्तीय प्रबंधन के महत्त्व को सामने रखते हैं. रिपोर्ट में सात राज्यों का अध्ययन शामिल है जिससे पता चलता है कि वे कौन से समान मुद्दे हैं जो विशिष्ट सब्सिडी में अहम योगदान करते हैं.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## बायन/बियारी

**मैंने** एक प्रसिद्ध कहावत कही-बायन के भरोसे बियारी. यह कहावत सुनते पर वहां मौजूद सारे लोग मेरा मुंह ताकने लगे. एक सज्जन ने कहा- आप संस्कृत में बोलेंगे तो मैं कैसे समझ पाऊंगा. उससे तो मेरा दूर-दूर का रिश्ता नहीं है. मैंने कहा- यह कहावत संस्कृत नहीं, बल्कि शुद्ध देसी या देहाती है. यह कहावत झारखंड और बिहार में कही और समझी जाती है. खैर, कुल चार शब्दों की इस कहावत में दो शब्दों की प्रमुखता है-बायन और बियारी. बायन संज्ञा पुल्लिंग है तो बियारी संज्ञा स्त्रीलिंग. बचपन में गांव में जब बायन शब्द सुनता था तो मुंह में पानी आ जाता था. घर में बायन जाता तो मुंह मीठा होना तय था. होता यह था कि गांव में रहनेवाली काकियां जब अपने मायके से वापस आती थीं तो वहां से अरिसा (चावल और गुड़ से बना पाकवान), कसार (भुने चावल के चूर्ण को गुड़ के पाग कर बनाया गया बड़ा लड्डू), खाजा आदि साथ में लाती थीं और उसका वितरण पूरे गांव में होता था. तो यही है बायन, जिसे शब्दकोशों में भी मान्यता दी गयी है. गोस्वामी तुलसीदास ने भी बायन शब्द का प्रयोग इस प्रकार किया है-भले भवन अब बायन दीन्हा, पावहुगे फल आपन कीन्हा. मतलब अच्छे घर से पंगा लिये हो. शब्दकोशों के अनुसार बायन का मतलब परिचितों, रिश्तेदारों के यहां भेजी जाने वाली मिठाई आदि तो होता ही है. इसे कुछ स्थानों पर बैना या बायना भी कहा जाता है. बायन का मतलब पेशगी, बयाना, भेंट उपहार और निमंत्रण भी होता है. बायन से बना मुहावरा है बायन देना, जिसका मतलब है उकसाना, छेड़-छाड़ करना. तुलसीदास की चौपाई में बायन शब्द इसी मुहावरे का अनुसरण करता है. दूसरा शब्द है बियारी. इसका मतलब है रात का भोजन, जिसे अंग्रेजी में डीनर कहते हैं. बायन के भरोसे बियारी में कटाक्ष है कि रात के भोजन के लिए किसी के बायन पर निर्भर नहीं रहा जा सकता.

# जेएच अस्पताल बनाम मरीज दुहाई केंद्र

अपने शहर में बाबा बोतलदास ही एक मात्र शख्स हैं, जो सभी प्रकार की सलाह देने में माहिर हैं. आज सुबह उनके पास डॉ. जे. बहर आये. पूरा नाम है जोगेंद्र बहर. बहर उनका उपनाम है. नाराज लोग डॉ. जे बहर के बजाय जेबहर यानी जेबकतरा कहते हैं. और उनसे अस्पताल अच्छी तरह चलाने के संबंध में सलाह मांगी. बाबा बोतलदास भी कम नहीं थे. वे डॉ. जे बहर को तब से जानते थे, जब डाक्टर साहब एक गांव में डाक्टरी किया करते थे. तब वे लुंगी और गंजी में अपनी क्लिनिक में बैठा करते थे. उनकी क्लिनिक के बाहर जो बोर्ड लगा था उस पर लिखा था डॉ. जे बहर, एमबीबीएम, कनफिस्केटेड यूनिवर्सिटी, लंदन, अप्लायड फॉर. जे का मतलब होता था डॉ. जे बहर. यूनिवर्सिटी लंदन में थी कि नहीं सो इसकी खोज भगवान करे. सरकार को तो कोई मतलब था नहीं. एमबीबीएस अप्लायड फॉर में तो वे युवा से बुजुर्ग डाक्टर में तब्दील हो चुके थे, लेकिन उनकी डिग्री अप्लायड फॉर ही रही. चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की नजर जब कभी उनकी डिग्री पर पड़ी तो डाक्टर साहब ने उनके मुंह पर पैसे ऐसे मारा कि अधिकारी उनकी क्लिनिक से भागते भूत की लंगोटी काफी लेकर चले गये. जब अपना शहर राजधानी में तब्दील हो गया तो डाक्टर साहब यहां आ गये और अस्पताल खोला और नाम रखा डॉ. जे बहर अस्पताल. अस्पताल में मरीजों की भी मंदी है. सरकार की योजनाएं लोगों को बीमार भी नहीं होने देतीं. बाबा बोतलदास ने उन्हें सलाह दी कि अस्पताल में स्वागती बहाल होना चाहिए. स्वागती हर मरीज के परिजन की जेब टटोले, जिसकी जेब मजबूत हो उसे गाय के दूध की तरह दूहा जाना चाहिए. जब जेब पूरी तरह दूह ली जाये तो मरीज को सड़क पर छोड़ देना चाहिए. बाबा ने उन्हें आगे सलाह दी कि आजकल जमाना बदल गया है. वैसे तुलसीदास पहले ही कह चुके हैं. भय बिनु होई न प्रीति. इसी प्रीति को लाने के लिए अस्पताल में बाउंसर या पहलवानों की भी नियुक्ति की जानी चाहिए, ताकि मरीज के परिजन अगर अड़ंगा डाले तो उनकी जमकर खातिरदारी की जा सके. बोतलदास ने आगे सलाह दी कि अस्पतालों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट पूरी तरह से लागू होना चहिए और सइयां भये कोतवाल तो अब डर काहे का के तर्ज पर पुलिस से भी पूरी तरह से मिलीभगत होनी चाहिए, ताकि कोई मरीज प्राथमिकी भी दर्ज कराये तो उसे रफा-दफा किया जा सके. डॉ. जे बहर को सलाह देते हुए बाबा ने कहा कि यह कौन नहीं जानता है कि मरीज तो मरने के लिए ही अस्पताल में आता है. इसके लिए वह सरकारी अस्पताल का चयन करे या निजी अस्पताल का. अगर बच गया तो भगवान भरोसे और मर गया तो यमराज भरोसे. यह कौन नहीं जानता कि जो दुनियां में आया है वह एक न एक दिन दुनिया से जायेगा जरूर. मरने के पहले वह अस्पतालों को कुछ न कुछ दे तो जायेगा. बाबा ने डाक्टर साहब को सलाह दी कि अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिए कैद खाना भी होना चाहिए. निजी अस्पताल इस युग का एक फलता-फूलता कारोबार हैं. अगर सरकार की योजनाओं की सेवा देने का मौका मिले तो समझ लीजिए चांदी ही चांदी है.

**• तीर-तुक्का**

नवेन्दु उन्मेष



# जन्माष्टमी विशेष

त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।
गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर ।।

माखन चोर कहें या लड्डू गोपाल, कृष्ण के नाम के साथ जितनी लीलाएं जुड़ी हैं, उतना ही स्वाद को लेकर उनकी पसंदगी भी. जन्माष्टमी के मौके पर बालगोपाल आज चर्चा उनके भोग की

## लड्डू गोपाल को छप्पन भोग



कृष्ण की भक्ति देश राज्य की सीमा से परे है. आज दुनिया भर में देशी-विदेशी भक्त उनकी अराधना में मग्न हैं. देश के राज्यों और विदेश में उनकी पूजा के अंदाज भले कुछ फर्क नजर आ जाए, पर भोग हमेशा उन्हें एक सा ही लगाता. यह है उनका प्रिय छप्पन भोग. क्या है कान्हा का छप्पन भोग, क्यों अर्पित करते हैं उन्हें महाप्रसाद, कहां किस तरह का अर्पित होता आहार, आइए, कान्हा के छप्पन भोग से जुड़ी रोचक बातों से रू-ब-रू हों...

### कथाएं जो प्रचलित हैं

छप्पन भोग की परंपरा के पीछे कई कहानियां प्रचलित हैं. एक मान्यता के अनुसार श्री कृष्ण एक दिन में आठ बार भोजन करते थे. एक बार अहंकार में जब भगवान इंद्र से ब्रज पर बारिश का कहर ढाया तो ब्रज को बचाने के लिए लगातार सात दिनों कान्हा ने गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा. इतने ब्रज के लाडले इतने दिनों तक अन्न का एक दाना भी मुंह में नहीं रखपाए. ब्रजवासियों ने आठवें दिन कान्हा के लिए सात दिनों के आठ समय परोसे जाने वाले भोजन को (आठ गुणा सात बराबर छप्पन) एक साथ बना कर उन्हें छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया. कहा जाता है कि तभी से कान्हा को छप्पन भोग लगाने की परंपरा शुरू हो गई.

### छप्पन भोग में यह सब

छप्पन भोग लगाने की परंपरा तो हर जगह है, पर इसमें शामिल व्यंजनों में स्थानीयता का थोड़ा बहुत फर्क नजर आ जाता. उड़ीसा के छप्पन भोग में चावल प्रमुख है. इसमें सादा अन्न, कनिका, दही पाखल, अदा पाखल, खिचड़ी, घी अन्न, मीठा पाखल, ओरिया पाखल आदि शामिल होता. वहीं दाल और सब्जी में मूंग दाल, उड़द दाल, बेगुनी, महुरा, बेसरा, सागो, कदली भाजा, पोटोलो, पीठा, रायता आदि शामिल होता है. मीठे में खाजा, गाजा, लड्डू, जीरा लड्डू, जगन्नाथ वल्लभ, खुरमा माथापुली, काकरा, मारिची लड्डू आदि शामिल होता है. इनके अलावा पूरी, लुची, दही बड़ा, अरसा, त्रिपुरी, खीरी, पापड़ी, खोवा, छेना खोवा, रोसापाक, सारा पुली आदि होते हैं.

### पुरी में ग्रहण करते यह महाप्रसाद

चारो धाम में पुरी ही वह जगह है जहां कान्हा छप्पन भोग ग्रहण करते हैं. बद्रीनाथ में उनका स्नान होता है तो द्वारका में श्रृंगार. पुरी में छप्पन भोग के बाद रामेश्वरम में श्रीकृष्ण शयन करते हैं. तो बात पुरी की. पुरी में श्री कृष्ण को परोसने के लिए जो भोजन बनाया जाता है उसे महाप्रसाद कहते हैं. स्कंद पुराण में इसकी महिमा का विस्तृत वर्णन है. कहा जाता है कि लड्डू गोपाल का यह आहार पुरी में जहां तैयार किया जाता है, वह देश की सबसे अनोखी रसोई है. यहां एक के ऊपर एक मिट्टी की हांडी रख कर एक साथ पूरा आहार तैयार किया जाता. मंदिर की रसोई में प्रतिदिन 72 क्विंटल चावल बनाने की व्यवस्था है. महाप्रसाद में शामिल होती है अरहर की दाल, साग, खीर.

### यहां उबले चावल का पहाड़

राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा कस्बे में है श्रीनाथ जी का मंदिर. इसकी स्थापना 1669 में हुई थी. यहां दीवाली के दूसरे दिन अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होता है. इस महोत्सव में आसपास के इलाके के हजारो आदिवासी शरीक होते हैं. इस मौके पर बीस क्विंटल गर्म पके चावलों का पर्वत बना कर श्रीनाथ जी को उसका भोग लगाया जाता है. इसके अलाव भी कई व्यंजन श्रीनाथ जी को भोग लगाए जाते हैं जिनमें लड्डू, खाजा, पकौड़े, मोहनथाल, हलवा आदि शामिल हैं.

### सुदामापुरी में पोहा ही पोहा

बालसखा श्री कृष्ण से मिलने जब सुदामा गए तो साथ में बतौर उपहार बमुश्किल जुटाए गए दो चार मुट्ठी पोहे यानि चूड़ा ही थे. कहा जाता है सुदामा की पत्नी ने बहुत मुश्किल से उनके लिए इन पोहों का इंतजाम किया था ताकि दोस्त के पास वे खाली हाथ नहीं पहुंचे. भावना से सिक्त यह उपहार कान्हा को इतना भाया कि आज भी उनके भोग में इस पसंदगी को ध्यान रखा जाता है. गुजरात के द्वारका से थोड़ा आगे सुदामापुरी मंदिर में सुदामा का निवास माना जाता है. आज भी प्रसाद के रूप में यहां पोहा ही मिलता है. साथ ही जन्माष्टमी के मौके पर यहां अवल पायसम का भोग भी लगाया जाता है. अवल पायसम यानी पोहे से तैयार खीर.



## कृष्ण लीला

**लघुकथा**



रंजना वर्मा उन्मुक्त

जानकी सुबह से ही मंदिर जाने जाने की तैयारी कर रही थी. हर जन्माष्टमी को वह मंदिर जरूर जाया करती थी. बालगोपाल के लिए वह खुद मक्खन निकालती और पेड़ा बनाती थी. मक्खन को उसने एक छोटे से चुक्कड़ में रखा और पेड़ों को एक डब्बा में रख ,उसे पूजा की डलिया में डाल,वह मंदिर की ओर चल पड़ी. अब उसे केवल फूल और माला खरीदनी थी.

मंदिर पहुंच कर उसने मंदिर की सीढ़ियों पर डलिया रख, पास खड़े फूलवाले से फूल और माला खरीदने लगी.

तभी कुछ बदमाश, वेशभूषा से गंदे बच्चे उसकी डलिया से पेड़ों के डब्बा को लेकर भाग खड़े हुए. जानकी को बहुत गुस्सा आया. वह भी उनके पीछे भागी. लेकिन सारे बच्चे डब्बा लेकर भाग गये. वह निराश होकर वापस मंदिर की सीढ़ियों के पास आयी. उसने देखा, एक छोटा, गंदगी से भरा मैले कपड़े पहने बच्चे ने उसकी डलिया से मक्खन का चुक्कड़ निकाल लिया और बड़े मजे से मक्खन खा रहा है. बच्चे के मुंह के चारों ओर मक्खन लगा हुआ है और वह मग्न होकर उसे खा रहा है. क्षण भर जानकी को बहुत गुस्सा आया, लेकिन जाने क्यों बच्चे को मक्खन खाते देख उसे आत्मसंतुष्टि जैसा अनुभव हुआ. उसने सोचा, "यत्न से बनाया हुआ कृष्ण भोग तो बच्चों ने खा लिया, अब केवल फूल ही भगवान के चरणों में अर्पित करती हूं."

ऊपर पहुंचने पर उसने देखा, भोग लगाने के लिए भगवान का पट कुछ समय के लिए बंद हो चुका था. सभी भक्तगण बैठकर पट खुलने का इंतजार कर रहे थे. आज भीड़ कुछ ज्यादा थी. वह भी फर्श पर बैठ गयी. वह सुबह चार बजे से ही जगी थी. बैठते ही उसे झपकी सी आ गयी. तभी "पट खुल गया" का शोर हुआ. सभी अन्दर जाने लगे. जानकी भी अन्दर घुस गयीं. प्रभु के चरणों में फूल अर्पित करते हुए वह बोली, "प्रभु माफ करना, इस बार आपके लिए भोग नहीं ला पायी." उसने हाथ जोड़ दिया.

'मैंने तो तुम्हारे हाथ का मक्खन खा लिया.' जानकी ने चौंक कर भगवान की ओर देखा. भगवान मुस्कुरा रहे हैं. देखते देखते उनकी आकृति बाहर सीढ़ियों पर बैठे, मक्खन खाते हुए उस गंदे मटमैली कपड़े वाले बच्चे जैसी हो गयी. जानकी ने हड़बड़ा कर अपनी आंखें खोल दी. उसने देखा भगवान का पट खुल चुका था. सारे भक्तगण अन्दर जा रहे थे. वह बैठे बैठे मुस्कुरा उठी और भक्तिभाव से अपने दोनों हाथ जोड़ दिये.



## जानिए शुभ मुहूर्त, श्रीकृष्ण की पूजन विधि और सुख-समृद्धि के उपाय



आचार्य अजय मिश्रा

**इस साल भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा. कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त, सोमवार को मनाई जाएगी. वहीं, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव 27 अगस्त को मनाया जाएगा.**

### जन्माष्टमी का शुभ मुहूर्त

अष्टमी तिथि का प्रारंभ 26 अगस्त को सुबह 3 बजकर 39 मिनट पर शुरू होगा और अष्टमी तिथि का समापन 27 अगस्त की रात 2 बजकर 19 मिनट पर होगा. उदयातिथि के अनुसार, इस बार कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को ही मनाई जाएगी.

### जन्माष्टमी रोहिणी नक्षत्र

भगवान कृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र में हुआ था और इसलिए, कृष्ण जन्माष्टमी हमेशा रोहिणी नक्षत्र में ही मनाई जाती है. रोहिणी नक्षत्र की शुरुआत 26 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 55 मिनट पर होगी और समापन 17 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 38 मिनट पर होगा.

### कृष्ण जन्माष्टमी पूजन मुहूर्त

कृष्ण जन्माष्टमी का पूजन मुहूर्त 26 अगस्त को रात 12 बजे से देर रात 12:44 मिनट बजे तक होगा.

### जन्माष्टमी पूजन विधि

जन्माष्टमी के दिन स्नान करने के बाद साफ कपड़े पहन लें और व्रत रखें. इसके बाद भगवान श्री कृष्ण को दूध और गंगाजल से स्नान कराएं और साफ रेशमी कपड़े पहनाएं. इस दौरान बाल गोपाल को झूला झुलाया जाएगा और उनकी आरती करें. श्रीकृष्ण जी को माखन और मिश्री का भोग लगाएं. आप चाहें तो खीर और पंजीरी का भी भोग लगा सकते हैं. जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण को पंचामृत जरूर करें, उसमें तुलसीदल जरूर डालें, मेवा, माखन और मिश्री का भोग भी लगाएं. कहीं कहीं पर धनिए की पंजीरी भी अर्पित की जाती है. फिर भगवान श्री कृष्ण की पूजा और आरती करें.

### जन्माष्टमी पर झांकी सजाने के नियम और लाभ



**जन्माष्टमी पर झांकी सजाने की परंपरा है. जन्माष्टमी पर झांकी सजाने के नियम भी हैं.**

- जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण के अतिप्रिय मोर पंख से झांकी सजाएं. मान्यता है कि इससे कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है. आप मोरपंख को कान्हा के मुकुट या झूले आदि पर सजा सकते हैं.
- जन्माष्टमी की झांकी में वैजयंती फूलों के साथ गाय और बछड़े की मूर्ति या तस्वीरें भी जरूर रखें. मान्यता है कि इससे भाग्योदय या भाग्य में वृद्धि होती है.
- बांसुरी भी जन्माष्टमी की झांकी में झूले या मूर्ति के पास आवश्यक है. इससे घर पर सुख-शांति बनी रहती है और सभी परेशानियों का नाश होता है.

### मोहरात्रि पर बरसेगी कृपा

**तंत्र शास्त्र में मनवांछित सिद्धि प्राप्ति के लिए जिन चार रात्रियों को बेहद महत्वूपर्ण माना गया है, उनमें प्रथम है कालरात्रि, दूसरी शिवरात्रि या अहो रात्रि, तीसरी दारुण रात्रि और मोहरात्रि यानी जन्माष्टमी. मान्यता है कि जन्माष्टमी के दिन किए गए उपाय जरुर फलित होते हैं. श्री कृष्ण जन्माष्टमी की रात किए जाने वाले कुछ खास टोटकों की करें चर्चा..**

आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं तो जन्माष्टमी की रात किसी भी राधा-कृष्ण के मंदिर में जा कर श्री कृष्ण को पीले फूलों की माला अर्पित करें. साथ में इस मंत्र का जाप करें- "कृं कृष्णाय नमः" ... यह श्रीकृष्ण का बताया मूलमंत्र है जिसका जाप करने से व्यक्ति को धन प्राप्ति होती है. जन्माष्टमी की रात दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक भी लाभप्रद बताया गया है और सुझाव दिया जाता है कि इसके बाद यह उपाय हर शुक्रवार को करें .

सर्व कार्य सिद्धि के लिए जन्माष्टमी की रात श्रीकृष्ण जी के मंदिर में जटा वाला नारियल और कम से कम 11 बादाम चढ़ाएं. मान्यता है कि जो जातक जन्माष्टमी से शुरूआत करके कृष्ण मंदिर में लगातार सत्ताइस दिन तक जटा वाला नारियल और बादाम चढ़ाता है उसके सभी कार्य सिद्ध होते है. "गोकुल नाथाय नमः₹.... आठ अक्षरों वाले इस मंत्र का जाप यह मंत्र मनोकामनाएं पूरी करता है.

कोशिशों के बाद भी नौकरी में सफलता नहीं मिल रही है, बरकत नहीं हो रही है तो जन्माष्टमी की रात भगवान श्रीकृष्ण को पान का पत्ता अर्पित करें फिर उसके बाद उस पत्ते पर रोली से श्री मंत्र लिखकर उसे अपनी तिजोरी में रख लें. इस उपाय से लगातार धन का आगमन होता रहता है.

श्री कृष्ण का केसर मिश्रित दूध से अभिषेक करने से भगवान द्वारकाधीश की कृपा से जीवन में स्थाई रूप से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है. ₹ऊं श्रीं नमः श्रीकृष्णाय परिपूर्णतमाय स्वाहा₹ ... इस मंत्र का जाप भी स्थायी सुख समृद्धि का कारक है. यह सप्तदशाक्षर महामंत्र है जिसका पांच लाख जाप करने से ही सिद्ध हो पाता है.

## काश ! यह जग तेरी मटकी बन जाए, अंदर भरी कड़वाहट माखन बन जाए



सारिका भूषण

नंद लाल, लड्डू-गोपाल, भगवान श्री कृष्ण का नाम लेते ही रोम-रोम मानो तरंगित हो उठता है. ज्ञानेन्द्रियां जागृत हो जाती है और समूचे ब्रह्माण्ड में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगता है. यही ऊर्जा जीवनदायिनी है, अवसादों और अनिष्टों से बचाती है और जीव और जीवन को आध्यात्मिक भी बनाती है. ऐसा ही ऊर्जावान और जग पालनकर्ता भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जनमानस के लिए हितकारी पर्व है.

आज जब चहूं ओर मनुष्य, पशुओं से भी बदतर होता जा रहा है, तब यह जरुरी है कि अपने अंदर छिपे विष को बाहर निकाल कर अध्यात्म की ओर अग्रसर हों और हमारे त्योहार हमें ऐसे पाथ पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं. तभी तो दिल श्री कृष्ण से प्रार्थना करता है -

हे कान्हा !
काश ! यह जग तेरी बांसुरी बन जाये
न हो किसी अबला का लज्जा-हनन
न हो कभी ममता का यूं घोर-क्रंदन
बस तेरे धुन में जग प्रेम में खो जाये
कोई इंसान कभी हैवान न बन जाये
हे कान्हा !
काश ! यह जग तेरी मटकी बन जाये
अंदर भरी कड़वाहट माखन बन जाये
समा ले ग़ैरों के भी सारे दुःख-दर्द
बना ले पूरे विश्व को अपना हमदर्द

### रोमांचकारी जन्म की कहानी

श्री कृष्ण जन्माष्टमी हमारे भारत देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है. भगवान कृष्ण के जन्म की कहानी निस्संदेह अविश्वसनीय रूप से आकर्षक और रोमांचकारी है. उनका जन्म मथुरा शहर में देवकी और वासुदेव के घर कृष्ण पक्ष या क्षीण चंद्र चरण के दौरान अष्टमी तिथि के रोहिणी नक्षत्र में हुआ था. हिंदू कैलेंडर के अनुसार, उनका जन्म भाद्रपद के महीने में हुआ था. मथुरा का राक्षस राजा कंस, देवकी का भाई था. एक भविष्यवाणी में कहा गया था कि कंस को उसके पापों के परिणामस्वरूप देवकी के आठवें पुत्र द्वारा मार दिया जाएगा. इसलिए कंस ने अपनी बहन और उसके पति को जेल में डाल दिया.



भविष्यवाणी को सच होने से रोकने के लिए, उसने देवकी के बच्चों को जन्म के तुरंत बाद मारने का प्रयास किया. जब देवकी ने अपने आठवें बच्चे को जन्म दिया, तो पूरा महल जादू से गहरी नींद में चला गया. वासुदेव रात के समय उसे वृंदावन में यशोदा और नंद के घर ले जाकर शिशु को कंस के क्रोध से बचाने में सक्षम थे. यह शिशु भगवान विष्णु का एक रूप था, जिसने बाद में श्री कृष्ण नाम धारण किया और कंस को मार डाला, जिससे उसका आतंक का राज खत्म हो गया. इसीलिए कृष्ण रक्षक हैं जो दुनिया को अधर्म और उसके अनुयायियों द्वारा नष्ट होने से बचाते हैं.

भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप बाल गोपाल को अधिकतर लोग अपने घरों में रखते हैं और उसका उनका पालन पोषण बिल्कुल अपनी संतान की तरह करते हैं. स्नान, नए वस्त्र से लेकर दिन के हर प्रहर में भोग लगाते हैं. इसके साथ ही अपने बच्चे की तरह रात को सुलाते भी हैं.

### यह कथा है प्रचलित

एक पुरानी कहानी के अनुसार एक दिन शाम के समय कुंभनदास नामक व्यक्ति कान्ही जी की पूजा कर रहा था और फिर उन्हें भोग की थाली परोसी. थाली परोसते ही सामने कान्हा जी बाल स्वरूप में प्रकट हो गए. जैसे कुम्भनदास ने यह दृश्य देखा उससे रहा नहीं गया और वह कान्हा जी के चरणों में आ गिरे.

जिस समय कुम्भनदास उनके चरणों में गिरे हुए थे तब कान्हा जी के हाथ में लड्डू था और वह उसी रूप में वहां जड़ गए. भगवान श्रीकृष्ण को गोपाल कहते हैं लेकिन उस समय जब उनके हाथ में लड्डू था तो उनका नाम लड्डू गोपाल पड़ गया.

### मुरली का जादू

भगवान श्री कृष्ण के कई रूप हैं. कई लीलाएं प्रसिद्ध हैं. गोपियों के संग की रासलीला या कृष्णलीला की गाथाएं जग में प्रेम का संचार करती हैं. कृष्ण की मनमोहक अदाओं पर गोपयां यानी बृजबालाएं लट्टू थीं. कहते हैं कान्हा की मुरली का जादू ऐसा था कि गोपियां अपनी सुधबुध गंवा बैठती थीं. गोपियों के मदहोश होते ही शुरू होती थी कान्हा के मित्रों की शरारतें. ये शरारतें आज भी उत्सवों की भांति मंचित होती हैं. युवा और बालक कृष्ण की गतिविधियों का मंचन भी हमेशा से होता आया है.

भगवान श्री कृष्ण के भजन-कीर्तन जन्माष्टमी के अवसर पर देवालयों, मंचों और घरों में पूरे हर्षोल्लास से गाया जाता है. भगवान ने जिस तरह भरी सभा में द्रौपदी की लाज रखी थी, आज पूरी नारी जाति अपनी अस्मिता को सुरक्षित रखने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रही है. पर आज कृष्ण कम और कंस ज़्यादा हैं. इसीलिए आज हर एक स्त्री को खुद ही कृष्ण बनना होगा और कंसों का वध करना होगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



**रिकॉर्ड की ओर : ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद फिर उतरेंगे कोर्ट पर**

## जोकोविच की निगाह 25वें ग्रैंड स्लैम व 100वें खिताब पर

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे. जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता. उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे.

इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है. जोकोविच ने कहा, लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है. मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं. सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा. अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है. फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे. जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है. जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवां खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

**जोकोविच के नाम 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं**



**गौरव : तन्वी पत्री ने एशियाई अंडर-15 का खिताब जीता**

**भाषा। नयी दिल्ली**




भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में रविवार को खेले गए फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता. शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में अपनी दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20, 21-11 से जीत हासिल की. तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमशः 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था. तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा. फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी, लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही.

### ब्रीफ खबरें

#### ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को 45 रन से हराया

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)। टेस फ्लिंटॉफ (39 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली नॉट (34 रन देकर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां अनधिकृत महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में भारत ए को 45 रन से हरा दिया. भारतीय टीम 289 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 243 रन पर आउट हो गई. भारतीय टीम ने सुबह छह विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसके बाकी बचे बल्लेबाज खेल के चौथे दिन 94 रन ही जोड़ पाए. राघवी बिष्ट (26) और उमा छेत्री (47) ने सावधानी से बल्लेबाजी की और 61 रन की साझेदारी निभाई.

#### फातिमा सना होंगी पाकिस्तान की कप्तान

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 22 वर्षीय फातिमा सना को तीन से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए निदा डार की जगह कप्तान नियुक्त किया है. निदा (37 वर्ष) अभी खराब फॉर्म से गुजर रही हैं. उनकी अगुआई वाली टीम को इंग्लैंड में टी20 और वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा था और पिछले महीने महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में भी टीम बाहर हो गई थी. चयनकर्ताओं ने हालांकि निदा को टीम में बरकरार रखा है जिसमें कम से कम 10 खिलाड़ी ऐसे हैं जो पिछले विश्व कप में खेल चुके हैं.

#### मनु भाकर का उनके गांव में हुआ स्वागत

**चंडीगढ़।** पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर रविवार को हरियाणा के झज्जर जिले में अपने गांव गोरिया पहुंचीं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे. मनु (22) स्वतंत्रता के बाद के युग में एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं. गांव पहुंचने पर उनका स्वागत फूल मालाओं से किया गया. वह अपने गांव के स्कूल भी गईं. मनु ने गांव में एक स्टेडियम और एक शूटिंग रेंज स्थापित करने की वकालत की. अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पहुंची मनु ने बधाई देने के लिए आने वाले ग्रामीणों का धन्यवाद किया.

**बांग्लादेश की बड़ी जीत : पाकिस्तान को 10 विकेट से शिकस्त दी**

## टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने पहली बार पाक को हराया

**एजेंसी। रावलपिंडी**

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने बड़ा उलटफेर किया है. टीम ने पाकिस्तान के रावलपिंडी में चल रहे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है. बांग्लादेश ने पाकिस्तान को उसी के घर में बुरी तरह रौंद दिया. यह टेस्ट इतिहास में बांग्लादेश टीम की पाकिस्तान के खिलाफ पहली जीत है. रावलपिंडी टेस्ट के पांचवें दिन (25 अगस्त) पाकिस्तान ने 30 रनों का टारगेट दिया था, जिसे बांग्लादेश ने बगैर विकेट गंवाए हासिल कर मैच अपने नाम किया. दरअसल, बांग्लादेश टीम इन दिनों पाकिस्तान दौरे पर है, जहां दोनों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. पहला मुकाबला 21 से 25 अगस्त के बीच रावलपिंडी में हुआ, जिसमें बांग्लादेश ने जीत दर्ज की. यह टेस्ट इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की ओवरऑल पहली जीत है.पहली पारी में मिली थी 117 रनों की लीडबता दें कि पाकिस्तान टीम ने खराब शुरुआत के बाद सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान के शतकों की मदद से पहली पारी में 6 विकेट पर 448 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. इसी स्कोर पर पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने पारी घोषित करने का फैसला रिजवान ने नाबाद 171 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और तीन छक्के शामिल रहे. शकील ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 141 रन बनाए. बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद और शोरिफुल इस्लाम ने 2-2 विकेट चटकाए. इसके बाद बांग्लादेश ने पहली पारी में 565 रन बनाए थे.



**पाक बनाम बांग्लादेश**

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट मैच | 15 |
| पाकिस्तान जीता | 12 |
| बांग्लादेश जीता | 1 |
| ड्रॉ | 1 |

इसके बदौलत बांग्लादेश को पहली पारी में 117 रनों की लीड मिली थी. टीम के लिए मुश्फिकुर रहीम ने 191 रनों की पारी खेली. रहीम के टेस्ट करियर का यह 11वां शतक रहा. रहीम ने 22 चौके और 1 छक्का लगाया. शादमान इस्मान (97), महेदी हसन मिराज (77), लिटन दास (56) और मोमिनुल हक ने अर्धशतकीय योगदान दिया. पाकिस्तान के लिए नसीम शाह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए. वहीं खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली और शाहीन आफरीदी ने 2-2 सफलताएं हासिल की.

दूसरी पारी में 117 रनों की लीड उतारने और टारगेट देने के दबाव में पाकिस्तान की पूरी टीम बिखरती नजर आई. ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने 4 और लेफ्ट आर्म स्पिनर शाकिब अल हसन ने 3 विकेट लेकर पाकिस्तान टीम को 146 रनों पर ही ढेर कर दिया. बाकी शोरिफुल इस्लाम, हसन महमूद और नाहिद राणा ने 1-1 विकेट झटका. पाकिस्तान के लिए रिजवान एक बार फिर चमके और सबसे ज्यादा 51 रनों की पारी खेली. जबकि अब्दुल्ला शफीक ने 37, बाबर आजम ने 22 और कप्तान शान मसूद ने 14 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका.

#### इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में श्रीलंका को 5 विकेट से हराया

**मैनचेस्टर।** जो रूट ने नाबाद 62 रन की पारी खेली जिसकी मदद से इंग्लैंड ने खराब शुरुआत से उबरकर श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराया. इंग्लैंड के सामने 205 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम एक समय तीन विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी. रूट ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली. उन्हें हैरी ब्रूक (32) का अच्छा सहयोग मिला, जिससे इंग्लैंड लगातार चौथा टेस्ट मैच जीतने में सफल रहा। इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 205 रन बनाए. इंग्लैंड ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया था. इससे पहले श्रीलंका की टीम अपनी दूसरी पारी में 326 रन पर आउट हो गई थी. उसकी तरफ से सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे कामिंडु मेंडिस ने सर्वाधिक 113 रन बनाए. उनके आउट होने के बाद श्रीलंका की पारी बिखर गई .मेंडिस का यह चार टेस्ट मैच के अपने करियर का तीसरा शतक है. श्रीलंका ने अपने आखिरी चार विकेट 26 रन के अंदर गंवाए. दिनेश चंडीमल (79) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे. इन दोनों टीम के बीच दूसरा टेस्ट मैच लॉर्ड्स में गुरुवार से खेला जाएगा.

## 84 खिलाड़ियों के साथ जाएंगे 95 अधिकारी

**पेरिस पैरालंपिक**

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत की 84 सदस्यीय टीम 28 अगस्त से शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा लेगी जिसमें उनके साथ 95 अधिकारी भी जाएंगे. इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल हैं. इस तरह भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं. इन 95 अधिकारियों में से 77 टीम अधिकारी, नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी शामिल हैं. भारत पेरिस पैरालंपिक (28 अगस्त से आठ सितंबर) में 84 खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है जो 12 खेलों में हिस्सा लेंगे. 2021 में हुए तोक्यो पैरालंपिक में भारत के 54 खिलाड़ियों ने नौ खेलो में हिस्सा लिया था. मंत्रालय ने दल को स्वीकृति देते हुए कहा, कुछ पैरा खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए दल में निजी कोच को शामिल किया गया है. हालांकि वे मिशन प्रमुख/टीम के मुख्य कोच के निर्देशों के अनुसार अन्य खिलाड़ियों को भी आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे. उन्होंने कहा, मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन के लिए एक टीम मैनेजर को छोड़कर पूरे दल (खिलाड़ियों, दल के अधिकारियों, कोच) की भागीदारी का खर्च सरकार उठाएगी.

भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें निजी कोच मिलेंगे. ये दोनों टोक्यो पैरालंपिक में अपना स्वर्ण पदक बचाने की कोशिश करेंगे. पैरा एथलेटिक्स टीम 38 प्रतिभागियों के साथ भारत की सबसे बड़ी टीम है. इसमें सबसे अधिक संख्या में निजी कोच और सहायक कर्मी भी शामिल हैं. मिशन प्रमुख और पैरा बैडमिंटन टीम के मैनेजर को छोड़कर दल के सभी सदस्यों को खेलों के दौरान ठहरने की आवश्यक और वास्तविक अवधि के अनुसार 50 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन का भत्ता मिलेगा, जिसमें अनुकूलन और प्रशिक्षण अवधि के अलावा दो दिन की आने-जाने की यात्रा का समय भी शामिल होगा. कुछ अधिकारी खेल गांव के बाहर रहेंगे. भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया और मिशन प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान सहित एक बड़ा जत्था रविवार को पेरिस के लिए रवाना हुआ. झझारिया ने शनिवार को पीटीआई को बताया कि वह 'सभी खिलाड़ियों का ध्यान रखने के लिए' खेल गांव के बाहर रहेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी पेरिस के बाहर प्रतिस्पर्धा करेंगे.



#### सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली लायंस को 10 विकेट से हराया

**नयी दिल्ली।** गेंदबाजों के अनुशासित प्रयास के बाद ध्रुव कौशिक के नाबाद अर्धशतक की मदद से सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल)) में वेस्ट दिल्ली लायंस को 10 विकेट से हरा दिया. सेंट्रल दिल्ली किंग्स के सामने 124 रन का मामूली लक्ष्य था, जो उसने सलामी बल्लेबाज ध्रुव (52 गेंदों में नाबाद 68 रन) और लक्ष्य थरेजा (37 गेंदों में नाबाद 46 रन) के शानदार प्रदर्शन से 14.5 ओवर में हासिल कर दिया. इससे पहले वेस्ट दिल्ली लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 123 रन बनाए. सेंट्रल दिल्ली किंग्स के लिए प्रिंस चौधरी, सुमित कुमार और योगेश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए,

## शारीरिक आकलन के लिए लक्ष्य सेन ऑस्ट्रिया रवाना

**भाषा। नयी दिल्ली**

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के सर्किट पर आगामी टूर्नामेंटों के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लक्ष्य के साथ भारत के लक्ष्य सेन रविवार को अपने शरीर के विस्तृत आकलन के लिए ऑस्ट्रिया रवाना हुए. पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे अल्मोड़ा के 22 वर्षीय लक्ष्य के साल्जबर्ग में रेड बुल एथलीट परफोर्मेंस सेंटर में कई परीक्षण की मदद से विस्तृत आकलन होगा, जिससे कि उनकी फिटनेस और खेल को बेहतर किया जा सके. वहां एक अच्छा खेल संस्थान है जहां लक्ष्य कुछ शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहते हैं. लक्ष्य एक हफ्ते में लौट आएंगे. लक्ष्य के साथ उनके ट्रेनर गौरव और उत्तराखंड के 15 वर्षीय जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी निश्चल चंद भी गए हैं, जो उन्हें सप्ताह भर खेल से जुड़ी जानकारी रखने में मदद करते हैं.



## नोस्कोवा ने अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता

**एजेंसी। मॉन्टेरी (मैक्सिको)**

छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता. इस तरह से नोस्कोवा ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में सन से सीधे सेटों में मिली हार का बदला ले लिया. चेक गणराज्य की यह 19 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी. अमेरिकी ओपन में उनका पहला मुकाबला मंगलवार को 30वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा. इससे पहले चीन की हन्यू गुओ और रोमानिया की मोनिका निकुलेस्कू ने मैक्सिको की गिउलिआना ओल्मोस और रूस की एलेक्जेंड्रा पानोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-6, 6-3, 10-4 से हराकर युगल खिताब जीता.



## यूपी के चंदन और नासिक की रवीना ने मुंबई हाफ मैराथन जीती

**भाषा। मुंबई**

उत्तर प्रदेश के बडोही जिले के कॉलेज छात्र चंदन यादव और महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली रवीना गायकवाड़ ने रविवार को यहां आठवें एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस मुंबई हाफ मैराथन 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते. इससे पहले कई बार पोडियम पर पहुंचने वाले 21 वर्ष के चंदन ने फिनिश लाइन से आधा किलोमीटर पहले अपनी गति बढ़ाई तथा एक घंटा 11.01 मिनट का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया. नीतीश कुमार एक घंटा 11.54 मिनट के साथ दूसरे जबकि पीयूष मसाने एक घंटा 13.20 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे. महिला वर्ग में 19 वर्षीय रवीना ने 21 किलोमीटर की दौड़ में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए एक घंटा 27.43 मिनट का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की. वह सेनिट लेशार्ज से लगभग दो मिनट आगे रही. रुक्मणी भौरे ने एक घंटा 31.23 मिनट के साथ कांस्य पदक जीता. दिग्गज क्रिकेटर और प्रायोजक के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए. पुरुषों की 10 किमी में युवराज यादव ने 31.50 मिनट में दौड़ पूरी की, जबकि मनीष कुमार नायक ने 32.14 मिनट का समय लेकर रजत और अमित माली ने 33.25 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक जीता. महिला वर्ग में सोनाली देसाई ने 39.47 मिनट का समय लेकर लगातार दूसरे साल पहला स्थान हासिल किया. दिव्या पिंगले ने 41.50 मिनट के साथ दूसरा और रजनी त्यागी ने 43.52 मिनट लेकर तीसरा स्थान हासिल किया. इस प्रतियोगिता में 20,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया. तेंदुलकर ने कहा, हम खेल से प्यार करते हैं, लेकिन समय आ गया है कि हम अपने मानसिक और शारीरिक लाभ के लिए खेलों में भाग लेकर खेल को जीवन का एक तरीका बनाएं.




**स्पैनिश ला लिगा सॉकर : रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने रिबाउंड पर गोल करके जीत दिलाई**

## रोमांचक मैच में बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को हराया

**एजेंसी। बार्सिलोना**

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने रिबाउंड पर गोल करके बार्सिलोना को ला लीगा के रोमांचक मुकाबले में एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई. 24वें मिनट में किशोर लेमिन यामाल के डिफ्लेक्टेड स्ट्राइक ने बार्सा को बढ़त दिला दी. मेहमान टीम ने 42वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली, जब डिफेंडर पाऊ क्यूबार्सी द्वारा बॉक्स के अंदर एलेक्स बेरेंगुएर पर फाउल करने के बाद ओइहान सैंसेट ने पेनल्टी स्पॉट से गोल दागा.

लेवांडोव्स्की, जिन्होंने बार्सिलोना के स्कोर को दोगुना करने के प्रयास में दोनों हाफ में गोल किया था, ने 75वें मिनट में गोलकीपर के रिबाउंड से विजयी गोल किया, जिससे मेजबान टीम को दो मैचों में दूसरी जीत मिली. बार्सिलोना छह अंकों के साथ सेल्टा विगो के बराबर ला लीगा स्टैंडिंग में शीर्ष पर है। एथलेटिक दो मैचों में एक अंक के साथ 15वें स्थान पर है. अपने पहले मैच की तरह ही, लेवांडोव्स्की ही बार्सिलोना के लिए मैच विजेता रहे, शनिवार को उनके 75वें मिनट के गोल ने अंतर पैदा कर दिया. हालांकि, यह यमल ही था जिसने बार्सिलोना के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया. 2005 के बाद जन्मे खिलाड़ियों में, केवल मैथिस टेल (17 - 12 गोल, पांच असिस्ट) ने शीर्ष पांच यूरोपीय लीग में उनसे अधिक गोल किए हैं (12 - छह गोल, छह असिस्ट, डेजायर डू के समान, सात और पांच). इस बीच, 24 वर्ष और 121 दिन की उम्र में सैनसेट 21वीं सदी में ला लीगा में 25 गोल तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे युवा एथलेटिक खिलाड़ी बन गए, उनसे आगे फर्नांडो लोरेंटे और इकर मुनियन हैं.



#### शुभंकर शर्मा डच गोल्फ में संयुक्त 11वें स्थान पर

**आरहस (डेनमार्क)।** भारत के शुभंकर शर्मा ने अपने तीसरे राउंड में दो ईगल लगाए, लेकिन इसके साथ ही एक डबल बोगी भी की, जिससे वह डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में तीसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं. शुभंकर ने पहले दो राउंड में भी 69 का स्कोर किया था और तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर है. वह शीर्ष पर चल रहे लुकास बेजरेगार्ड से छह स्ट्रोक पीछे हैं. भारतीय स्टार ने ईगल के साथ शुरुआत की और उसके बाद बर्डी लगाई. उन्होंने 10वें होल में एक और ईगल बनाया जिससे एक समय उनका स्कोर पांच अंडर था. इसके बाद शुभंकर की लय गड़बड़ा गई और वह एक डबल बोगी और दो बोगी कर बैठे. इस बीच उन्होंने केवल 17वें होल में बर्डी बनाई.

## कोहली ने धवन से कहा, आपकी खेल भावना और विशिष्ट मुस्कान की कमी खलेगी

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने लंबे समय तक अपने साथी रहे शिखर धवन को भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक करार दिया और कहा कि उनके उत्साह, खेल भावना और विशिष्ट मुस्कान की कमी खलेगी लेकिन उनकी विरासत हमेशा बनी रहेगी. शीर्ष क्रम के प्रमुख बल्लेबाज धवन ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की. कोहली ने एक्स पर लिखा, शिखर, आपके पदार्पण पर साहसिक प्रदर्शन से लेकर भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बनने तक, आपने हमें अनगिनत यादें दी हैं. खेल के प्रति आपके जुनून, आपकी खेल भावना और आपकी ट्रेडमार्क मुस्कान की कमी खलेगी. पूर्व भारतीय कप्तान ने कई यादें देने के लिए 'गब्बर' के नाम से मशहूर धवन का आभार व्यक्त किया और इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा, ढेर सारी यादें देने, अविस्मरणीय प्रदर्शन करने और हमेशा जी-जान से खेलने के लिए आपका आभार. रोहित शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, कमरे साझा करने से लेकर मैदान पर जीवन भर की यादें साझा करने तक. आपने हमेशा दूसरे छोर से मेरा काम आसान किया. अल्टीमेट' जाट.



## ब्रीफ खबरें

### जीतन राम मांझी ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी ने इसकी जानकारी देते बताया कि मुख्यमंत्री के आवास पर उनसे औपचारिक मुलाकात हुई. इस दौरान मेरे साथ हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन भी मौजूद रहे. मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार जी से प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति एवं विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई.

### 12 क्विं महुआ जावा किया नष्ट, महुआ शराब बरामद

**मुंगेर।** राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू है. इसके बावजूद राज्य में धड़ल्ले से शराब का अवैध कारोबार चल रहा है. इसी कड़ी में मुंगेर में अवैध रूप से शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. मुंगेर पुलिस ने 1250 केजी महुआ जावा को विनिष्ट करते हुए 130 लीटर महुआ शराब को बरामद की. वहीं एक भट्टी को भी पुलिस ने ध्वस्त किया. दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गंगटा थाना क्षेत्र के बांस बिट्टी जंगल में शराब माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर देशी महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है.

### बीच सड़क पर धान रोपकर जताया विरोध

**मसौढ़ी।** शहर का मुख्य धाम कहे जाने वाले मन्नीचक सूर्य मंदिर काफी मशहूर मंदिर है, जहां हर साल छठ पर्व के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु आकर पूजा अर्चना करते हैं. मंदिर में काफी लोगों की भीड़ रहती है. ऐसे में अभी सबसे बड़ी समस्या यह है कि मसौढ़ी बाजार से मन्नीचक धाम पर जाने का जो मुख्य मार्ग है, वह पूरी तरह से नाली और कीचड़ में तब्दील हो गया है. मसौढ़ी नगर परिषद प्रशासन के लाचार रवैया के चलते आज मनी चक मोहल्ले के वासियों ने सड़क पर उतर खूब प्रदर्शन किया और सड़क पर धान रोपे नगर परिषद के खिलाफ अपना विरोध जताया.

गंगा नदी उफान पर, भागलपुर के कई गांवों में गंगा के बाढ़ का कहर, जलमग्न हुए कई इलाके

# एनडीआरएफ की दो टीमों ने 500 लोगों को बचाया

**संवाददाता। भागलपुर**



बिहार में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. भागलपुर में गंगा नदी उफान पर है. इससे नवगछिया में स्थिति गंभीर होती जा रही है. गंगा नदी खतरे के निशान से 90 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है और गोपालपुर बिंद टोली बांध के ध्वस्त होने से नवगछिया अनुमंडल के कई गांव प्रभावित हो रहे हैं. पानी का फैलाव तेजी से बढ़ रहा है और गंगा का जलस्तर हर घंटे 2 सेंटीमीटर बढ़ रहा है. जिससे बाढ़ की स्थिति और भी गंभीर हो रही है. गोपालपुर के धरहरा क्षेत्र में पानी प्रवेश कर चुका है, और कई गांव जलमग्न हो गए हैं.

वहीं इस स्थिति को संभालने के लिए एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की दो टीमें लगभग 60 कर्मियों के साथ अलग-अलग स्थानों पर तैनात की गई हैं. इन टीमों ने अब तक लगभग 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है. पटना एनडीआरएफ की टीम के कमांडर, इंस्पेक्टर भवेश झा भुवन, इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं.

उन्होंने बताया कि गंगा के पानी का फैलाव लगातार हो रहा है और गोपालपुर के कई गांव इससे प्रभावित हो गए हैं. प्रशासन द्वारा जहां-जहां जलस्तर बढ़ रहा है, वहाँ रेस्क्यू कार्य चल रहा है. बाढ़ के खतरे को लेकर इंस्पेक्टर भवेश झा भुवन ने कहा कि, एनडीआरएफ इंस्पेक्टर भवेश झा भुवन ने गोपालपुर के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. उन्होंने बताया कि उनकी टीम हर संभव प्रयास कर रही है ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके और आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके. बता दें कि, पिछले 24 घंटे में कहलगांव में 14 सेमी और भागलपुर में सात सेमी जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है.

अब 10 घंटे का सफर 5 घंटे में पूरा करेंगे यात्री

# बिहार को मिलेगी चार और वंदे भारत एक्सप्रेस

**संवाददाता। पटना**

बिहार को चार और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है. जानकारी अनुसार 2025 तक ये चारों वंदे भारत ट्रेन पटरियों पर दौड़ने लगेंगी. इन वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव के लिए पाटलिपुत्र जंक्शन के पास कोचिंग कॉप्लेस बनाने. इन ट्रेनों के परिचालन से आप 10 घंटे की सफर आसानी से 5-6 घंटे में पूरी कर सकते हैं. दरअसल, पूर्व मध्य रेलवे वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है. 2025 तक बिहार को 4 और वंदे भारत एक्सप्रेस मिल जाएगी. रेलवे ने इसके लिए तैयारी भी शुरु कर दी है. ट्रैक की मरम्मत और 60 केजी का ट्रैक बिछाया जा रहा है. रेलवे के अधिकारी के मानें तो पूर्व मध्य रेलवे को आठ वंदे भारत मिलनी है. जिनमें से चार वंदे भारत एक्सप्रेस मिल चुकी है.

बता दें कि, पटना से माल्दा और टाटानगर के लिए एक-एक वंदे भारत ट्रेन चलेगी. गया से कोलकाता और मुजफ्फरपुर से दिल्ली के लिए भी एक-एक वंदे भारत ट्रेन चलेगी. पटना-टाटानगर वंदे भारत ट्रेन 2024 में शुरू होगी. अन्य तीन वंदे भारत ट्रेनों का संचालन 2025 में शुरू होगा. वहीं वंदे भारत के रख-रखाव के लिए पाटलिपुत्र जंक्शन के पास कोचिंग कॉप्लेक्स बनेगा. 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे.

मुजफ्फरपुर में देर रात हुई गोलीबारी के बाद भारी बवाल

# गुस्साए लोगों ने शिवहर मुख्य मार्ग को किया जाम

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में शनिवार देर रात हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों को अपराधियों के द्वारा गोली मारी गई थी. इसके बाद स्थानीय आक्रोशित लोगों ने रविवार की अहले सुबह से ही मुजफ्फरपुर शिवहर मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया. साथ ही सड़क पर टायर जलाकर आवागमन को भी पूरी तरह से बंद कर दिया. आक्रोशित परिजनों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है. मामले की सूचना मिलते हैं भारी संख्या में पुलिस जवान भी मौके पर पहुंच गए हैं. दरअसल, देर रात मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के नेउरा चौक के पास स्थित नंदलाल शाह के किराना दुकान की है. जहां शनिवार की शाम दो बाइक से चार अपराधकर्मी पहुंचे थे और जमकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था. जिसमें तीन लोगों को गोली लगी थी. इसके बाद अपराधकर्मी फरार हो गए थे. वहीं इस घटना में घायल तीनों लोगो को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से बेहतर इलाज के लिए तीनों को पटना रेफर कर दिया गया. फिलहाल तीनों घायलों का इलाज जारी है. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहरयार अख्तर सिटी एसपी अवधेश दीक्षित एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिंह भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच की तो दूसरे तरफ स्थानीय लोगों से कई बार पुलिस की नोकझोंक भी हो गई. पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोग भी कहीं ना कहीं आक्रोशित थे. बावजूद इसके पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझा बूझकर देर रात मामले को शांत करा लिया. वहीं एक बार फ़िर आज अहले सुबह आक्रोशित लोगों ने मुजफ्फरपुर शिवहर मुख्य मार्ग के नेउरा चौक को जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका साफ़ तौर पर कहना है की जितनी जल्दी हो अपराधियो को पुलिस गिरफ्तार करे.



मुजफ्फरपुर शिवहर मुख्य मार्ग के नेउरा चौक को जाम करते लोग.

### शराब तस्करों से पिट गए पुलिस वाले

**वैशाली।** बिहार में धड़ल्ले से शराब की अवैध कारोबार जारी है. वहीं पुलिस इन कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई भी कर रही है. वहीं कई बार शराब तस्करों के द्वारा पुलिस की टीम पर हमला करने की खबर भी सामने आती है. ऐसा ही एक मामला वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के राघोपुर पश्चिमी गांव से सामने आया है. जहां शराब की नशे में हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हंगामा कर रहे लोगों ने हमला कर दिया. जिसमें थाना अध्यक्ष समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए. इस दौरान पुलिस पदाधिकारी ने मौके से दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. बाकी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. घायल थानाध्यक्ष, एस आई जया कुमारी, सैप सिपाही समशेन बाडला, राजमोहन पासवान, चालक शिवकुमार एवं सिपाही राकेश कुमार को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राघोपुर भर्ती कराया गया.

# जाति गणना पर देश को धोखा दे रहे राहुल : ललन

**संवाददाता। पटना**

### केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने खोल दी पोल

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला.



दिल्ली से पटना लौटने के बाद ललन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को यह समझना होगा कि बिहार में जातिगत गणना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कराया. उन्होंने कहा कि जब हमलोग यानी जदयू उस समय इंडिया गठबंधन में थे, तब राहुल गांधी से कहा था कि जातिगत गणना पर प्रस्ताव पारित कीजिए. लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ममता बनर्जी के कहने पर राहुल ने उसे खारिज कर दिया. अब वहीं राहुल गांधी आज घड़ियाल आंसू बहा रहे हैं. ललन ने कहा कि जब हम लोगों ने जातिगत गणना कराई तो राहुल गांधी ने कभी भी इसकी प्रशंसा नहीं की है. अब राहुल सिर्फ जनता को भ्रमित कर रहे हैं. उनका कोई आधार नहीं है.

उन्होंने कहा कि जातिगत गणना के मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल सिर्फ लोगों को भरमा रहे हैं. गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन में रहते हुए ही बिहार में नीतीश सरकार ने जाति गणना कराई थी. वहीं केंद्र सरकार द्वारा नई पेंशन स्कीम ले जाने पर ललन ने कहा कि यह बहुत अच्छा है और सभी राज्यों को अपनाना चाहिए.

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर एक्शन में पुलिस

**पटना।** पटना पुलिसिंग को धार देने की कवायद लगातार जारी है. बड़ी अपराधिक घटनाओं और थानों में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर बैठक कर पटना पुलिस कप्तान पटना के थानेदारों की क्लास लगाते हैं. इसी कड़ी में शनिवार को ढाई से तीन घंटे तक एक एक कर के पटना जिले के सभी थानेदारों से उनका फीड बैक लिया है. पॉक्सो , एससी-एसटी एक्ट सहित गुमशुदगी के मामलों में केसों के डिटेक्शन और आरोपितों के जल्द गिरफ्तारी पर तेजी लाने के आदेश दिए हैं.

### एग्जाम हुआ 500 अंक का, छात्र ने लाए 955 अंक



**छपरा ।** छपरा का जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय कभी सेशन लेट तो कभी तो रिजल्ट देने में देरी को लेकर जेपी यूनिवर्सिटी अखबारों की सुर्खियों में रहता है. वहीं अब जेपी यूनिवर्सिटी का नया कारनामा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस बार जेपी यूनिवर्सिटी ने एक छात्र को 500 में से 955 अंक दे दिए हैं. दरअसल, हाल ही में बीकॉम पार्ट 2 की एक मॉर्क्स सीट में यूनिवर्सिटी ने 500 अंकों के कुल पूर्णांक में से एक छात्र को 955 अंक दे दिए हैं. यह रिजल्ट जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं. बता दें कि, यूनिवर्सिटी ने बीकॉम पार्ट 2 की परीक्षा के परिणाम में मॉर्क्स सीट जारी की, जिसमें छात्र को दिए गए अंक कुल पूर्णांक से कहीं अधिक थे. छात्र ने परीक्षा तो कुल 500 अंकों की दी लेकिन उसे कुल प्राप्तांक 955 अंक आए. वहीं अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों का इस मामले में कहना है कि, इस तरह की गलतियां न सिर्फ छात्रों के भविष्य पर असर डाल सकती हैं, बल्कि यूनिवर्सिटी की छवि को भी प्रभावित करती हैं.

## कारोबार

### अमेरिकी नियामक ने यूजिया को फटकारा

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने अरबिंदो फार्मा की अनुषंगी कंपनी यूजिया को उसके तेलंगाना स्थित संयंत्र में विनिर्माण संबंधी खामियों के लिए फटकार लगाई है. यूजिया फार्मा स्पेशिलिटीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) युगांधर पुव्वाला को लिखे चेतावनी पत्र में अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने बताया कि कंपनी उत्पादन और प्रक्रिया सिमुलेशन के लिए आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित करने में विफल रही है.

### ओएनजीसी ने केजी फील्ड में कुआं खोला

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने रविवार को कहा कि उसने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी प्रमुख गहरे समुद्र की परियोजना का एक और कुआं खोला है. कंपनी ने कहा कि इससे उसे कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी. इस साल जनवरी में, ओएनजीसी ने केजी-डीडब्ल्यूएन - 98/2 या केजी-डी5 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू किया था. इसे रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित किया जाता है.

### मुंबई ऊर्जा मार्ग औपचारिक उद्घाटन के लिए तैयार

**नयी दिल्ली।** अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजना मुंबई ऊर्जा मार्ग औपचारिक उद्घाटन के लिए तैयार है. बिजली मंत्रालय की इस परियोजना का मकसद मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में अतिरिक्त 2,000 मेगावाट विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है. आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि स्टरलाइट पावर द्वारा स्थापित की जा रही 90 किलोमीटर लंबी पडघा-खारघर अंतर-राज्यीय पारेषण लाइन (मुंबई ऊर्जा मार्ग) पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित होगी. परियोजना औपचारिक उद्घाटन के लिए तैयार है. इससे शहर के अधिकांश हिस्से को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी.

भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय बैठक में सीतारमण, गोयल, जयशंकर, वैष्णव लेंगे भाग

# व्यापार व आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे भारत-सिंगापुर

**भाषा। नयी दिल्ली**



निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, एस जयशंकर समेत चार मंत्री सोमवार को भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे. इस पहल का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज (आईएसएमआर) बैठक 26 अगस्त को सिंगापुर में होगी. गोयल सिंगापुर में डीबीएस बैंक, टेमासेक होल्डिंग्स, ओमर्स, केपेल इंफ्रास्ट्रक्चर और ओनर्स फोरम सहित प्रमुख वैश्विक व्यापारिक हस्तियों के साथ बातचीत करेंगे. बयान के अनुसार मंत्री भारत में बढ़ते बाजार अवसरों और मजबूत वृद्धि दर के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर विचार करेंगे. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव दूसरी भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक में भाग लेंगे. अपनी यात्रा के दौरान मंत्री सिंगापुर के मंत्रियों और नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे. आईएसएमआर भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों के लिए नया एजेंडा निर्धारित करने के लिए स्थापित एक अनूठी व्यवस्था है. इसकी पहली बैठक सितंबर 2022 में नई दिल्ली में हुई थी. बयान के अनुसार, यह दूसरी बैठक दोनों पक्षों को अपनी रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने तथा इसे और बढ़ाने तथा व्यापक बनाने के लिए नए रास्ते तलाशने में मदद करेगी. सिंगापुर भारत के लिए एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) का एक प्रमुख स्रोत रहा है. बीते वित्त वर्ष 2023-24 में, सिंगापुर भारतीय बाजारों में 11.77 अरब डॉलर के निवेश के साथ एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत था. अप्रैल 2000 से मार्च 2024 तक सिंगापुर से एफडीआई का कुल प्रवाह 159.94 अरब डॉलर था. द्विपक्षीय व्यापार के मामले में सिंगापुर 2023-24 में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार रहा. कुल व्यापार 35.61 अरब डॉलर का था, जो आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ) के साथ भारत के कुल व्यापार का लगभग 29 प्रतिशत है.

### भारत, ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत नवंबर में

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर अगले दौर की बातचीत नवंबर में कर सकते हैं. वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह कहा. दोनों देशों ने अंतरिम व्यापार समझौता दिसंबर 2022 में लागू किया और अब वे इसका दायरा बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहे हैं. मंत्रालय ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए (व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता) वार्ता का दसवां दौर 19-22 अगस्त को सिडनी में हुआ. इसमें वस्तुओं, सेवाओं, डिजिटल व्यापार, सरकारी खरीद, वस्तु उत्पत्ति के नियम और कृषि-तकनीक के क्षेत्रों पर बातचीत हुई. बयान के अनुसार इनमें से प्रत्येक विषय पर दोनों पक्षों ने गहन चर्चा की. मंत्रालय ने बयान में कहा, सीईसीए वार्ता का अगला दौर नवंबर में होने की संभावना है. भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के मुख्य वार्ताकार और अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने किया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मामलों और व्यापार विभाग के मुख्य वार्ताकार और प्रथम सहायक सचिव रवि केवलराम ने किया. मंत्रालय ने कहा, बैठक में एक-दूसरे के प्रस्तावों की बेहतर समझ और मतभेदों को दूर करने के लिए गहन चर्चा और बातचीत हुई.

### वित्त मंत्री से मिले नेपाल के कार्यवाहक राजदूत



नयी दिल्ली में रविवार को नेपाल के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे और भारत में नेपाल के कार्यवाहक राजदूत सुरेंद्र थापा के साथ भारत की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण.

## बाजार पूंजीकरण : रिलायंस को सबसे ज्यादा लाभ

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े. इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचयूएल सबसे ज्यादा लाभ में रहीं. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 33.02 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 81,086.21 पर बंद हुआ. पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 649.37 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई. रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 29,634.27 करोड़ रुपये बढ़कर 20,29,710.68 करोड़ रुपये रहा. टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 17,167.83 करोड़ रुपये बढ़कर 16,15,114.27 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 15,225.36 करोड़ रुपये बढ़कर 6,61,151.49 करोड़ रुपये रहा. भारती एयरटेल का एमकैप 12,268.39 करोड़ रुपये बढ़कर 8,57,392.26 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 11,524.92 करोड़ रुपये बढ़कर 8,47,640.11 करोड़ रुपये रहा. आंकड़ों के अनुसार आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 3,965.14 करोड़ रुपये बढ़कर 6,32,364.24 करोड़ रुपये हो गया.

**तेल-तिलहन समीक्षा** बाजारों में सरसों, मूंगफली व सोयाबीन के भाव मजबूती के साथ बंद हुए

# किसानों की कम बिकवाली, तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**भाषा। नयी दिल्ली**



किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे दाम पर बिकवाली से बचने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली व सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) व पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव मजबूती के साथ बंद हुए. बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में जिस सोयाबीन तेल का दाम 1,010-1,015 डॉलर प्रति टन था, वह बढ़कर 1,030-1,035 डॉलर प्रति टन हो गया. इसी प्रकार, पहले जिस सीपीओ का दाम 990-995 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 1,020-1,025 डॉलर प्रति टन हो गया. लेकिन सारे तेल अपनी लागत से कम दाम पर बिक रहे हैं. इसमें आयातित तेल भी शामिल हैं क्योंकि ये तेल भी आयात की लागत से नीचे दाम पर बंदरगाहों पर थोक में बिक रहे हैं. सूत्रों ने कहा कि आयातित तेलों के केवल थोक दाम सस्ते हुए हैं लेकिन खुदरा में ये महंगा ही बिक रहे हैं. इसकी ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है. इसे ठीक करने की जरूरत है. नये खरीफ सोयाबीन फसल का एमएसपी 4,892 रुपये क्विंटल है जबकि बाजार में किसानों से लगभग 4,200 रुपये क्विंटल के भाव सोयाबीन की खरीद हो रही है. यानी पुराने एमएसपी से यह दाम 5-7 प्रतिशत नीचे है मगर नये एमएसपी से यह दाम लगभग 15 प्रतिशत नीचे है. किसानों को उम्मीद है कि कपास की ही तरह सरकार सोयाबीन की भी एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करेगी और इस कारण भी वह अपनी फसल बाजार में कम ला रहे हैं.

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी प्रदेश सरकार की कोशिश होगी कि कपास एमएसपी से नीचे दाम पर नहीं बिके और किसानों को उनकी लागत प्राप्त हो. हरियाणा सरकार ने पहले ही कह रखा है कि कपास के दाम एमएसपी से कम हुए तो वह एमएसपी पर किसानों की सारी कपास फसल खरीदेगी. यह सराहनीय कदम है. सूत्रों ने कहा कि कपड़ा उद्योग , पॉल्ट्री उद्योग के संगठन और कई अन्य संगठन अपनी बातों को मजबूती से सरकार के सामने रखते हैं और अक्सर अपनी मांगे मनवा लेते हैं. लेकिन हमारा खाद्यतेल संगठन इस मामले में पिछड़ता रहा है और पिछले कई वर्षो में कोई मांग मनवा लेने का इतिहास नही दीखता. उन्होंने कहा कि इन संगठनों की जो भी मंशा रही हो और चाहे जितने भी प्रयास किये हों , उसका कुल नतीजा यह निकला है कि देश निरंतर खाद्य तेल - तिलहन मामले में आयात पर निर्भर होता चला गया है और आयात पर लाखों करोड़ रुपये का खर्च बढ़ चला है.

उन्होंने कहा कि इन तेल संगठनों के प्रतिनिधि जब तेल-तिलहन विषय पर होने वाली परिचर्चाओं में भाग लेते हैं तो बजाय यह कहने के कि तेल-तिलहन की प्रति व्यक्ति खपत कम है और इससे महंगाई पर विशेष असर नहीं होगा, वे कहते नजर आते हैं कि खाद्यतेल तिलहनों से मंहगाई बढ़ जायेगी. देश के तेल-तिलहन उद्योग की दुर्दशा पर वे शायद ही कभी चिंता जाहिर करते हों. इनका काम खाद्यतेलों के आयात-निर्यात के आंकड़े देना भर नहीं होना चाहिये बल्कि देश के तेल-तिलहन उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने की ओर होना चाहिए.

# एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में अगस्त में 11,366 करोड़ लगाये

- इस साल कुल प्रवाह एक लाख करोड़ रुपये

**भाषा। नयी दिल्ली**

विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक देश के बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं. इसके साथ बॉन्ड क्षेत्र में शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह इस साल एक लाख करोड़ रुपये का पार कर गया है. भारत के बॉन्ड बाजार में विदेशी निवेशकों की मजबूत खरीदारी का कारण इस साल जून में जेपी मॉर्गन के उभरता बाजार सरकारी बॉन्ड सूचकांक में भारत को शामिल किये जाने को दिया जा सकता है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (24 अगस्त तक) बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं. भारतीय बॉन्ड बाजार में जुलाई में 22,363 करोड़ रुपये, जून में 14,955 करोड़ रुपये और मई में 8,760 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश हुए थे. इससे पहले, उन्होंने अप्रैल में 10,949 करोड़ रुपये निकाले थे. इस ताजा पूंजी प्रवाह के साथ, 2024 में अब तक बॉन्ड में एफपीआई का शुद्ध निवेश 1.02 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अक्टूबर 2023 में भारत के शामिल होने की घोषणा के बाद से, एफपीआई वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में शामिल होने की उम्मीद में अपने निवेश को आगे बढ़ा रहे हैं। और इसके शामिल होने के बाद भी पूंजी प्रवाह मजबूत बना हुआ है.

## न्यूज अपडेट

### पाकिस्तान में बस हादसों में 37 मरे

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान में रविवार को हुई दो बस दुर्घटनाओं में 11 श्रद्धालुओं सहित कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए. पाकिस्तान में पहली दुर्घटना उस वक्त हुई जब ईरान से 70 शिया जायरीन को लेकर आ रही बस बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तटीय राजमार्ग से रास्ता भटक गई थी. वहरं पीओके में 35 लोगों को ले जा रही एक बस खाई में गिर गई थी. इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई.

### यमन में नौका के डूबने से 13 की मौत

**काहिरा।** यमन के अपतटीय क्षेत्र में प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के डूबने के बाद लापता बताए जा रहे 24 से अधिक लोगों में से 13 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी. लगभग एक दशक लंबे गृह युद्ध के बावजूद यमन काम के लिए अमीर खाड़ी देशों तक पहुंचने की कोशिश करने वाले पूर्वी अफ्रीका के प्रवासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग बना हुआ है.

### 'ऑपरेशन कमल' के लिए 100 करोड़

**मांड्या।** कर्नाटक में मांड्या से कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा ने विपक्षी दल भाजपा पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए 'ऑपरेशन कमल' चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि 100 करोड़ रुपये की पेशकश कर कांग्रेस विधायकों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है. भाजपा विधायकों को लालच देकर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है.

### इंजन से अलग हो गयीं ट्रेन की बोगियां

**बिजनौर।** बिजनौर जिले में रविवार को धनबाद जा रही गंगा सतलुज एक्सप्रेस ट्रेन की कुछ बोगियां इंजन से अलग हो गईं और पीछे रह गईं. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह मार्छाल ने पत्रकारों को बताया, 'सुबह करीब चार बजे कुछ तकनीकी समस्या के कारण धनबाद जा रही एक ट्रेन की कुछ बोगियां इंजन और अन्य बोगियों से अलग हो गईं.' अधिकारी ने बताया कि किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है.

### पूर्व विधायकों की मासिक पेंशन में वृद्धि

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने पूर्व विधायकों को 50,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन देने की घोषणा की है. तमांग ने पूर्व विधायक संघ के 22वें स्थापना दिवस पर कहा कि विधायक के तौर पर एक कार्यकाल तक सेवा दे चुके पूर्व विधायकों को अब 50,000 रुपये की मासिक पेंशन मिलेगी. दो कार्यकाल या उससे अधिक तक सेवा दे चुके पूर्व विधायकों को अब 55,000 रुपये की मासिक पेंशन मिलेगी.

### 'अपने उम्मीदवार नहीं उतारे पीडीपी'

**गांदरबल।** नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि जम्मू कश्मीर की बेहतरी के लिए नेकां-कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ उनकी पार्टी से प्रत्याशी नहीं उतारने को कहा. अब्दुल्ला की यह टिप्पणी महबूबा द्वारा यह कहे जाने के एक दिन बाद आई है कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन को पीडीपी पूर्ण समर्थन देगी और यदि यह गठबंधन उनकी पार्टी के एजेंडे को स्वीकार करता है तो वह चुनाव में सभी सीट इसके लिए छोड़ देंगी.

### बीएसएफ ने मांगी अतिरिक्त बटालियन

**जालंधर/नयी दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल ने मादक पदार्थ और गोलाबारूद के साथ पाकिस्तान की ओर से पंजाब की सीमा में ड्रोन के प्रवेश को रोकने के लिए एक अतिरिक्त बटालियन तैनात करने की मांग की है. बीएसएफ के पास वर्तमान में, पाकिस्तान से लगी 500 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा की रक्षा के लिए लगभग 20 बटालियन हैं, जिनमें 18 सीमा पर 'सक्रिय रूप से तैनात' हैं, जबकि बाकी अन्य आवश्यकताओं के मद्देनजर तैनात किया गया है.

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, दो की मौत

**डिंडीगुल।** तमिलनाडु में डिंडीगुल जिले के पूलमलाई स्थित एक निजी पटाखा फैक्टरी में रविवार को जबरदस्त विस्फोट हो गया, जिसमें दो श्रमिकों की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि जिले में नाथम तालुक के अंतर्गत अविचिपट्टी गांव के पास पूलमलाई में एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट हुआ जिसमें दो लोगों की मौत हो गई. विस्फोट में शव क्षत-विक्षत हो गए हैं, जिसके कारण उनकी अब तक पहचान नहीं की जा सकी है.

### इंडोनेशिया के टर्नेट द्वीप पर बाढ़ में 11 मरे

**टर्नेट द्वीप।** इंडोनेशिया के पूर्वी टर्नेट द्वीप पर मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में रविवार को 11 लोगों की मौत हो गई. स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर काम कर रहे खोज और बचाव दल ने उत्तरी मालुकु प्रांत के रुआ गांव में 10 शव बरामद किए हैं. द्वीप की खोज और बचाव एजेंसी के एक अधिकारी ब्रैम मद्या टेमारा के अनुसार, टीम एक और शव को निकालने के लिए मशक्कत कर रही है.

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री ढाका में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी को ढाका से गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं. एक अखबार ने पल्टन पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद खालिद हुसैन के हवाले से बताया कि 76 वर्षीय नेता को शनिवार देर रात करीब तीन बजे पियरगोली इलाके में एक घर से हिरासत में लिया गया.

### पांच श्रद्धालु बहे, एक महिला की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के दौरान पानी के तेज बहाव में पांच श्रद्धालु बह गये जिनमें से तीन को बहार निकाल लिया गया जबकि एक महिला की मौत हो गई. उदयपुर, धौलपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, कोटा, बारां, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, जालोर, दौसा, सवाई माधोपुर और सिरोही जिलों में भारी बारिश हुई. सबसे अधिक बारिश दौसा में 144.0 मिमी और जालोर के रानीवाड़ा में 65 मिमी बारिश दर्ज की गई.

### ढाका मेट्रो सेवा 30 दिन बाद फिर से शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश में अभूतपूर्व सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान यात्रियों के लिए बंद रहने के एक महीने बाद रविवार को ढाका मेट्रो ने अपनी सेवाएं फिर से शुरू कर दीं. एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, दो स्टेशन - मीरपुर 10 और काजीपाड़ा - बंद रहेंगे. मेट्रो सेवा बहाली से छात्रों और कार्यालय जाने वालों लोगों ने राहत की सांस ली क्योंकि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रोजाना ढाका के भारी यातायात जाम से गुजरना पड़ता था. आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सुबह करीब सात बजे मेट्रो सेवाएं फिर से शुरू हुईं.

## जन्माष्टमी आज, इस बार शुभ योग में रखिए व्रत, चार गुना अधिक मिलेगा लाभ



देश भर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त सोमवार के दिन मनाया जाएगा. इस बार के बने शुभ योग में व्रत रखने से भक्तों को व्रत का चार गुना अधिक फल मिलने वाला है. जन्माष्टमी का पर्व भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन मनाई जाती है. मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था. इस बार जन्माष्टमी पर बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं. जैसे योग भगवान कृष्ण के जन्म के समय बने थे वैसे ही योग इस बार भी बन रहे हैं. रविवार को बेंगलुरू में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव समारोह में भाग लेते हुए भगवान कृष्ण की वेशभूषा में बच्चे. -प्रेट्र

### मन की बात के 113वें एपिसोड में बोले पीएम

## मजबूत हो रही विकसित भारत की नींव, रखें पोषण का ध्यान

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 113वीं बार मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है. मोदी ने इस दौरान कई विषयों पर चर्चा की और बेंगलुरु स्थित अ त रिक्ष तकनीक स्टार्ट-अप के संस्थापकों से बात की. उन्होंने कहा कि इस महीने की 29 तारीख को तेलुगु भाषा दिवस भी है. यह वाकई अद्भुत भाषा है.



इसके अलावा उन्होंने कई और मुद्दों पर भी चर्चा की. पीएम मोदी ने बेंगलुरु स्थित स्टार्ट-अप गैलेक्सआई के पांच संस्थापक सदस्यों से बात की. इस उभरते स्टार्ट-अप के सभी संस्थापक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के पूर्व छात्र हैं. मोदी ने इसरो और अन्य संस्थानों के उद्योग विशेषज्ञों और आईआईटीयन की मदद से स्टार्ट-अप किस पर आधारित है और यह कैसे भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को विकसित करने में मदद करता है, इस बारे में अंतर्दृष्टि सुनी. मोदी ने कहा, 'बच्चों का पोषण सर्वोच्च प्राथमिकता है. वैसे तो साल भर उनके पोषण पर ध्यान रहता है, लेकिन एक महीना ऐसा भी होता है जब पूरा देश इस पर विशेष जोर देता है.

#### आईआईटी मद्रास की तारीफ

मोदी ने कहा कि उन्हें पिछले साल वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर आईआईटी मद्रास जाने का अवसर मिला था. आईआईटी निस्संदेह देश के सबसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक है और यह देखना अच्छा है कि प्रतिभाशाली व्यक्ति वहां से निकल रहे हैं.

### तनाव : मध्य-पूर्व में व्यापक पैमाने पर युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ा

# इजराइल व हिजबुल्ला ने एक दूसरे पर किए हमले

**इन हमलों से गाजा में युद्ध विराम समझौते के प्रयास को लगेगा झटका**

एजेंसियां। यरूशलम

मध्य-पूर्व में व्यापक पैमाने पर युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है और इससे गाजा में युद्ध विराम समझौते के प्रयास विफल हो सकते हैं. इजराइली सेना ने शिया मिलिशिया हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर रविवार तड़के लेबनान में हवाई हमले किए जिसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किए जाने की घोषणा की. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि वह और उनके रक्षा मंत्री योआव गैलेंट तेल अवीव में सैन्य मुख्यालय से इस अभियान का प्रबंधन कर रहे हैं. गैलेंट ने 'घरेलू मोर्चे पर विशेष स्थिति' की घोषणा की.

इजराइली सेना ने एक बयान जारी कर हिजबुल्ला द्वारा 'इजराइली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी किए जाने' का दावा किया. इसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने रविवार सुबह घोषणा की कि उसने बेरूत में उसके शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या का बदला लेने के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजराइल पर हमला किया है. ये हमले ऐसे समय में किए गए हैं जब मिस्र हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को समाप्त करने के लिए नए दौर की वार्ता की मेजबानी कर रहा है. हिजबुल्ला ने कहा है कि गाजा में युद्ध विराम समझौता होने पर वह युद्ध रोक देगा. ईरान हमास और हिजबुल्ला के अलावा सीरिया, इराक और यमन में भी चरमपंथियों का समर्थन करता है, जिनके व्यापक संघर्ष में शामिल होने की आशंका है.

**उड़ानों का मार्ग किया गया परिवर्तित :** लेबनान में इजराइली हवाई हमलों के बाद तेल अवीव के बाहर स्थित इजराइल के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने वाली उड़ानों का मार्ग रविवार को परिवर्तित कर दिया गया तथा अन्य विमानों के उड़ान भरने में देरी हुई. इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे उड़ानों का परिचालन बहाल हो गया. इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में 'दर्जनों ' युद्धक विमानों ने लक्ष्यों पर हमले किए. उन्होंने कहा कि हवाई सुरक्षा, युद्धपोत और युद्धक विमान इजराइल के हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रहे हैं और इस अभियान में शामिल हैं.

**इजराइल का आंतकी ठिकानों पर हमले :** वहीं इजराइली सेना के प्रवक्ता हगारी ने रविवार तड़के हमलों की घोषणा करते हुए कहा, 'इन (हिजबुल्ला के हमलों के) खतरों से बचने के लिए (इजराइली सेना द्वारा) आत्मरक्षा में लेबनान में उन आतंककवादी ठिकानों पर हमला किया जा रहा है, जहां से हिजबुल्ला इजराइल के आम नागरिकों पर हमले करने की साजिश रच रहा था.' हगारी ने कहा, 'हम देख सकते हैं कि हिजबुल्ला लेबनानी नागरिकों को खतरे में डालते हुए इजराइल पर व्यापक पैमाने पर हमला करने की तैयारी कर रहा है.' उन्होंने कहा, 'जिन क्षेत्रों में हिजबुल्ला सक्रिय है, हम उन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सचेत करते हैं कि वे अपनी सुरक्षा के लिए वहां से तुरंत चले जाएं.'



इजराइल में लेबनान की ओर से किए गए हमले में क्षतिग्रस्त एक मकान. प्रेट्र

#### हिजबुल्ला ने इजराइल में 320 रॉकेट दागे

इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उसने इजराइल में कई जगहों पर 320 से अधिक कत्युशा रॉकेट और 'बड़ी संख्या में' ड्रोन दागे. उसने कहा कि अभियान के तहत उसने 'एक अहम इजराइली सैन्य स्थल को निशाना बनाकर हमला किया है और इस स्थल के संबंध में बाद में जानकारी दी जाएगी' तथा साथ ही 'दुश्मन के कई स्थलों एवं बैरकों और 'आयरन डोम' मंचों को भी निशाना बनाया गया.' उसने कहा कि ये हमले पिछले महीने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हुए हमले में समूह के शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या के जवाब में किए गए. बाद में हिजबुल्ला ने जवाबी हमलों के पहले चरण की समाप्ति की घोषणा करते हुए कहा कि उसके द्वारा दागे गए सभी विस्फोटक ड्रोन ने अपने लक्ष्यों को भेदा. उसने उत्तरी इजराइल और इजराइल के कब्जे वाले 'गोलान हाइट्स' में 11 ठिकानों, बैरकों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की बात कही.

#### हिजबुल्ला अपने सहयोगी हमास से अधिक शक्तिशाली

लेबनानी मीडिया ने देश के दक्षिणी भाग में हमलों की खबर दी, लेकिन इनके बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी. सोशल मीडिया पर उपलब्ध कुछ वीडियो में दक्षिणी लेबनान में हमले होते दिखाई दिए. इजराइली हमले में हिजबुल्ला के एक शीर्ष कमांडर और ईरान में संदिग्ध इजराइली हमले में हमास नेता इस्माइल हनिया के मारे जाने के बाद से यह आशंका प्रबल हो गई है कि गाजा पट्टी में जारी इजराइल-हमास युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है. हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा पर हमले शुरू कर दिए थे. इसके बाद से ही हिजबुल्ला इजराइल पर हमले कर रहा है. हिजबुल्ला को अपने सहयोगी हमास से कहीं अधिक शक्तिशाली माना जाता है और उसके पास 1,50,000 रॉकेट एवं मिसाइलों का अनुमानित भंडार है, जिसमें मिसाइलें भी शामिल हैं.

#### जो बाइडन घटनाक्रम पर रख रहे हैं नजर

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता सीन सैवेट ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 'इजराइल और लेबनान में घटनाक्रम पर पैनी नजर रख रहे हैं.' सैवेट ने कहा, 'उनके निर्देश पर वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी अपने इजराइली समकक्षों के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं. हम आत्मरक्षा के इजराइल के अधिकार का समर्थन करते रहेंगे और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम करते रहेंगे.' अमेरिका और यूरोपीय देशों के राजनयिकों ने हाल के सप्ताहों में इजराइल और लेबनान की कई यात्राएं की हैं ताकि उस तनाव को कम किया जा सके जिसके क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की आशंका है. इजराइल के रक्षा मंत्री ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह हिजबुल्ला के साथ संभावित लड़ाई की आशंका के मद्देनजर लेबनानी सीमा की ओर अधिक सैनिक भेज रहे हैं.

## भारत और अमेरिका ने साथ मिलकर काम करने की अपनी इच्छा दोहराई

एजेंसी। वाशिंगटन



- दोनों देश एक दूसरे के अनुभव से लाभ उठाएंगे : राजनाथ सिंह
- लॉयड ऑस्टिन ने अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं. उन्होंने शनिवार को मैरीलैंड में एक शीर्ष अमेरिकी नौसैन्य युद्ध सामग्री केंद्र का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की. सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध सामग्री केंद्र का दौरा किया और इस केंद्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयोगों को देखा.' उन्होंने कहा, 'भारत और अमेरिका मिलकर काम करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं.'

इससे पहले, सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की. ऑस्टिन ने सिंह के साथ बैठक के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की. उन्होंने विभिन्न रक्षा मुद्दों पर दोनों देशों के बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें उनकी सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास भी शामिल हैं. ऑस्टिन ने कहा, 'हम एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र का दृष्टिकोण साझा करते हैं और हमारा रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है. हम अपने रक्षा औद्योगिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं तथा और क्षमताओं का सह-उत्पादन करने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर काम कर रहे हैं.' उन्होंने 'रिम ऑफ द पेसिफिक' में भारत की भागीदारी पर प्रकाश डाला, जो हवाई में अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर किया गया अभ्यास था जिसमें 29 साझेदार देशों ने भाग लिया.

### मादक पदार्थों का अवैध कारोबार भारत के लिए बड़ी चुनौती : अमित शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार ना केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है. उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं रणनीति के साथ देश इस समस्या से पार पा सकता है. शाह ने रविवार को नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया. इस दौरान शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए ''मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास' करने के चार सूत्रों पर जोर दिया. शाह ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प किया है, जब देश की आजादी का 100 वां वर्ष मनाया जाएगा. धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ आबादी का संकल्प बन गया है. मेरा मानना है कि नशा मुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है.'

## मलयालम फिल्म निर्देशक व अभिनेता ने दिया इस्तीफा

- न्यायमूर्ति के. हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं का उत्पीड़न व उनके साथ दुर्व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे



**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** न्यायमूर्ति के. हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं का उत्पीड़न और उनके साथ दुर्व्यवहार के संबंध में किए गए चौंकाने वाले खुलासे से मची हलचल के बाद मलयालम सिनेमा के दो जानेमाने लोगों ने उच्च पदों से रविवार को इस्तीफा दे दिया. जाने माने अभिनेता सिद्दीक ने एक अभिनेत्री द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद रविवार को 'एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' (एएमएमए) के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया. वहीं, मलायलम फिल्म निर्माता रंजीत ने एक अभिनेत्री से दुर्व्यवहार के उसके आरोपों को लेकर केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया. मलयालम सिनेमा के लोग ही सिद्दीक के इस्तीफे की मांग कर रहे थे. बांग्ला फिल्म में काम करने वाली एक अभिनेत्री ने कई साल पहले प्रसिद्ध फिल्म निर्माता रंजीत पर उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद रंजीत की आलोचनाएं की गई थीं, लेकिन हेमा समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद यह मामला सुर्खियों में आया. एक अभिनेत्री ने 24 अगस्त को अभिनेता सिद्दीक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था. विपक्षी कांग्रेस और भाजपा ने रंजीत का कड़ा विरोध जताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की थी, जिसके कारण फिल्म निर्माता को पद छोड़ना पड़ा.

**कैम्ब्रिज विवि में नए शोध के नतीजे जटिल**

### आहार ही आपके स्वास्थ्य और मधुमेह टाइप-2 होने के जोखिम के लिहाज से सबसे ज्यादा मायने रखता है

# मोटापा बढ़ाता है मधुमेह टाइप-2 से पीड़ित होने का खतरा

लगातार न्यूज नेटवर्क

दोपहर के समय के मुख्य भोजन 'हैम सैंडविच' अपनी आलोचना को लेकर मीडिया की सुर्खियों में है. हाल ही में जारी की गई कई मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि दिन में 'हैम सैंडविच' के मात्र दो टुकड़े खा लेने से मधुमेह टाइप-2 से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन इन सुर्खियों के पीछे का विज्ञान क्या है? इस संबंध में किए गए शोध में एक जटिल तस्वीर सामने आई है.

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि क्या सूअर का मांस (हैम और बेकन) तथा भेड़ या अन्य जानवरों के मांस (लाल मांस) खाने से मधुमेह टाइप-2 का खतरा बढ़ जाता है? इससे यह सुर्खियां सामने आईं कि हैम सैंडविच खाने और मधुमेह टाइप-2 से पीड़ित होने के बीच संबंध है. एक प्रेस विज्ञप्ति में हैम का उदाहरण देते हुए यह बताया गया था कि प्रसंस्कृत मांस खाने से 10 वर्षों में मधुमेह टाइप-2 होने का खतरा 15 प्रतिशत बढ़ जाता है. शोध में पाया गया कि मधुमेह टाइप-2 का खतरा प्रतिदिन अतिरिक्त 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से जुड़ा है, जो हैम के दो टुकड़ों के बराबर है.

**आयरन की अधिक मात्रा बढ़ाती है खतरा :** अध्ययन में बताया गया कि मधुमेह टाइप-2 का खतरा संभवतः प्रसंस्कृत मांस खाने से है क्योंकि इसमें नाइट्रेट और नमक की मात्रा होती है. नाइट्रेट और नमक को प्रसंस्कृत मांस के स्वाद को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. प्रसंस्कृत मांस में नाइट्रेट और नमक के सेवन से कोलन कैंसर होने की भी संभावना है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी नाइट्रेट और नमक को समूह 1 कार्सिनोजेन्स के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसका अर्थ है कि ये कई प्रकार के कैंसर का कारण बन सकते हैं. प्रसंस्कृत मांस को कैंसर से जोड़ने वाली प्रक्रिया इसे मधुमेह टाइप-2 से जोड़ने वाली प्रक्रिया के समान प्रतीत होती है. पाचन के दौरान प्रसंस्कृत मांस 'एन-नाइट्रोसो' रसायन बनाता है जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है. इससे सूजन हो सकती है और रक्त शर्करा (ग्लूकोज) को नियंत्रित करने वाले हार्मोन इंसुलिन पर भी प्रभाव पड़ सकता है. लाल मांस में आयरन की भरपूर मात्रा होती है. जिन लोगों में आयरन की मात्रा अधिक होती है, उनमें मधुमेह टाइप-2 होने की संभावना अधिक होती है. हालांकि, आयरन की मात्रा कम होने से ये लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंता का विषय भी बनता है.

**लंबाई के अनुरूप मानक वजन बनाए रखें :** इस अध्ययन से खास तौर पर यह संदेश दिया गया है कि हमें इन मांस के सेवन से परहेज करने की बजाय कम मात्रा में खाना चाहिए. ब्रिटेन सरकार की ओर से पोषण संबंधी सिफारिशों में सलाह दी गई है कि लाल और प्रसंस्कृत मांस का सेवन प्रतिदिन औसतन 70 ग्राम से अधिक न करें. मधुमेह टाइप-2 के न होने से बचने के लिए सबसे अच्छी सलाह यह है कि लंबाई के अनुरूप मानक वजन बनाए रखें. यदि आपका वजन अधिक है तो वजन कम करने पर विचार करें और जितना संभव हो सके शारीरिक रूप से सक्रिय रहें. एक स्वस्थ आहार में भरपूर मात्रा में सब्जियां, फल, बीन्स, मटर, दाल, मेवे और बीज के साथ ही कुछ साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थ, दूध से बने कुछ उत्पाद, मछली और सफेद मांस (या शाकाहारी विकल्प) शामिल होने चाहिए. इसके अलावा आहार में मध्यम मात्रा में लाल मांस और कम से कम प्रसंस्कृत मांस शामिल होना चाहिए. इससे मधुमेह टाइप-2, हृदय रोग और कैंसर होने के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी. वहीं आपकी पूरी जीवनशैली और आहार ही आपके स्वास्थ्य और मधुमेह टाइप-2 होने के जोखिम के लिहाज से सबसे ज्यादा मायने रखता है.

(द कन्वरसेशन)





#### विस्तार से जानिए... क्या हैं प्रसंस्कृत और लाल मांस खाने के खतरे

मधुमेह टाइप-2 होने का खतरा बढ़ने के सबसे प्रमुख कारणों में 10 वर्ष से अधिक उम्र होना, परिवार के सदस्यों को मधुमेह टाइप 2 होना, दक्षिण एशियाई या अफ्रीकी मूल का होना या अधिक वजन होना और खास तौर पर कमर का माप ज्यादा होना यानी मोटापा शामिल है. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में इस संबंध में किए गए शोध में कुल 31 अध्ययन किए गए जिसमें 20 लाख लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया. प्रतिभागियों पर औसतन दस साल तक नजर रखी गई. इस दौरान यह पाया गया कि लगभग 20 में से एक व्यक्ति को मधुमेह टाइप-2 है. शोध से पता चला है कि प्रतिदिन अतिरिक्त 100 ग्राम लाल मांस खाने से मधुमेह टाइप-2 होने की दस प्रतिशत आशंका रहती है. प्रतिदिन आधी मात्रा में अतिरिक्त प्रसंस्कृत मांस खाने से यह बीमारी होने का खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है. यह पहली बार नहीं है कि प्रसंस्कृत मांस और लाल मांस, दोनों को मधुमेह टाइप-2 से जोड़ा गया है. हालांकि, अध्ययन की सबसे अहम बात यह है कि इस बीमारी से जुड़े कई अन्य कारकों को नियंत्रित करने की कोशिश की गई जिनमें धूम्रपान, अधिक वजन, आहार सेवन और व्यायाम शामिल हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)